राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 259
लखनऊ, शुक्रवार 22 मई, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





लेखपाल भर्ती परीक्षा का डीएम-एसपी ने किया संयुक्त निरीक्षण 10

विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों में ड्रेस कोड अनिवार्य 03


### -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,60,230/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,46,750/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,20,100/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,85,000/किग्रा |



## संक्षिप्त समाचार

### खाई में गिरी कार, दंपति और दो बेटों समेत पांच की मौत

**नैनीताल।** नैनीताल का भवालीगांव बाईपास गुरुवार दोपहर भीषण हादसे से दहल गया। कार खाई में पलटने से पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। मरने वालों में दंपति समेत उनके दो बेटे और कार चालक शामिल हैं। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी योगेश उनियाल ने घटना ने बताया कि हादसे में पांच लोगों मौत हुई है। पुलिस और एसडीआरएफ की ओर से राहत और बचाव कार्य चलाया गया। हादसे में लखनऊ के आलमनगर निवासी 34 वर्षीय कार चालक अनुज कुमार मिश्रा समेत खटीमा के रहने वाले भूपेंद्र सिंह चुफाल (48 ), सीमा कैड़ा चुफाल (45) पत्नी भूपेंद्र सिंह चुफाल, वासु चुफाल (19) पुत्र भूपेंद्र सिंह चुफाल, रवी (12) पुत्र भूपेंद्र सिंह चुफाल की मौत हो गई।

### प्रलोभन देकर धर्मांतरण का प्रयास, दो आरोपी गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ जिले में थाना पट्टी पुलिस ने प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन कराने के प्रयास एवं धमकी देने के आरोप में गुरुवार को दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान संजय कुमार (36) पुत्र मुन्नीलाल तथा फूलचन्द्र वर्मा (53) पुत्र बेनी प्रसाद वर्मा, निवासी ग्राम बरहूपुर, थाना पट्टी, जनपद प्रतापगढ़ के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके कब्जे से एक-एक बाइबिल ग्रंथ तथा ईसु मसीह अंकित एक-एक डायरी बरामद करने का दावा किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार ग्राम बरहूपुर निवासी वादी ने थाना पट्टी में तहरीर देकर आरोप लगाया कि गांव निवासी संजय कुमार एवं फूलचन्द्र वर्मा गांव के कुछ महिला एवं पुरुषों को एकत्रित कर प्रार्थना सभा आयोजित करते थे तथा प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन कराने का प्रयास कर रहे थे। तहरीर में आरोप लगाया गया कि विरोध करने पर दोनों आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। साथ ही गांव के अन्य लोगों को भी धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित करने का आरोप लगाया गया है।

### चॉकलेट के डिब्बों से निकला लाखों का सोना पाउडर

**नई दिल्ली।** दिल्ली इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने रियाद से आए दो यात्रियों के पास से चॉकलेट के पैकेटों में छिपाकर लाया गया 396 ग्राम तस्करी का सोना जब्त किया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, दोनों यात्रियों को स्पॉट प्रोफाइलिंग के आधार पर ग्रीन चौनल पर रोका गया। जांच के दौरान दोनों यात्रियों के सामान को एक्स-रे परीक्षण के लिए भेजा गया। बयान में कहा गया कि स्कैनिंग के दौरान यात्रियों के चॉकलेट के पैकेटों के भीतर संदिग्ध तस्वीरें दिखाई दीं, जिसके बाद सोने का पाउडर छिपाए जाने की आशंका के चलते पैकेट जब्त कर विस्तृत जांच के लिए भेजे गए। सीमा शुल्क विभाग ने बताया कि दोनों यात्रियों के पास से चॉकलेट के भीतर छिपाकर रखा गया 999.9 शुद्धता वाला कुल 396 ग्राम सोना बरामद किया गया।

# लहरों से डरकर नौका पार नहीं होती : योगी

**गोरखपुर, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप देश और देश की सबसे बड़ी आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश में पिछले 11-12 वर्षों में स्पोर्ट्स का शानदार ईको सिस्टम विकसित हुआ है।

योगी ने गुरुवार को गोरखपुर के रामगढ़ताल में रोइंग फेडरेशन आफ इंडिया की तरफ से आयोजित 46वीं जूनियर नेशनल रोइंग चौंपियनशिप के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश और प्रदेश में स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर का तेजी से विकास हुआ है तो खिलाड़ियों के प्रशिक्षण और प्रोत्साहन के लिए सरकार हर कदम तत्परता से खड़ी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्पोर्ट्स के क्षेत्र में विकसित हुए बेहतरीन ईको सिस्टम का ही परिणाम रामगढ़ झील (रामगढ़ताल) भी है। 2017 के पहले जो रामगढ़ताल गंदगी और अपराध का गढ़ था, वहां आज रोइंग की राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के साथ एशियाड की तैयारी के लिए राष्ट्रीय महिला टीम की प्रशिक्षण शिविर का भी आयोजन संभव हुआ है।



**खिलाड़ियों के प्रशिक्षण और प्रोत्साहन के लिए सरकार हर कदम तत्परता से खड़ी**

उन्होंने 20 राज्यों से आए रोइंग खिलाड़ियों की सहभागिता वाली इस प्रतियोगिता के समापन अवसर पर कहा कि 2017 के पहले की स्थिति में जिस रामगढ़ताल की तरफ कोई आना पसंद नहीं करता था, वहां रोइंग की राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं युवाओं के भविष्य को संवारने के काम आ रही हैं। ताल का यही सही उपयोग है जहां से युवा अपने सामर्थ्य को देश और दुनिया के सामने प्रस्तुत कर रहा है।

योगी ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि अपनी ऊर्जा व शक्ति का सही दिशा में सकारात्मक उपयोग कर रहा हो, उस देश का भविष्य उज्ज्वल होता है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी हमेशा सकारात्मक सोच और टीम भावना के साथ कार्य करता है। वह नशा और नकारात्मकता से दूर रहकर, स्व अनुशासन के साथ समाज को सकारात्मक ऊर्जा से जोड़ता है।

योगी ने कहा कि जब वह यहां मुकाबला देख रहे थे तब ताल में खिलाड़ियों के सामने तेज हवाओं को देखकर उनके मन में महान साहित्यकार सोहनलाल द्विवेदी की पंक्तियां याद आ गईं। उन्होंने कहा था, 'लहरों से डरकर नौका पार नहीं होती, कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती।' मुख्यमंत्री ने कहा कि यह जीवन का सच है कि जो डर गया वह मर गया। जो भाग गया उसको समाज, देश और ईश्वर भी कभी माफ नहीं करते हैं। इसीलिए, जीवन का एक ही मंत्र है और वह है 'चरैवेति-चरैवेति' का। यानी चलते रहो, चलते रहो। सम और विषम परिस्थिति का मुकाबला करने के लिए अपने आप को तैयार करते रहो। भारतीय मनीषा ने भी सदैव यही प्रेरणा दी है।

### सीएम योगी ने रामगढ़ताल में की क्रूज की सवारी

जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप के समापन पर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार शाम जनप्रतिनिधियों के साथ नैसर्गिक रामगढ़ताल में लेक क्वीन क्रूज की सवारी की। करीब 25 मिनट तक क्रूज पर सवार होकर मुख्यमंत्री निखरे ताल की लहरों के स्पंदन की आनंदानुभूति करने के साथ गोरखपुर की नई विकसित पहचान को ताल के किनारे उमड़ी भीड़ से महसूस करते रहे। ताल की लहरों पर भ्रमण करने के दौरान सीएम ने इस विशाल प्राकृतिक झील की साफ सफाई का भी जायजा लिया।



# राजनाथ ने दक्षिण कोरिया में भारतीय युद्ध स्मारक का किया उद्घाटन

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और दक्षिण कोरिया के पूर्व सैनिक मामलों के मंत्री क्वोन ओह-यूल ने गुरुवार को सियोल स्थित इमजिंगाक पार्क में भारतीय युद्ध स्मारक का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। श्री सिंह दो दिन की दक्षिण कोरिया की यात्रा पर हैं।

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि कोरियाई युद्ध की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित स्मृति कार्यक्रमों के अंतर्गत निर्मित यह स्मारक भारतीय सेना की 60 पैरा फील्ड एम्बुलेंस और कस्टोडियन फोर्स ऑफ इंडिया द्वारा युद्ध के दौरान प्रदर्शित साहस, बलिदान और मानवीय सेवा को समर्पित है।

दोनों मंत्रियों ने स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित किया और उन वीर भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि दी, जिनकी सेवा को कोरिया की जनता आज भी बहुत सम्मान और कृतज्ञता के साथ याद करती है। रक्षा मंत्री ने कोरियाई



प्रायद्वीप में शांति और मानवीय सहायता के लिए भारत के योगदान की स्थायी विरासत का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों का साझा इतिहास और बलिदान भारत-कोरिया गणराज्य विशेष सामरिक साझेदारी की मजबूत नींव बने हुए हैं। श्री सिंह ने कहा कि भारतीय सैनिकों की भूमिका का स्मरण लोगों के बीच आपसी समझ को सुदृढ़ करता है और दोनों देशों के ऐतिहासिक संबंधों की ओर नए सिरे से ध्यान आकर्षित करता है।

भारत की ओर से उन्होंने कोरिया सरकार, विशेष रूप से पूर्व सैनिक मामलों के मंत्रालय, द्वारा स्मारक की स्थापना में दिए गए सहयोग और समर्थन के लिए सराहना व्यक्त की।

# भारत लौटे पीएम मोदी, 5 देशों की ऐतिहासिक यात्रा में निवेश को बढ़ावा

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पांच देशों की यात्रा के बाद बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी लौटे। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी यात्रा के दौरान ऊर्जा, रक्षा और महत्वपूर्ण खनिजों संबंधी कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए।

प्रधानमंत्री ने 15 मई को जिन पांच देशों के लिए अपनी यात्रा शुरू की थी उनमें संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), नीदरलैंड, स्वीडन, नॉर्वे और इटली शामिल थे। इस दौरान भारत और यूएई ने पेट्रोलियम भंडार, दीर्घकालिक एलपीजी आपूर्ति, रक्षा और जहाजरानी से संबंधित कई महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए, जिसमें अबू धाबी द्वारा भारत में कुल पांच अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश का वादा भी शामिल है।

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच प्रधानमंत्री मोदी ने यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ उच्च स्तरीय वार्ता की। यूएई के बाद प्रधानमंत्री ने नीदरलैंड की यात्रा की, जहां उन्होंने रक्षा, महत्वपूर्ण खनिजों और अन्य प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए 17 समझौतों पर हस्ताक्षर किए।



**ऊर्जा, रक्षा और पर्यावरण पर हुए कई बड़े समझौते**

प्रधानमंत्री मोदी और उनके स्वीडन के समकक्ष उल्फ क्रिस्टर्सन के बीच हुई बैठक में व्यापार, प्रौद्योगिकी, रक्षा और अन्य प्रमुख क्षेत्रों पर वार्ता हुई। दोनों देशों ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता, महत्वपूर्ण खनिजों, नवाचार, व्यापार और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को शामिल करते हुए महत्वाकांक्षी रूपरेखा प्रस्तुत की। ओस्लो में प्रधानमंत्री मोदी ने आइसलैंड, फिनलैंड और डेनमार्क के अपने समकक्षों के साथ अलग-अलग बैठकों में स्वच्छ ऊर्जा, व्यापार, सतत विकास और डिजिटलीकरण जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री ने तीसरे भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन के इतर कुछ बैठकें कीं, जिसमें उन्होंने आइसलैंड की प्रधानमंत्री क्रिस्ट्रन फ्रॉस्टडॉटिर, फिनलैंड के प्रधानमंत्री पेटेरी ओर्पो और डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन के साथ बातचीत की। भारत और नॉर्वे ने अपनी हरित रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत किया है। दोनों नेताओं ने स्वच्छ ऊर्जा, जलवायु परिवर्तन से निपटने की क्षमता, नीली अर्थव्यवस्था, हरित परिवहन, डिजिटल प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष और आर्कटिक अनुसंधान जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के बारे में बात की। नीली अर्थव्यवस्था से तात्पर्य समुद्री और तटीय संसाधनों का इस प्रकार सतत उपयोग करना है, जिससे पर्यावरण को कोई नुकसान न पहुंचे और आर्थिक विकास, रोजगार सृजन तथा बेहतर आजीविका के अवसर प्राप्त हो सकें।

प्रधानमंत्री अपनी यात्रा के अंतिम चरण में इटली पहुंचे, जहां उन्होंने इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी से बातचीत की। दोनों नेताओं की बातचीत का उद्देश्य दोनों देशों के बीच संबंध को एक विशेष रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक पहुंचाना था। प्रधानमंत्री मोदी को स्वीडन के प्रतिष्ठित सर्वोच्च सम्मान रॉयल ऑर्डर ऑफ पोलर स्टार, डिग्री कमांडर ग्रैंड क्रॉस और नॉर्वे के सर्वोच्च नागरिक सम्मान ग्रैंड क्रॉस ऑफ द रॉयल नॉर्वेजियन ऑर्डर ऑफ मेरिट से सम्मानित किया गया। इसके अलावा, रोम में खाद्य सुरक्षा, सतत कृषि और ग्रामीण विकास में प्रधानमंत्री मोदी के योगदान को मान्यता देते हुए संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) ने उन्हें प्रतिष्ठित एफएओ एग्रीकोला पदक से सम्मानित किया।

# इबोला वायरस को लेकर भारत सरकार का अलर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने वैश्विक स्तर पर बढ़ रहे इबोला वायरस के खतरे को देखते हुए देश के सभी बंदरगाहों, हवाई अड्डों और एंट्री पॉइंट्स पर सख्त हेल्थ एडवाइजरी जारी की है। यह कदम विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लयूएचओ) द्वारा पिछले हफ्ते इबोला प्रकोप को वैश्विक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किए जाने के बाद एहतियात के तौर पर उठाया गया है।

एडवाइजरी के अनुसार, अत्यधिक जोखिम वाले देशों से आने या वहां से होकर गुजरने करने वाले यात्रियों की सघन निगरानी की जाएगी। उनमें कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य, युगांडा और दक्षिण सूडान जैसे देश शामिल हूं। इन देशों से आने वाले किसी भी यात्री में यदि बीमारी के लक्षण दिखते हैं तो उन्हें इमिग्रेशन चेक से पहले एयरपोर्ट के हेल्थ ऑफिसर या हेल्प डेस्क को इसकी सूचना देनी होगी। यदि कोई यात्री इबोला के किसी



**एडवाइजरी जारी, एयरपोर्ट्स पर स्क्रीनिंग तेज**

संदिग्ध या पुष्ट मरीज के खून या शारीरिक तरल पदार्के सीधे संपर्क में आया है, तो उसे भी अनिवार्य रूप से स्वास्थ्य अधिकारियों को रिपोर्ट करना होगा। स्वास्थ्य मंत्रालय ने अपील करते हुए कहा, यात्रियों की सुरक्षा और अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य नियमों को ध्यान में रखते हुए कृपया हेल्थ स्क्रीनिंग और सार्वजनिक स्वास्थ्य उपायों में सहयोग करें। यह व्यवस्था काफी हद तक कोविड-19 महामारी के दौर की याद दिलाती है। खतरे को भांपते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने बुधवार को राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की। इस बैठक में राज्यों को सभी मोर्चों पर तैयार रहने के निर्देश दिए गए हैं। एसओपी के मुताबिक, केंद्र ने राज्यों के साथ विस्तृत जानकारी साझा की है, जिसमें आगमन से पहले और बाद की स्क्रीनिंग, क्वारंटाइन प्रोटोकॉल, केस मैनेजमेंट, रेफरल सिस्टम और लैब टेस्टिंग की प्रक्रिया शामिल है।

### वर्तमान में भारत में इबोला का एक भी मामला नहीं आया सामने

राहत की बात यह है कि वर्तमान में भारत में इबोला का एक भी मामला सामने नहीं आया है। यह एडवाइजरी पूरी तरह से एहतियाती तौर पर जारी की गई है। हाल ही में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लयूएचओ) के वरिष्ठ अधिकारियों ने इस बात पर चिंता जताई थी कि यह वायरस बेहद तेजी से फैल रहा है, जिसके बाद ही इसे अंतर्राष्ट्रीय चिंता का सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया गया।

# राष्ट्रीय डोपिंग रोधी कानून में संशोधन प्रस्ताव

**सप्लायर्स को पांच साल जेल का सुझाव : मांडविया**

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रतिबंधित पदार्थों की आपूर्ति और वितरण को अपराध की श्रेणी में लाने के लिये राष्ट्रीय डोपिंग रोधी कानून में बदलाव किया जायेगा और ऐसे पदार्थों की खिलाड़ियों को आपूर्ति करने वालों को पांच साल तक जेल का सुझाव रखा गया है। संशोधन के अनुसार, खिलाड़ी को डोपिंग के उद्देश्य से या उसके संबंध में कोई प्रतिबंधित पदार्थ देता है तो उसे पांच साल तक कारावास या दो लाख रुपये तक जुर्माना या दोनों की सजा हो सकती है।



मांडविया ने कहा कि यह संशोधित विधेयक संसद के अगले सत्र में लाया जायेगा। उन्होंने यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा, डोपिंग अब सिर्फ खेलों से जुड़ा एक उल्लंघन नहीं है बल्कि यह खिलाड़ियों का शोषण करने वाला एक संगठित इकोसिस्टम बन चुका है। सरकार का उद्देश्य खिलाड़ियों की सुरक्षा करना और डोपिंग से लाभ कमाने वाले आपराधिक नेटवर्क को समाप्त करना है।

### पाकिस्तान में ढेर हुआ पुलवामा हमले का कथित मास्टरमाइंड हमजा बुरहान

**एजेंसी, मुजफ्फराबाद।** पाकिस्तान से एक बड़ी खबर सामने आई है। पुलवामा आतंकी हमले से जुड़ा आतंकी हमजा बुरहान की मुजफ्फराबाद में गोली मारकर हत्या कर दी गई। सूत्रों के मुताबिक, अज्ञात हमलावरों ने उसके ऑफिस में घुसकर फायरिंग की, जिसमें उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि हमजा बुरहान लंबे समय से पीओके में सक्रिय था और खुद को एक शिक्षक बताता था। हालांकि सुरक्षा एजेंसियों के रिकॉर्ड में उसका नाम आतंक से जुड़े नेटवर्क और घुसपैठ गतिविधियों में सामने आता रहा है। जानकारी के अनुसार, घटना उस समय हुई जब हमजा अपने ऑफिस में मौजूद था। तभी कुछ अज्ञात लोग वहां पहुंचे और उस पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं।



# लखनऊ महापौर के सभी अधिकार छिने

### पांच महीने से सपा पार्षद को नहीं दिलाई थी शपथ, हाईकोर्ट ने दिया आदेश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी के पार्षद को शपथ नहीं दिलाने पर हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने सख्त रुख अपनाया है। हाईकोर्ट ने गुरुवार को लखनऊ की भाजपा मेयर सुषमा खर्कवाल के सभी वित्तीय और प्रशासनिक अधिकार फ्रीज कर दिए। इसके बाद अब मेयर न तो अपने फंड से कोई खर्च कर सकती हैं और न ही किसी कर्मचारी पर कोई कार्रवाई कर सकती हैं।

जस्टिस आलोक माथुर और जस्टिस कमर हसन रिजवी की पीठ ने आज साफ कहा कि जब तक सपा पार्षद को शपथ नहीं दिलाई जाती, तब तक मेयर के वित्तीय और प्रशासनिक अधिकार फ्रीज रहेंगे। उनका सारा काम डीएम और नगर आयुक्त देखेंगे। मामला लखनऊ के वार्ड संख्या-73 (फैजुल्लागंज) का है। सेशन कोर्ट ने 19 दिसंबर, 2025 को समाजवादी पार्टी के ललित किशोर तिवारी को पार्षद पद पर निर्वाचित घोषित किया था।



भाजपा प्रत्याशी प्रदीप कुमार शुक्ला का निर्वाचन रद्द कर दिया था। इसके 5 महीने बीतने के बाद भी अब तक उन्हें शपथ नहीं दिलाई गई। लखनऊ नगरीय निकाय चुनाव-2023 के दौरान भाजपा प्रत्याशी प्रदीप कुमार शुक्ला उर्फ टिंकू शुक्ला और सपा प्रत्याशी ललित तिवारी के बीच सीधा मुकाबला हुआ था। मतगणना में प्रदीप कुमार शुक्ला को 4,972 और ललित तिवारी को 3,298 वोट मिले थे। इस आधार पर प्रदीप कुमार शुक्ला को निर्वाचित घोषित कर दिया गया था। इसके बाद सपा प्रत्याशी ललित तिवारी ने 13 मई, 2023 को अपर जिला जज कोर्ट में याचिका दाखिल कर दी थी।

### पश्चिम बंगाल के सभी मदरसों में वंदे मातरम अनिवार्य

**एजेंसी, कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकार ने राज्य के सभी मदरसों में प्रार्थना सभा के दौरान वंदे मातरम का गायन तत्काल प्रभाव से अनिवार्य कर दिया है। इस संबंध में एक आधिकारिक आदेश जारी किया गया है। मदरसा शिक्षा निदेशालय द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि यह निर्देश सरकार के मॉडल मदरसों, सरकारी सहायता प्राप्त मदरसों, अनुमोदित शिशु शिक्षा केंद्रों, माध्यमिक शिक्षा केंद्रों तथा अल्पसंख्यक मामलों एवं मदरसा शिक्षा विभाग के तहत आने वाले मान्यता प्राप्त गैर-सहायता प्राप्त मदरसों पर भी लागू होगा। अधिसूचना में कहा गया है, कक्षाओं की शुरुआत से पहले प्रार्थना सभा के दौरान वंदे मातरम का गायन अनिवार्य किया जाता है। विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि यह निर्णय सभी संस्थानों में प्रार्थना सभा की प्रक्रियाओं में एकरूपता लाने के उद्देश्य से लिया गया है।

# उत्तर प्रदेश में नौ आईपीएस अफसरों के ट्रांसफर

**अनुपम कुलश्रेष्ठ कानपुर जोन की नई एडीजी बनीं**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश सरकार ने गुरुवार को 9 आईपीएस अफसरों के तबादले कर दिए। कानपुर जोन के एडीजी रहे आलोक सिंह को प्रमोशन के बाद पीएसी में डीजी के पद पर तैनाती दी गई है। उनकी जगह आगरा की एडीजी जोन अनुपम कुलश्रेष्ठ को कानपुर जोन का एडीजी बनाया गया है।

वहीं, एडीजी क्राइम एसके भगत को आगरा का नया एडीजी जोन बनाया गया है। एडीजी ट्रैफिक ए. सतीश गणेश को यातायात निदेशालय के साथ एडीजी क्राइम के पद पर तैनाती दी गई है। नए तबादलों में सरकार के पास वरिष्ठ अफसरों में भरोसेमंद अफसरों की कमी साफ दिख रही है। सरकार ने कई अफसरों को अतिरिक्त जिम्मेदारी दी है। आलोक सिंह को पीएसी के साथ विशेष सुरक्षा की जिम्मेदारी दी गई है। विनोद कुमार सिंह, जिनके पास पहले से सीआईडी और साइबर क्राइम की जिम्मेदारी थी, उन्हें अब यूपी 112 की भी जिम्मेदारी दी गई है। डीके ठाकुर, जिनके पास नागरिक सुरक्षा की जिम्मेदारी थी, उन्हें डीजी होमगार्ड बनाकर नागरिक सुरक्षा की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है।




इसी तरह सतीश गणेश को यातायात के साथ एडीजी क्राइम बनाया गया है। डीजी पावर कॉर्पोरेशन जय नारायण सिंह को ईओडब्ल्यू और आरके स्वर्णकार को पीएसी से पावर कॉर्पोरेशन का डीजी बनाया गया है। आईजी अभियोजन गीता सिंह को प्रशिक्षण निदेशालय में नई जिम्मेदारी बतौर आईजी दी गई है। आलोक सिंह को 1 मई, 2026 को उन्हें डीजी रैंक में प्रमोशन मिला था। आलोक सिंह लखनऊ में किसी ऐसी जगह पोस्टिंग चाह रहे थे, जिससे मुख्यमंत्री को रिपोर्ट कर सकें। सूत्रों का कहना है कि वे चाहते थे कि इंटेलिजेंस में उन्हें पोस्टिंग मिले। लेकिन, सरकार ने उन्हें पीएसी में तैनाती दे दी। मेरठ जोन से हटने के बाद अभी तक डीके ठाकुर को कोई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी नहीं दी गई थी। उन्हें पहले एसएसएफ का एडीजी बनाया गया। वहीं पर उनका प्रमोशन हुआ, तो डीजी बना दिया गया। बाद में नागरिक सुरक्षा का डीजी बनाते हुए उन्हें एसएसएफ की अतिरिक्त जिम्मेदारी दे दी गई। अब उन्हें होमगार्ड विभाग का डीजी बनाते हुए नागरिक सुरक्षा की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है। बीके सिंह को सरकार का करीबी माना जाता है। साइबर क्राइम में रहते हुए उनका प्रमोशन डीजी रैंक में हुआ था। इसके बाद उन्हें सीआईडी का डीजी बनाया गया और साइबर क्राइम का अतिरिक्त जिम्मा सौंपा गया। नीरा रावत के रिटायरमेंट के बाद खाली हुए 112 की जिम्मेदारी भी अब उन्हीं को दे दी गई है। आरके स्वर्णकार मुख्यमंत्री की नाराजगी के बाद कानपुर पुलिस कमिश्नर के पद से हटाए गए थे। इन्हें पीटीसी सीतापुर भेजा गया था। बाद में इनकी पोस्टिंग पीएसी में हो गई थी। अब उन्हें पीएसी से हटाकर पावर कॉर्पोरेशन भेज दिया गया है। अनुपम कुलश्रेष्ठ आगरा में बीते 3 साल से तैनात थीं। अब उन्हें कानपुर जोन का एडीजी बनाया गया है। अनुपम कुलश्रेष्ठ लंबे समय तक केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर रह चुकी हैं।

**आफत** | प्रचंड गर्मी और ताप लहरी से राहत मिलने के फिलहाल कोई आसार नहीं

# मौसम की 'अग्नि' परीक्षा अभी रहेगी जारी, पूरब में तीन दिन का रेड अलर्ट

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

प्रचंड गर्मी और ताप लहरी का सामना कर रहे उत्तर प्रदेश के लोगों को राहत मिलने के फिलहाल कोई आसार नहीं है। मौसम विभाग के अनुसार पूरे प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी रहेगा।

पूर्वांचल के लिये मौसम विभाग ने गुरुवार को विशेष तौर पर रेड अलर्ट जारी कर लोगों को स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहने और सुबह 11 बजे से शाम पांच तक जरुरी काम से ही घर या दफ्तर से बाहर निकलने की सलाह दी है। गर्मी के तल्ख तेवरों ने सामान्य जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। गर्मी से पशु पक्षी भी बेहाल हैं। दिन चढ़ने के साथ पक्षी पेड़ की घनी शाखाओं में दुबक रहे हैं वहीं सड़कों पर सुबह से शाम तक पसरा सन्नाटा गर्मी के प्रचंड रुप की तस्कीद कर रहा है। लू से बचने के लिये लोग घर से बाहर निकलते ही गीले गमछे और तौलिये का इस्तेमाल कर रहे है। इसके अलावा ठंडे शीतल पेय जैसे लस्सी, छाछ,आम का पना,बेल का शरबत,गन्ने का रस और कई प्रकार के कोल्ड ड्रिंक्स की मांग तेजी से बढ़ी है। हर सौ कदम पर लोगों को इन पेय पदार्थो की जरुरत महसूस हो रही है।

प्राणि उद्यान और अन्य संरक्षित वन्यजीव क्षेत्रों में जानवरों को गर्मी से बचाने के विभिन्न उपाय किये जा रहे हैं। कहीं कूलर तो कहीं पानी की बौछार कर वन्य जीवों को राहत प्रदान की जा रही है। गर्मी के प्रकोप को देखते हुये कई जिलों में नगर निकायों ने सड़कों पर पानी की बौछार करने, पेयजल की टंकियों को ट्रैक्टर ट्राली भेजने के प्रबंध किये हैं। नोएडा, गाजियाबाद, लखनऊ समेत कई इलाको में प्रतिष्ठित कंपनियों ने अपने कर्मचारियों को वर्क फाम होम की इजाजत दी है।



गर्मी के कारण विद्युत मांग में करीब डेढ़ गुने का इजाफा होने से बिजली विभाग हतप्रभ है। एयर कंडीशनर के बेतहाशा इस्तेमाल ने इस समस्या को और विकराल बना दिया है। ट्रांसफार्मरों की ओवर हीटिंग से बचाने के लिये अधिसंख्य इलाकों में सुबह से शाम तक अघोषित विद्युत कटौती की जा रही है। मौसम विभाग ने समूचे उत्तर प्रदेश में रात में भी तापमान बढ़ने और लू चलने के आसार व्यक्त किये गये है।

बुधवार को बांदा लगातार चौथे दिन देश का सबसे गर्म जिला रहा जहां अधिकतम तापमान 48 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। प्रदेश के अधिसंख्य जिलों में पारा आमतौर पर सामान्य से चार डिग्री अधिक दर्ज किया गया। प्रयागराज में अधिकतम तापमान 46.4, हमीरपुर में 46.2 डिग्री, झांसी 45.9 डिग्री, आगरा में 45.3 डिग्री और उरई में 45.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इसके अलावा राजधानी लखनऊ 43.2 डिग्री तापमान में तपी जबकि कानपुर में दिन का तापमान 44.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। मौसम के तल्ख तेवरों को देखते हुये राज्य के अधिसंख्य इलाकों में कक्षा 12 तक की कक्षायें स्थगित कर दी गयी है। मौसम विभाग द्वारा बुधवार को जारी पूर्वानुमान के अनुसार अगले पांच दिनों तक भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी रहने की संभावना है।

# अफवाह फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई : डीएम

- ईद-उल-जुहा (बकरीद) त्यौहार को लेकर डीएम व एसपी ने की सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक



गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

आगामी आयोजित होने वाले ईद-उल-जुहा (बकरीद) त्यौहार को लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी है। जहां लोग त्योहार को लेकर उत्साहित हैं। वहीं पुलिस और प्रशासन ने भी कमर कस ली है। इसी के तहत त्योहार पर शांति व्यवस्था व आपसी सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य बृहस्पतिवार को जिला पंचायत सभागार में सेंट्रल पीस कमेटी की मीटिंग की गई। बैठक जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल, अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी एवं पूर्वी तथा समस्त उपजिलाधिकारीगण एवं पुलिस क्षेत्राधिकारीगण व सभी थानाध्यक्षगण, सभी धर्मों के धर्मगुरू और सम्भ्रांत नागरिकगण मौजूद रहे।

जिलाधिकारी ने बैठक में मौजूद सभी धर्मगुरुओं और संभ्रांत नागरिकों के साथ संवाद करते हुए उन्हें आगामी ईद-उल-जुहा (बकरीद) त्यौहार को शांति पूर्वक मनाने और किसी भी व्यक्ति की धार्मिक भावनाओं को ठेस न पहुंचाने के बारे में समझाया गया। पुलिस अधिकारियों द्वारा बताया गया कि यदि कोई भी व्यक्ति धार्मिक भावनाएं भड़काने या दुष्प्रचार करने का प्रयास करेगा तो उसके विरुद्ध कड़ी से कड़ी वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। सभी लोगों से अपील करते हुए उन्हें समझाया गया कि वह किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। साथ ही किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत पुलिस एवं प्रशासन को सूचना दें। जिससे शांति व्यवस्था बनी रहे और सभी लोग त्योहार को शांति पूर्व ढंग से मना सके।

इसके अलावा उन्होंने कहा कि युवा या अन्य कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया पर इस प्रकार की पोस्ट ना करें जिससे कि आपसी माहौल बिगड़े।

बैठक में अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, अपर पुलिस, समस्त उप जिलाधिकारीगण, समस्त पुलिस क्षेत्राधिकारीगण, समस्त थानाध्यक्षगण, सभी धर्मों के धर्मगुरु सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# उर्वरकों के संतुलित प्रयोग पर किसान गोष्ठी आयोजित

मनकापुर/ गोंडा, समृद्धि न्यूज।

नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड द्वारा आज दिनांक 21 मई 2026 को ग्राम भोपतपुर विकासखंड छपिया जनपद गोंडा में खाद एवं उर्वरकों के संतुलित प्रयोग पर आयोजित किसान गोष्ठी संपन्न हुई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. रामलखन सिंह वरिष्ठ वैज्ञानिक शस्य विज्ञान ने मृदा नमूना परीक्षण एवं उर्वरकों के संतुलित प्रयोग की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस समय खाली खेतों से मृदा नमूना लेकर मिट्टी की जांच करायें। मृदा नमूना जांच की सिफारिश के अनुसार खाद एवं रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग करें। उन्होंने हरी खाद की खेती, धान पौधशाला प्रबंधन, फसल अवशेष प्रबंधन आदि की जानकारी दी। राजेश द्विवेदी क्षेत्रीय प्रबंधक नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड ने मृदा नमूना परीक्षण, जल विलेय उर्वरकों एवं जैव उर्वरकों के प्रयोग पर बल दिया। उन्होंने बताया कि जैव उर्वरकों के प्रयोग से फसल की पैदावार में वृद्धि होती है। अनिरुद्ध प्रिय जिला प्रभारी नेशनल फर्टिलाइजर लिमिटेड ने कंपनी के उत्पादों बेंटोनाइट सल्फर, सिटी कंपोस्ट,एनपीके ग्रेड मिक्सचर एवं कृषि रक्षा रसायनों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कम्पनी के उत्पादों की गुणवत्ता अच्छी है। कृषकों द्वारा प्रयोग करने पर भरपूर पैदावार मिलती है। कार्यक्रम में घनश्याम गुप्ता गुप्ता खाद भंडार बभनान, अनिल कुमार वर्मा एग्री जंक्शन भोपतपुर सहित प्रगतिशील कृषकों नंदलाल भारती, रामचंद्र वर्मा, सियाराम यादव आदि ने प्रतिभाग कर खेती की तकनीकी जानकारी प्राप्त की।



## मगरमच्छ ने ली युवक की जान, 24 घंटे बाद मिला शव



गोंडा-कर्नलगंज, समृद्धि न्यूज। सरयू नदी में मगरमच्छ के युवक को खींच ले जाने की घटना का दर्दनाक अंत हुआ है। 24 घंटे बाद युवक दीपक वर्मा का शव घटना स्थल से करीब 8 किलोमीटर दूर अइली मांझा में बरामद हुआ। मृतक दीपक गाजियाबाद का रहने वाला था। वह अपनी सास के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए यहां आया था। नदी किनारे नहाते समय मगरमच्छ ने उसे जबड़े में दबोच लिया और गहरे पानी में खींच ले गया। मगरमच्छ दीपक को अपना निवाला तो नहीं बना पाया, लेकिन पानी में डुबोकर उसकी जान ले ली। 24 घंटे की तलाश के बाद गोताखोरों ने शव को अइली मांझा के पास से बरामद किया। शव मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद से इलाके में दहशत का माहौल है।

## खबरें एक नजर में

### अज्ञात युवक का मिला शव, पहचान के लिए पुलिस ने जारी किया इश्तेहार

गोण्डा, समृद्धि न्यूज। कोतवाली करनैलगंज क्षेत्र के ग्राम भंभुआ में बुधवार शाम एक अज्ञात युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पहचान कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा जारी इश्तेहार के अनुसार 20/05/2026 को शाम करीब 7 बजे ग्राम भंभुआ में बृजेश सिंह पुत्र राम सुंदर सिंह के घर के पास एक अज्ञात युवक का शव पड़ा मिला। प्रथम दृष्टया शव की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को आगामी 72 घंटे तक पहचान हेतु मॉर्चरी हाउस गोण्डा में सुरक्षित रखवाया है। मृतक की उम्र लगभग 25 से 30 वर्ष बताई जा रही है। युवक की लंबाई करीब 5.5 फीट तथा शरीर इकहरा बताया गया है। शव काफी समय तक पड़े रहने के कारण चेहरा स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। मृतक ने नीले-काले रंग की चेक शर्ट तथा गहरे नीले रंग का लोअर पहन रखा है, जिस पर S का निशान बना हुआ है। पुलिस के अनुसार शव गोण्डा-लखनऊ राजमार्ग किनारे ग्राम भंभुआ में मिला है। मामले की सूचना क्षेत्र में फैलते ही लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस आसपास के थानों और सोशल मीडिया के माध्यम से भी पहचान कराने का प्रयास कर रही है। कोतवाली करनैलगंज पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति को युवक के संबंध में कोई जानकारी हो तो तत्काल पुलिस को सूचित करें।

### आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की सेक्टर बैठक का आयोजन

पोषण संबंधी कार्यक्रमों एवं समुदाय आधारित गतिविधियों की समीक्षा



बहराइच, समृद्धि न्यूज़। हुजूरपुर ब्लॉक में सीखो खेलो बढ़ो परियोजना के अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की सेक्टर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता बाल विकास परियोजना अधिकारी हुजूरपुर विमल कुमार सिंह द्वारा की गई। बैठक में संबंधित मुख्य सेविकाएँ, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियाँ एवं सेसमी वर्कशॉप इंडिया ट्रस्ट के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे बैठक का मुख्य उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों पर संचालित शाला पूर्व शिक्षा गतिविधियों, पोषण संबंधी कार्यक्रमों एवं समुदाय आधारित गतिविधियों की समीक्षा करते हुए आगामी कार्ययोजना तैयार करना था बैठक के दौरान एक-दूसरे से सीखने और सिखाने की प्रक्रिया को मजबूत करने हेतु सेसमी वर्कशॉप इंडिया द्वारा पीयर लीडर मॉड्यूल के माध्यम से आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा गतिविधि प्रदर्शन सत्र आयोजित किए गए। इस दौरान भाषा ज्ञान, संख्या ज्ञान, कहानी आधारित गतिविधियों तथा सहायक शिक्षण सामग्री के प्रभावी उपयोग पर चर्चा एवं अभ्यास कराया गया। कार्यकत्रियों को केंद्र स्तर पर बच्चों के साथ खेल-आधारित एवं सहभागितापूर्ण गतिविधियाँ संचालित करने हेतु प्रेरित किया गया। ग्रीष्मकालीन अवकाश को ध्यान में रखते हुए बच्चों की सीखने की निरंतरता बनाए रखने के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार की गई। इसके अंतर्गत गृह भ्रमण, अभिभावक बैठक एवं गतिविधियों के प्रदर्शन के माध्यम से अभिभावकों को घर पर बच्चों के साथ शाला पूर्व शिक्षा संबंधी गतिविधियाँ कराने हेतु प्रेरित करने पर जोर दिया गया, ताकि अवकाश अवधि में भी बच्चों की सीखने की प्रक्रिया जारी रह सके। साथ ही अभिभावकों को अत्यधिक गर्मी को देखते हुए बच्चों के स्वास्थ्य, पर्याप्त पानी पीने, स्वच्छता बनाए रखने, हाथ धोने की आदतों तथा बच्चों को सुरक्षित एवं स्वस्थ रखने के प्रति भी जागरूक करने पर विशेष बल दिया गया। बैठक में विभागीय कार्यों की भी समीक्षा की गई। इस दौरान पोषण ट्रैकर पर लाभार्थियों का डेटा अद्यतन करने, एफआरएस के माध्यम से टेक होम राशन वितरण सुनिश्चित करने तथा अन्य विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए ।बैठक के दौरान बाल विकास परियोजना अधिकारी द्वारा सभी कार्यकत्रियों को नियमित मॉनिटरिंग, समुदाय से बेहतर समन्वय तथा गुणवत्तापूर्ण शाला पूर्व शिक्षा गतिविधियों के संचालन हेतु प्रेरित किया गया।

### एडीएम ने लू एवं भीषण गर्मी से बचाव के लिए किए गए इंतजामों का किया औचक निरीक्षण



बलरामपुर, समृद्धि न्यूज। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सुश्री ज्योति राय ने लू एवं भीषण गर्मी से जनसामान्य को बचाने के लिए प्रमुख स्थलों पर किए गये इंतजामों का औचक निरीक्षण कर हकीकत देखी और जरूरी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एआरएम रोडवेज गोपीनाथ दीक्षित, ईओ नगर पालिका लाल चन्द्र मोर्य और आपदा विशेषज्ञ अरूण सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने जनमानस से अपील करते हुए कहा कि बहुत आवश्यक हो तभी घर से निकलें। आपात स्थिति से निपटने के लिए प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण लें। बच्चों तथा पालतू जानवरों को कभी भी बन्द वाहन में अकेला न छोड़ें। जहां तक सम्भव हो घर में ही रहें तथा सूर्य के ताप से बचें। सूर्य के ताप से बचने के लिए जहां तक संभव हो घर की निचली मंजिल पर रहें। संतुलित, हल्का व नियमित भोजन करें। मादक पेय पदार्थों का सेवन न करें। घर से बाहर अपने शरीर व सिर को कपड़े या टोपी से ढककर रखें।



### विधायक ने किया पंचायत भवन का लोकार्पण

तुलसीपुर, बलरामपुर, समृद्धि न्यूज। आज विकास खण्ड हरैया सतघरवा के ग्राम पंचायत बेलवा में आधुनिक सभी आवश्यक सुविधाओं से सुसज्जित नव निर्मित पंचायत भवन का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी यन के पाण्डेय, पूर्व प्रमुख विजय यादव, कृष्ण पाल सिंह, ग्राम पंचायत अधिकारी संतोष गुप्ता ग्राम प्रधान कमलेश कुमार आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्राम पंचायत इस उत्तम पंचायत भवन के लिए धन्यवाद की पात्र है। गांव वासियों को भी इस भवन के रख रखाव में सहयोग करना चाहिए।

# सांसद डॉ. आनन्द ने किया आठ करोड़ से अधिक लागत की 69 परियोजनाओं का लोकार्पण

- ग्रामीण व शहरी कनेक्टिविटी को मजबूत करना उद्देश्य

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन में आयोजित समारोह के दौरान सांसद बहराइच डॉ. आनन्द कुमार गोंड द्वारा संसद सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 अन्तर्गत रु. 4,00,91,988=00 (रु. चार करोड़ इक्यान्नबे हज़ार नौ सौ अटठासी) लागत की 33 तथा वित्तीय वर्ष 2025-26 अन्तर्गत रु. 3,99,22,040=00 (रु. तीन करोड़ निन्यान्नबे लाख बाईस हज़ार चालीस) लागत की 36 कुल रु. 8,00,14,028=00 (रु. आठ करोड़ चौदह हज़ार अटठाईस) लागत की 69 परियोजनाओं का लोकार्पण किया गया। कार्यदायी संस्था उ.प्र. लघु उद्योग निगम लि. (यूपीएसआईसी) निर्माण खंड-4, बहराइच द्वारा पूर्ण की गई 69 परियोजनाओं से ग्रामीण व शहरी कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से इंटरलॉकिंग, सी.सी. रोड, सोलिंग, पुल/पुलिया तथा नाली निर्माण जैसे बुनियादी ढांचे के कार्य सम्मलित हैं। लोकार्पण कार्यक्रम में अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद बहराइच के प्रतिनिधि पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा श्यामकरन टेकड़ीवाल, जिला महामंत्री भाजपा रणविजय सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता, जिला विकास अधिकारी राजकुमार, परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण मनीष कुमार, कार्यदायी संस्था के सहायक अभियंता इं. चंद्र प्रकाश त्रिवेदी, अवर अभियंता उबैद उल्ला एवं अन्य अधिकारी व संभ्रांतजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सहायक अभियंता इं. चंद्र प्रकाश त्रिवेदी द्वारा किया गया।




विश्व प्री-एक्लेम्पसिया दिवस पर विशेषज्ञों ने दी नियमित जांच की सलाह

# समय पर पहचान से सुरक्षित हो सकते हैं जच्चा-बच्चा

राहुल सोनी

बहराइच, समृद्धि न्यूज। गर्भावस्था के दौरान होने वाला तेज सिरदर्द, धुंधला दिखाई देना, हाथ-पैरों में सूजन या अचानक बढ़ा रक्तचाप कई बार सामान्य परेशानी समझ लिया जाता है। लेकिन स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार ये लक्षण ÷प्री-एक्लेम्पसिया÷ जैसी गंभीर स्थिति के संकेत हो सकते हैं। कई मामलों में यह समस्या बिना किसी स्पष्ट लक्षण के भी खामोशी से विकसित होती रहती है और समय पर पहचान व उपचार न मिलने पर मां और गर्भस्थ शिशु दोनों के लिए जानलेवा साबित हो सकती है। विश्व प्री-एक्लेम्पसिया दिवस के अवसर पर सीएमओ डॉ संजय कुमार ने गर्भवती महिलाओं से नियमित प्रसव पूर्व जांच कराने और किसी भी असामान्य लक्षण को नजरअंदाज न करने की अपील की है। एसीएमओ डॉ संतोष राना के अनुसार, गर्भावस्था के 20 सप्ताह बाद यदि किसी महिला का रक्तचाप बढ़ जाए और यूरिन में प्रोटीन आने लगे, तो यह प्री-एक्लेम्पसिया का संकेत माना जाता है। कई बार यह समस्या बिना किसी स्पष्ट लक्षण के भी विकसित हो सकती है। यदि समय पर उपचार न मिले तो यह एक्लेम्पसिया में बदल सकती है, जिसमें गर्भवती महिला को प्रसव दौरान झटके आने लगते हैं। उन्होंने बताया कि प्री-एक्लेम्पसिया का असर केवल मां तक सीमित नहीं रहता, बल्कि इससे समय पूर्व प्रसव, कम वजन के शिशु, नवजात जटिलताओं और मातृ मृत्यु का खतरा भी बढ़ जाता है। उन्होंने कहा आज भी कई गर्भवती जांच के लिए तब आती हैं जब उन्हें गंभीर परेशानी महसूस होती है, जबकि प्री-एक्लेम्पसिया के कई मामले शुरुआती चरण में बिना लक्षण के भी पाए जाते हैं। डीसीपीएम मो राशिद ने बताया कि जिले में आशा कार्यकर्ता, एएनएम और स्वास्थ्य विभाग की टीमें नियमित रूप से गांव स्तर पर गर्भवती महिलाओं की पहचान, बीपी जांच और हाई रिस्क प्रेग्नेंसी की निगरानी कर रही हैं। इसके अलावा ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस और प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के माध्यम से महिलाओं को जांच और परामर्श की सुविधा दी जा रही है।



### हर माह चार दिन पीएमएसएमए

प्री-एक्लेम्पसिया जैसी उच्च जोखिम गर्भावस्थाओं की पहचान और प्रबंधन के लिए प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत प्रत्येक माह की 1, 9, 16 और 24 तारीख को विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा गर्भवती महिलाओं की जांच की जा रही है। बीते वित्तीय वर्ष में अब तक इस अभियान के अंतर्गत 11,206 गर्भवती महिलाओं की विशेषज्ञ जांच सुनिश्चित की जा चुकी है।

### इनको रहता है ज्यादा खतरा

- 18 वर्ष से कम या 35 वर्ष से अधिक आयु में गर्भधारण
- पहले से उच्च रक्तचाप होना
- मधुमेह
- मोटापा या अत्यधिक वजन
- जुड़वा या एक से अधिक शिशु का गर्भ
- पिछले गर्भ में प्री-एक्लेम्पसिया की समस्या रहना
- किडनी या कुछ अन्य दीर्घकालिक बीमारियां
- लंबे अंतराल के बाद गर्भधारण

# महाराजा सुहेलदेव स्मारक स्थल का डीएम ने किया निरीक्षण

- सम्बन्धित अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश
- 23 व 24 मई को लगेगा भव्य मेला और मनाएंगे विजय उत्सव कार्यक्रम

बहराइच, समृद्धि न्यूज।







महाराजा सुहेलदेव जी के विजय उत्सव के अवसर पर विकास खण्ड चित्तौरा अन्तर्गत चित्तौरा झील के तट पर स्थित महाराजा सुहेलदेव स्मारक स्थल पर 23 व 24 मई 2026 को आयोजित होने वाले विजय उत्सव कार्यक्रम के दृष्टिगत जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक विष्वजीत श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता, सीएमओ डॉ संजय कुमार, मुख्य राजस्व अधिकारी सौरभ दूबे, जिला विकास अधिकारी राजकुमार, डीपीआरओ चन्द्रभान सिंह, पीडी डीआरडीए मनीष कुमार, जिला पर्यटन अधिकारी मनीष कुमार व अन्य अधिकारियों के साथ महाराजा सुहेलदेव स्मारक स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम श्री त्रिपाठी ने मंच स्थल, स्टाल व वीआईपी गैलरी, पार्किंग, आवागमन के रास्ते तथा कार्यक्रम में लगने वाले विभिन्न स्टालों के लिए ब्लाकवार ले-आउट प्लान तैयार करने के निर्देश दिये।

उन्होनें विद्युत विभाग के अधिकारी को निर्देष दिया कि लो वोल्टेज होने की दषा में नया ट्रॉसफार्मर लगाया जाय। जिससे बिजली आपूर्ति की व्यवस्था सुचारू रूप से हो सके। उन्होनें सम्बन्धित अधिकारियों को कार्यक्रम स्थल की व्यापक स्तर पर साफ-सफाई, पेयजल, दवा, एम्बुलेन्स इत्यादि की सुगम व्यवस्था कराये जाने के भी निर्देश दिये। इससे पूर्व कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों को विजय उत्सव कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सौपे गये उत्तरदायित्वों का शासन की मंशानुरूप अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिये गये।

# युवक का पेड़ से लटकता मिला शव

- भाजपा विधायक पहुंचीं मृतक के घर, 5 लोगों पर मुकदमा दर्ज



बहराइच, समृद्धि न्यूज। जिले के रुपईडीहा थाना क्षेत्र के सुमेरपुर गांव में एक युवक का शव पेड़ से लटका मिला है। परिवार ने युवक की हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया है। पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक की पहचान 19 वर्षीय रोहित के रूप में हुई है, जो सुमेरपुर गांव का निवासी था। वह सुबह घर से निकला था और वापस नहीं लौटा। परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की सूचना पुलिस को दी थी। देर रात सबुना गांव जाने वाले मार्ग पर सड़क किनारे एक पेड़ से उसका शव लटका हुआ मिला। घटना की जानकारी मिलने पर बलहा से भाजपा विधायक सरोज सोनकर देर रात मृतक के घर पहुंचीं। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी और रुपईडीहा थाना प्रभारी भी पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद थे। परिवार ने हत्या का आरोप लगाते हुए पहले अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया था। विधायक और अधिकारियों के समझाने के बाद देर रात करीब 1 बजे रोहित का अंतिम संस्कार किया गया। मृतक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने प्रधान प्रतिनिधि शमशाद, अतीक, आसिफ, आफताब और सलमान सहित पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। रुपईडीहा थाना प्रभारी रमेश सिंह रावत ने बताया कि पकड़े गए लोगों से पूछताछ की जा रही है। उन्होंने कहा कि मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल पाएगा।

# चाचा ने मासूम भतीजी को गला-दबाकर मार डाला

- शव कपड़े में लपेटकर लकड़ियों के नीचे छिपाया

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

9 माह की मासूम को चाचा ने गला दबाकर हत्या कर दिया। बच्ची के शव को एक कमरे में कपड़े से लपेटकर लकड़ियों के नीचे दबा दिया। बुधवार दोपहर 3 बजे मासूम घर में सो रही थी। घर में कोई मौजूद नहीं था। घर लौटने पर परिजनों ने आरोपी से बच्ची के बारे में पूछा तो वह हिचकिचाकर वहां से भाग गया। मां ने घर में जाकर देखा तो लकड़ियों के नीचे बच्ची का शव कपड़े में लिपटा पड़ा था। शव देखते ही परिवार के लोगों में चीख-पुकार मच गई। परिवार में मची चीख-पुकार सुनकर गांव के अन्य लोग पहुंच गए। तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया।बच्ची की मां के तहरीर पर पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्यों को जुटाकर मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस ने बच्ची के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। यह घटना सुजौली थाना क्षेत्र का है। चफरिया ग्राम पंचायत की हरिजन बस्ती में रहने वाले सुनीता पत्नी राजकुमार अपने दो बेटे गोपाल (28) और सुरेंद्र (22) के साथ रहती है। बुधवार को परिवार के लोग पड़ोस में गए थे। घर में सुरेंद्र की 9 माह की बच्ची अंजू चारपाई पर सो रही थी। उसी दौरान घर पर बच्ची का चाचा सुरेंद्र भी मौजूद था। परिवार के लोग जब कुछ देर बाद वापस लौटे, तो बच्ची चारपाई पर वापस नहीं मिली। बच्ची की मां रीना परेशान होकर वह उसे ढूंढने लगी। इस दौरान उसने घर पर मौजूद देवर सुरेंद्र पाल से बच्ची के बारे में पूछा तो वह झिझक गया और घर से बाहर भाग गया। मां रीना बच्ची को ढूंढते हुए एक कमरे में पहुंची, जहां उसने बच्ची के शव को कपड़े में लिपटा और लकड़ियों से दबा हुआ देखा। यह देखकर वह रोने और चिल्लाने लगी।



### पुलिस ने आरोपी चाचा को पकड़ा

चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर परिवार सहित गांव के अन्य लोग भी पहुंच गए। लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थस से साक्ष्यों को जुटाकर मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने कुछ ही देर में आरोपी चाचा को हिरासत में लिया। आरोपी सुरेंद्र की मां व बच्ची की दादी सुनीता ने आरोप लगाया कि बेटे सुरेंद्र ने अपनी भतीजी अंजू की हत्या की है। सुरेंद्र साईको है। उसकी शादी हो चुकी है। वह अपनी पत्नी व बच्चे से भी मारपीट करता है। इसलिए मैने बहु को मायके भेज दिया।

### पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा शव

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष प्रकाश चंद्र शर्मा ने बताया कि मां रीना की तहरीर पर आरोपी देवर को हिरासत में लेकर आगे की कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी गई है। उन्होने कहा कि आरोपी शराब के नशे का आदी था।

# जनपद के नौ परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न हुई लेखपाल भर्ती परीक्षा

- 3168 परीक्षार्थियों के सापेक्ष उपस्थित रहे 2677 अभ्यर्थी



बहराइच, समृद्धि न्यूज।

परीक्षा नियंत्रक, उ.प्र. अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ द्वारा जनपद के 09 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होने वाली लेखपाल भर्ती लिखित परीक्षा में कुल 3168 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 2677 उपस्थित रहे। जबकि अनुपस्थित रहने वाले परीक्षार्थियों की संख्या 491 रही। इस प्रकार 2677 परीक्षार्थी प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित हुए। परीक्षा केन्द्र वार उपस्थित एवं अनुपस्थित परीक्षार्थियों की बात की जाये तो 384 परीक्षार्थियों के लिए नामित परीक्षा केन्द्र राजकीय इण्टर कालेज में 336 उपस्थित तथा 48 अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार 480 परिक्षार्थियों के लिए नामित परीक्षा केन्द्र किसान महाविद्यालय में 406 उपस्थित तथा 74 अनुपस्थित, 240 परिक्षार्थियों के लिए नामित परीक्षा केन्द्र तारा महिला इण्टर कालेज में 195 उपस्थित तथा 45 अनुपस्थित, 384 परिक्षार्थियों के लिए नामित परीक्षा केन्द्र आज़ाद इण्टर कालेज में 331 उपस्थित तथा 53 अनुपस्थित, 384 परिक्षार्थियों के लिए नामित परीक्षा केन्द्र महाराज सिंह इण्टर कालेज में 326 उपस्थित तथा 58 अनुपस्थित, 288 परिक्षार्थियों के लिए नामित परीक्षा केन्द्र जवाहर नवोदय विद्यालय कीर्तनपुर में 247 उपस्थित तथा 41 अनुपस्थित, 384 परिक्षार्थियों के लिए नामित परीक्षा केन्द्र वैद्य भगवानदीन मिश्र गांधी इण्टर कालेज में 324 उपस्थित तथा 60 अनुपस्थित, 384 परिक्षार्थियों के लिए राजकीय बालिका इण्टर कालेज में 307 उपस्थित तथा 77 अनुपस्थित तथा 240 परिक्षार्थियों के लिए नामित परीक्षा केन्द्र आर्य कन्या इण्टर कालेज में 205 उपस्थित तथा 35 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

# सीएमओ कार्यालय में रिश्वतखोरी का भंडाफोड़

- वरिष्ठ लिपिक 5000 रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार

बी पी त्रिपाठी



बलरामपुर। जनपद के स्वास्थ्य विभाग में उस समय हड़कंप मच गया जब एंटी करप्शन टीम ने मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) कार्यालय में तैनात वरिष्ठ लिपिक मोहन लाल जायसवाल को 5000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई के बाद सीएमओ कार्यालय में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और पूरे विभाग में चर्चा का विषय बना हुआ है।

सूत्रों के अनुसार एक कर्मचारी द्वारा चिकित्सा प्रतिपूर्ति (मेडिकल रीइम्बर्समेंट) का बिल पास कराने के लिए आवेदन किया गया था। आरोप है कि संबंधित फाइल को आगे बढ़ाने और भुगतान स्वीकृत कराने के एवज में वरिष्ठ लिपिक द्वारा रिश्वत की मांग की जा रही थी। पीड़ित व्यक्ति ने इसकी शिकायत एंटी करप्शन टीम से की, जिसके बाद टीम ने पूरे मामले की गोपनीय जांच शुरू की।

बताया जा रहा है कि शिकायत की पुष्टि होने के बाद एंटी करप्शन टीम ने योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाया। तय योजना के तहत शिकायतकर्ता को चिन्हित किए गए रुपये देकर सीएमओ कार्यालय भेजा गया। जैसे ही आरोपी लिपिक ने 5000 रुपये रिश्वत के तौर पर लिए, पहले से मौजूद टीम ने उसे मौके पर ही पकड़ लिया।

अचानक हुई इस कार्रवाई से सीएमओ कार्यालय में मौजूद कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। टीम आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ के लिए अपने साथ ले गई। वहीं कार्यालय में मौजूद अन्य कर्मचारी भी पूरे घटनाक्रम को लेकर चर्चा करते दिखाई दिए।

जानकारी के मुताबिक आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। एंटी करप्शन टीम मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है कि कहीं इस प्रकार की वसूली का कोई संगठित नेटवर्क तो नहीं चल रहा था।

इस घटना के बाद आम लोगों में भी स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर सवाल उठने लगे हैं। सरकारी कार्यालयों में फाइलों के निस्तारण के नाम पर रिश्वतखोरी की शिकायतें लंबे समय से सामने आती रही हैं, लेकिन इस कार्रवाई ने भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त संदेश देने का काम किया है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकारी योजनाओं और कर्मचारियों के चिकित्सा प्रतिपूर्ति जैसे मामलों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की आवश्यकता है, ताकि आम नागरिकों और कर्मचारियों को अनावश्यक भ्रष्टाचार का सामना न करना पड़े।

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक
समृद्धि न्यूज़
समृद्ध समाज का आधार
लखनऊ, शुक्रवार 22 मई, 2026



# हर जनपद में हो निवेश, पर कैपिटा इनकम बढ़ाने पर केंद्रित करें ध्यान : योगी

- मुख्यमंत्री ने की इन्वेस्ट यूपी से जुड़े विषयों की समीक्षा
- अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को सौंपा लीड्स 2025 रैंकिंग में उत्तर प्रदेश को मिला एग्जेम्प्लर अवार्ड

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को इन्वेस्ट यूपी के अधिकारियों संग बैठक की। उन्होंने ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी जीबीसी 5.0 की समीक्षा की। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि 7 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव धरातल पर उतरने को तैयार हैं।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जीबीसी 5.0 के अंतर्गत हर जनपद में निवेश हो, इसका विशेष रूप से ध्यान रखा जाए। उन्होंने जनपदों की पर कैपिटा इनकम बढ़ाने पर जोर दिया और कहा कि इसके लिए मैन्युफेक्चरिंग पावर को बढ़ावा देना आवश्यक है। इस अवसर पर इन्वेस्ट यूपी के अधिकारियों ने विगत दिनों लीड्स 2025 रैंकिंग में उत्तर प्रदेश को मिले एग्जेम्प्लर अवार्ड को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को समर्पित किया। स्टेज डिजाइन से लेकर पाथवे, एग्जीबिशन लेआउट को भी प्रस्तुत किया गया। एग्जीबिशन को 8 जोन में विभाजित किया गया है। पहला जोन- व्हाई यूपी है, जिसमें उत्तर



प्रदेश के बदले परिदृश्य को विस्तार से दिखाया जाएगा।

जोन 2 में इंफ्रास्ट्रक्चरल ट्रांसफॉर्मेशन, जोन 3 में डिफेंस व एयरोस्पेस, जोन 4 में ईवी एवं ग्रीन एनर्जी सस्टेनिबिलिटी, जोन-5 में इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफेक्चरिंग, जोन-6 में टेक्सटाइल्स, जोन-7 में टूरिज्म तथा जोन-8 में फूड प्रोसेसिंग सेक्टर में यूपी में आए सार्थक बदलाव को विस्तार से प्रदर्शित किया जाएगा। डिफेंस कॉरिडोर में भूमि की मांग तेजी से बढ़ी है। इसके सापेक्ष हमें भूमि की उपलब्धता पर जोर देना होगा।

उन प्रोजेक्ट्स में, जहां वर्षों पूर्व भूमि आवंटित की गई, लेकिन अब तक निवेश नहीं हुआ है। ऐसे प्रोजेक्ट्स के बारे में भी अद्यतन जानकारी हासिल की जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के समय में सबसे महत्वपूर्ण विषय एफडीआई को आमंत्रित करना है। एमओयू करते समय संस्थानों की पड़ताल जानकारी अनिवार्य रूप से की जानी चाहिए। निवेशकों से जितना अच्छा व्यवहार होगा, समय से समस्याओं का निस्तारण करेंगे तो वह प्रदेश के लिए ब्रांड अंबेस्डर की तरह कार्य करेंगे। मुख्यमंत्री ने लैंडबैंक बढ़ाने पर जोर दिया।

यूपी पारंपरिक औद्योगिक राज्य की छवि से आगे बढ़कर रक्षा निर्माण, इलेक्ट्रॉनिक्स, ग्रीनएनर्जी, डेटा सेंटर, लॉजिस्टिक्स, हाईटेक मैन्युफैक्चरिंग का उभरता हुआ राष्ट्रीय हब बन रहा है। उत्तर प्रदेश रक्षा और एफडीआई कॉन्क्लेव 2026 प्रदेश की नई औद्योगिक रणनीति का बड़ा मंच साबित होगा, जिसका उद्देश्य डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में रक्षा एवं एयरोस्पेस उद्योगों को आकर्षित करना, वैश्विक निवेशकों को जोड़ना और उद्योग, सरकार तथा रक्षा संस्थानों के बीच समन्वित इकोसिस्टम विकसित करना है।

# विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों में ड्रेस कोड अनिवार्य

## ड्रेस कोड से बढ़ेगी समानता, अनुशासन और सामाजिक समरसता : योगेंद्र

- राज्यपाल के निर्देश पर लागू होगी व्यवस्था

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार शिक्षा व्यवस्था में गुणवत्ता, अनुशासन, सामाजिक समरसता की मजबूती की दिशा में कदम उठा रही है।

उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के निर्देशानुसार विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में ड्रेस कोड का पालन अनिवार्य होगा। प्रत्येक शिक्षण संस्थान में यथासंभव एक समान ड्रेस कोड लागू किया जाएगा, जिससे छात्र-छात्राओं के बीच समानता और अनुशासन की



भावना को बढ़ावा मिलेगा। मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि छात्र वर्ग एक समरूप यानि होमोजेनियस वर्ग होता है, जहां किसी भी प्रकार का ऊंच-नीच या भेदभाव परिलक्षित नहीं होना चाहिए। कई बार पहनावे के माध्यम से सामाजिक और आर्थिक असमानता दिखाई देती है, जिससे कुछ छात्रों में हीन भावना तथा कुछ में श्रेष्ठता का भाव विकसित हो जाता है। योगी सरकार का उद्देश्य केवल शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाना नहीं बल्कि शिक्षण संस्थानों में सकारात्मक, अनुशासित और संस्कारित माहौल तैयार करना भी है। ड्रेस कोड केवल अनुशासन का प्रतीक नहीं बल्कि सामाजिक समरसता और समान अवसर की भावना को मजबूत करने का माध्यम भी बनेगा।

प्रदेश सरकार उच्च शिक्षा संस्थानों को आधुनिक और अनुशासित शैक्षणिक वातावरण देने के लिए लगातार सुधारात्मक कदम उठा रही है। नई व्यवस्था लागू होने के बाद विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों में एकरूपता के साथ बेहतर शैक्षणिक संस्कृति विकसित होगी, जो विकसित उत्तर प्रदेश और विकसित भारत के लक्ष्य को मजबूत आधार प्रदान करेगी।

## खबरें एक नजर में

### प्राइवेट स्कूल की महिला टीचर ने किया सुसाइड, घर में लटका मिला शव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** काकोरी थाना क्षेत्र के बरगदताला इलाके में गुरुवार सुबह प्राइवेट स्कूल की महिला टीचर ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। मृतका की पहचान बरगदताला निवासी ब्रजपाल यादव की 23 वर्षीय बेटी शालिनी यादव के रूप में हुई। परिजनों के अनुसार, शालिनी अपने कमरे में थी। काफी देर तक दरवाजा न खुलने पर परिजनों को शक हुआ। अंदर देखने पर शालिनी का शव पंखे के हुक से दुपट्टे के सहारे लटका मिला। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। मृतका के पास से उसका मोबाइल फोन भी बरामद हुआ है, जिसे पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस मोबाइल फोन और अन्य पहलुओं की जांच कर रही है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, शालिनी एक निजी विद्यालय में अध्यापिका थीं और उनका स्वभाव शांत बताया जा रहा था। परिवार पहले से ही सदमे में है, क्योंकि करीब डेढ़ वर्ष पूर्व शालिनी के भाई रोहित ने भी बाग में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। यह परिवार में दूसरी आत्महत्या की घटना है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### एलडीए जनता अदालत में जमीन-आवास से जुड़े आए मामले

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) में गुरुवार को जनता अदालत का आयोजन किया गया। प्राधिकरण अधिकारियों ने लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान जमीन, रजिस्ट्री और आवास से जुड़े कई मामले सामने आए। बड़ी संख्या में फरियादी अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे और अफसरों से समाधान की मांग की। आजाद नगर योजना से जुड़े एक मामले में बुजुर्ग राम स्वरूप ने अधिकारियों को बताया कि उन्होंने वर्ष 2000 में शिवपाल नाम के व्यक्ति से भूखंड खरीदा था। योजना में कुल 31 भूखंड आवंटित हुए थे। उन्होंने बताया कि करीब एक लाख रुपये का पूरा भुगतान कर दिया था। रजिस्ट्री के लिए 5 हजार रुपये की पंजीकरण राशि भी जमा की थी, लेकिन 17 साल बीत जाने के बाद भी रजिस्ट्री नहीं हो सकी। अब एलडीए अधिकारी यह कह रहे हैं कि पंजीकरण राशि की रसीद गुम हो गई है। सुल्तानपुर रोड स्थित बक्कश इलाके के लोगों ने भी जनता अदालत में अपनी समस्या रखी। पीड़ित बजरंगी ने बताया कि वर्ष 2021 में करीब 50 लोगों ने पाम कॉलोनी में प्लॉट खरीदे थे और मकान बनाकर रह रहे हैं। कुछ दिन पहले एलडीए कर्मचारियों ने इलाके में पहुंचकर बताया कि यह जमीन वेलेंस सिटी योजना में आ रही है, जिसके चलते मकानों को तोड़ा जा सकता है। कॉलोनीवासियों ने एलडीए अधिकारियों से मांग की कि उनसे डेवलपमेंट चार्ज लेकर उसी जमीन का आवंटन कर दिया जाए, ताकि उनके मकान बच सकें। लोगों ने कहा कि उन्होंने अपनी जमा पूंजी लगाकर घर बनाए हैं और अब बेघर होने का खतरा मंडरा रहा है।

### दोस्त ने बहाने से बुलाकर पीटा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सरोजनी नगर थाना क्षेत्र में एक युवक को अस्पताल ले जाने के बहाने अगवा कर बेरहमी से पीटा गया। आरोपियों ने उसे स्कॉर्पियो में डालकर सीतापुर और फिर कानपुर ले जाकर मारपीट की। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित की पहचान सरोजनी नगर के गंगानगर, अमौसी निवासी 24 वर्षीय गिरजेश सिंह के रूप में हुई है, जो पेशे से चालक है। गिरजेश ने बताया कि बुधवार, 20 मई को दोपहर करीब 12 बजे उसके दोस्त अक्षांश सिंह ने उसे मोबाइल पर कॉल कर अमौसी रेलवे स्टेशन के पास स्थित टीएस मिश्रा अस्पताल चलने को कहा। गिरजेश जब अक्षांश सिंह की कार में बैठा, तो उसमें अक्षांश का ममेरा भाई रणंजय प्रताप सिंह भी मौजूद था। दोनों उसे टीएस मिश्रा अस्पताल के बजाय चकौली स्थित आउटर रिंग रोड के पास ले गए। आरोप है कि वहां पहले से ही एक स्कॉर्पियो में संदीप सिंह चौहान, इशांत प्रताप सिंह सेंगर और यशस्वी ललित श्रीवास्तव उर्फयश मौजूद थे। इन सभी ने मिलकर गिरजेश को जबरन स्कॉर्पियो में डाल लिया। उसकी आंखों पर पट्टी बांधी गई और मुंह में कपड़ा ठूंस दिया गया। इस दौरान आरोपियों ने पीड़ित गिरजेश का मोबाइल लेकर उसके घर के नंबर पर व्हाट्सएप कॉल की। आरोपियों ने पीड़ित के सिर पर पिस्टल तान कर कहा कि घर में बता दो एसटीएफउठा ले गई है। उनकी इस दहशत से पीड़ित ने अपने घर में एसटीएफ द्वारा उठा ले जाने की झूठी बात बताई। पीड़ित का कहना है कि इस दौरान आरोपी उसकी बुरी तरह पिटाई करते हुए सीतापुर ले गए। उसका कहना है कि रास्ते भर इतनी पिटाई की गई कि उसके शरीर पर तमाम चोट के निशान बन गए। उसके बाद आरोपी कानपुर स्थित एक कमरे में ले गये। जहां उसकी बन्द कमरे में जमकर पिटाई की और उसे कमरे के अंदर बंद कर फरार हो गए।

### पंचगव्य थेरेपी देगी भारतीय चिकित्सा पद्धति को नई दिशा, गांव-गांव खुलेंगे गोपैथी सेंटर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश में गो संरक्षण को ग्रामीण अर्थव्यवस्था, वैज्ञानिक कृषि, रोजगार और पंचगव्य आधारित चिकित्सा, अनुसंधान से जोड़कर एक बड़े परिवर्तनकारी मॉडल के रूप में विकसित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने गांव-गांव गोपैथी सेंटर स्थापना की दिशा में तैयारी तेज कर दी है। पंचगव्य आधारित चिकित्सा पद्धति को नई पहचान देने के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार और आर्थिक समृद्धि का मजबूत नेटवर्क तैयार किया जाएगा। योजना का उद्देश्य गो सेवा को आर्थिक विकास, स्वास्थ्य क्षेत्र से जोड़ना है। आयुर्वेदिक परंपराओं के अनुसार पंचगव्य आधारित उत्पाद मधुमेह, माइग्रेन, लकवा, हृदय रोग, त्वचा संबंधी समस्याओं, पाचन संबंधी विकारों तथा श्वसन संबंधी समस्याओं में मुख्यधारा चिकित्सा के साथ सहायक एवं पूरक भूमिका निभाने की संभावनाओं के लिए अध्ययन का विषय हैं। पंचगव्य थेरेपी, जिसे गोपैथी भी कहा जाता है, आयुर्वेद की प्राचीन चिकित्सा पद्धति पर आधारित अवधारणा है। पंचगव्य आधारित उत्पादों के संबंध में रोग प्रतिरोधक क्षमता, त्वचा की देखभाल, पाचन सहायता तथा स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न संभावित उपयोगों पर भी अध्ययन किए जा रहे हैं। इन क्षेत्रों में व्यापक वैज्ञानिक एवं क्लीनिकल अनुसंधान की दिशा में प्रयास किए जा हैं।

## कपिल देव ने किया आईटीओटी में न्यू वर्कशॉप ब्लॉक-सी का उद्घाटन

# कौशल विकास अभियान को गति, प्रशिक्षण सुविधाओं का विस्तार

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने गुरुवार को आईटीओटी अलीगंज में न्यू वर्कशॉप ब्लॉक-सी बिल्डिंग का उद्घाटन किया। नई बिल्डिंग में 10 नए व्यवसायों का संचालन प्रारंभ किया गया है, जिससे संस्थान की क्षमता और प्रशिक्षण के अवसरों में वृद्धि हुई है। यह पहल योगी सरकार के 'आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश' और कौशल आधारित रोजगार सृजन के संकल्प को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि यह संस्थान केवल प्रशिक्षण का केंद्र नहीं बल्कि युवाओं के सपनों को साकार करने का माध्यम है।

उन्होंने प्रशिक्षकों को संबोधित करते



- कौशल आधारित रोजगार सृजन के संकल्प को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम

हुए कहा कि छात्रों में आत्मविश्वास पैदा करना सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। समाज के कमजोर और मध्यम वर्ग से आने वाले विद्यार्थियों के लिए कौशल प्रशिक्षण जीवन बदलने का अवसर होता है। उन्होंने प्रशिक्षकों से कहा कि वे छात्रों के साथ-साथ उनके अभिभावकों से भी संवाद स्थापित करें, ताकि शिक्षा और प्रशिक्षण के प्रति विश्वास और मजबूत हो। जो तपता है वही कुंदन बनता है, इसलिए कठिन परिस्थितियों में भी मेहनत करने वाले विद्यार्थी ही भविष्य में सफल होते हैं।कार्यक्रम में प्रमुख सचिव व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास डॉ हरिओम ने विभाग की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योगी सरकार के नेतृत्व में विभाग लगातार प्रशिक्षण की गुणवत्ता, आधुनिक कोर्सेज और बेहतर प्लेसमेंट पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। संस्थानों का मूल्यांकन इस आधार पर होना चाहिए कि वहां से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद कितने छात्रों को रोजगार या स्वरोजगार के अवसर मिल रहे हैं।निदेशक प्राविधिक डी. के. सिंह ने बताया कि नई बिल्डिंग के निर्माण से पहले संस्थान में 10 व्यवसाय संचालित हो रहे थे, जो अब बढ़कर 20 हो गए हैं। संस्थान की कुल छात्र संख्या भी बढ़कर लगभग 1300 हो गई है। इस अवसर पर निदेशक प्रशिक्षण अभिषेक सिंह, अपर निदेशक मानपाल सिंह सहित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ग्रामीण अर्थव्यवस्था में हाट बाजार निभा रहे हैं महत्वपूर्ण भूमिका : केशव

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ और आत्मनिर्भर बनाने में हाट बाजार बेहद भूमिका निभा रहे हैं। सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास और वहां के निवासियों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना मनरेगा के तहत निर्मित ये आधुनिक हाट बाजार आज ग्रामीण समृद्धि के नए केंद्र बनकर उभर रहे हैं।

मनरेगा श्रमिकों के पसीने और परिश्रम से तैयार किए गए ये आधुनिक हाट बाजार स्थानीय किसानों, शिल्पकारों और छोटे व्यापारियों के लिए वरदान साबित हो रहे हैं। पहले ग्रामीण क्षेत्रों में व्यवस्थित बाजारों के अभाव के कारण किसानों को अपनी उपज



औने-पौने दामों पर बेचनी पड़ती थी, या फिर दूर की मंडियों में जाना पड़ता था। केशव प्रसाद मौर्य ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि इन हाट बाजारों के कारण स्थानीय उत्पादों जैसे ताजी सब्जियां, हस्तशिल्प, पारंपरिक उत्पाद आदि को एक बेहतरीन और व्यवस्थित मंच मिला है। डिप्टी सीएम ने कहा कि जब स्थानीय उत्पादों को सही बाजार और सही मूल्य मिलता है, तो ग्रामीण अर्थव्यवस्था सीधे तौर पर मजबूत होती है। इन हाट बाजारों के संचालन से ग्रामीणों और छोटे व्यापारियों की आय में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है, जो ग्रामीण विकास की दिशा में एक बड़ा बदलाव है।

# 19 यूपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी का किया गया वार्षिक प्रशासनिक निरीक्षण



- ब्रिगेडियर पुनीत श्रीवास्तव, विशिष्ट सेवा मेडल, ग्रुप कमाण्डर एनसीसी ग्रुप लखनऊ द्वारा किया गया निरीक्षण

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

19 यूपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी लखनऊ यूनिट का वार्षिक प्रशासनिक निरीक्षण सुबह 10 बजे से 12 बजे तक किया गया। निरीक्षण ब्रिगेडियर पुनीत श्रीवास्तव, विशिष्ट सेवा मेडल, ग्रुप कमाण्डर एनसीसी ग्रुप लखनऊ द्वारा किया गया।

निरीक्षण के तहत सर्वप्रथम निरीक्षण अधिकारी का स्वागत यूनिट के कमान अधिकारी कर्नल (डॉ.) दिनेश कुमार पाठक एवं सूबेदार मेजर किशोर लाल द्वारा किया गया। तदुपरांत निरीक्षण अधिकारी को सम्मान गार्ड हेतु एनसीसी कैडेटों की टोली द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर विधिवत जोशपूर्ण प्रदर्शन के साथ दिया गया। जिसका ब्रिगेडियर श्रीवास्तव ने भूरि-भूरि प्रशंसा की। तत्पश्चात वरिष्ठ एएनओ, सभी जीसीआई व पीआई स्टाफ एवं सिविल स्टाफ के साथ इंट्रोडक्शन परेड में निरीक्षण अधिकारी से एक-एक कर व्यक्तिगत मुलाक़ात करवाई गई। उसके बाद कमान अधिकारी ने ब्रिगेड पुनीत श्रीवास्तव को अपने कार्यालय में ले गए व घंटों विकासोन्मुखी कार्यों का ब्योरा प्रस्तुत करके विधिवत चर्चा की। इस दौरान निरीक्षण अधिकारी ने अनेक यथोचित दिशा निर्देश जारी किए। तत्पश्चात कमान अधिकारी ने निरीक्षण अधिकारी को कार्यालय के विभिन्न विभागों में तथा ट्रेनिंग हॉल व अन्य स्थानों में ले जाकर निरीक्षण करवाया। तदुपरांत सभी स्टाफ के साथ एक संक्षिप्त जलपान समारोह में निरीक्षण अधिकारी शामिल हुए और अंत में यूनिट के सभी सदस्यों के साथ ग्रुप फोटो कार्यक्रम संपन्न करते हुए निरीक्षण अधिकारी को विदाई दी गई।

# 58 केंद्रों पर लेखपाल भर्ती परीक्षा आयोजित, 3 लेवल चेकिंग के बाद मिली एंट्री

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

लखनऊ समेत प्रदेश के कुल 44 जिलों में गुरुवार को लेखपाल भर्ती की मुख्य परीक्षा का आयोजन हुआ। कुल 7994 पदों पर भर्ती होनी है। गुरुवार को परीक्षा सुबह 10 बजे से शुरू हुई जो दोपहर 12 बजे चली।

इससे पहले कड़ी चेकिंग के बाद ही अभ्यर्थियों को एग्जाम सेंटर में एंट्री दी गई। लखनऊ में लेखपाल भर्ती परीक्षा 58 केंद्रों पर हुई। यूपीएसएसएससी की ओर से हो रही इस भर्ती परीक्षा में 25.5 हजार अभ्यर्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। जिला प्रशासन की तरफसे इसके लिए एडीएम सिविल सप्लाई को प्रभारी बनाया गया। सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए। मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई थी। लखनऊ में इस बार परीक्षार्थियों की संख्या कम रही। पिछली बार लखनऊ में आस-पास के 4-5 जिलों के अभ्यर्थी आए थे। लखनऊ के ऐशबाग स्थिति गोपीनाथ लक्ष्मणदास रस्तोगी इंटर कालेज परीक्षा केंद्र के एक कक्ष से पेपरलीक की अफवाह पर जिला प्रशासन और अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। पर पेपर लीक की सूचना गलत पाई गई। मौके पर ओएमआर और प्रश्नपत्र सील्ड पैकेट में सुरक्षित मिले। केवल एक कक्ष संख्या-21 के कुछ अभ्यर्थी परीक्षा शुरू होने के पहले ही भ्रमवश उठकर कक्ष से बाहर आ गए, जिन्हें



मौके पर उपस्थित अधिकारियों द्वारा परीक्षा कक्ष में वापस भेजा गया। आयोग ने प्रदेश के सभी केंद्रों पर लेखपाल मुख्य परीक्षा-2026 पूर्ण शुचिता के साथ निष्पक्ष, निर्विघ्न और शांतिपूर्वक संपन्न करने का दावा किया है। यूपीएसएसएससी ने यूपी के 44 जनपदों के 861 परीक्षा केंद्र बनाए थे। कुल 3 लाख 66 हजार 712 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिसके सापेक्ष 3 लाख 1 हजार 756 यानी करीब 82.29: अभ्यर्थी मौजूद रहे। परीक्षा केंद्र, जनपद मुख्यालयों और आयोग मुख्यालय पर स्थापित कंट्रोल कमांड रूम से सीसीटीवी के माध्यम से निगरानी करते हुए परीक्षा का आयोजन किया गया। बायोमैट्रिक वेरीफिकेशन और एआई के जरिए अभ्यर्थियों की स्क्रीनिंग की गई। कुल 18 हजार 883 सीसीटीवी कैमरे, 7,683 बायोमैट्रिक आपरेटर और 6,297 फ्रिस्किंग गार्ड के साथ प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर 861 स्टैटिक मजिस्ट्रेट, 861 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 34,378 कक्ष अंतरीक्षक की तैनाती की गयी थी।

# ईद उल अजहा के अवसर पर सख्त सलामती व्यवस्था की जाए

- मौलाना खालिद रशीद ने डीजीपी से की मुलाकात

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

शाही इमाम ईदगाह लखनऊ मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली की कयादत में इस्लामिक सेन्टर आफ इण्डिया का एक प्रतिनिधि मण्डल ने ईद उल अज़हा के सिलसिले में प्रदेश के डी0जी0पी राजीव कृष्णा से मुलाकात की।

मौलाना फरंगी महली ने पुलिस के उच्च अधिकारियों को अवगत कराया कि ईद उल अज़हा (बकरईद) की नमाज़ 28 मई 2026 को होगी और कुर्बानी 28, 29, 30 मई को होगी। उन्होने ने मुसलमानों के इस अहम् त्यौहार के सिलसिले में एक ज्ञापन दिया जिसमें निम्नलिखित मॉगें की गयीं' ईदगाह लखनऊ और प्रदेश की तमाम ईदगाहों और मस्जिदों में ईद उल अज़हा की नमाज के समय उचित सुरक्षा व्यवस्था करायी जाए। कुर्बानी मुसलमानों का धार्मिक कर्तव्य है इसमें लोग नमाज के बाद अपने घरों या बड़े मैदानों में कुर्बानी करते हैं इस अवसर पर किसी प्रकार की बाधा उत्तपन्न न होने दी जाए। जिन स्थानों पर किसान जानवरों को बेचने के लिए एकत्रित होते हैं वहॉ पर भी उचित सुरक्षा व्यवस्था करायी जाए। आमतौर पर किसान गॉव में सालभर जानवर पालते हैं और ईद उल अज़हा के अवसर पर शहरों में जाकर बेचते हैं और इसी से उनका साल भर का खर्च चलता है उनमें वही जानवर होते हैं। जिन पर कानूनी तौर पर कोई प्रतिबन्ध नही है। उनके आवाजाही में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े और कोई अप्रिय घटना न हो इसके भी उचित प्रबन्ध किये जायें। डी0जीपी0 ने मौलाना फरंगी महली को उनकी मॉगों पर अमल का यकीन दिलाया। उन्होनें कहा कि किसी को भी कानून का उलंघन करने की इजाजत नही दी जायेगी। कानून पर अमल हमारी प्राथमिकता है। इस प्रतिनिधि मण्डल में मौलाना नईमुर्रहमान सिद्दीक़ी, मौलाना मुहम्मद मुश्ताक, मुनीब अलवी और मुहम्मद कलीम खांथे।

### किसी दशा में बस सड़क पर न खड़ी की जाये : एमडी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक प्रभु एन सिंह ने चालकों परिचालकों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में कोई भी बस सड़क पर न खड़ी की जाये। बसें बस स्टेशन परिसर के अन्दर खड़ी की जायें और वंही से यात्रियों को बसों में बैठाया एवं उतारा जाये। बस स्टेशनों की मरम्मत, पेंटिंग इत्यादि कार्य कराये जायें जिससे यात्रियों को कोई समस्या न होने पाये। भीषण गर्मी में यात्रियों की पेयजल सुविधाओं के दृष्टिगत बस स्टेशन पर वाटर कूलर क्रियाशील दशा में हो ताकि यात्रियों को शीतल जल उपलब्ध हो सके। बस स्टेशनों पर कर्मचारियों यात्रियों हेतु ओआरएस घोल की उपलब्धता रहे एवं हीटवेव से बचाव हेतु जरूरी कार्य पूर्ण करें।

# बिजली कटौती से गुस्साए लोगों ने किया रोड जाम

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

राजधानी में बिजली कटौती से गुस्साए लोगों ने आज, गुरुवार सुबह मोहान रोड और रायबरेली रोड जाम कर दिया है। मोहान रोड पर बुद्धेश्वर चौराहे के पास करीब 2 घंटे प्रदर्शन हुआ। आगरा एक्सप्रेस-वे को जाने वाले वाहनों को तिकुनिया रोड से डायवर्ट किया गया। इसके पहले बुधवार पूरी रात अलग-अलग पावर हाउसों पर बवाल हुआ।

गुस्साए लोगों ने पावर हाउसों का घेराव कर जमकर नारेबाजी की। लोगों के गुस्से को देखते हुए कई पावर हाउसों से बिजली विभाग के अफसर-कर्मचारी भाग गए। पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने लोगों को शांत कराने की कोशिश की, लेकिन लोग बिजली आपूर्ति बहाल होने पर पावर हाउसों से नहीं हटने की जिद पर अड़े रहे। आरोप है कि फैजुल्लागंज पावर हाउस पर पुलिस ने लोगों को लाठियां फटकार कर खदेड़ दिया।

फैजुल्लागंज उपकेंद्र में संविदा पर कार्यरत लाइनमैन उदय राज की 11 हजार वोल्ट लाइन पर काम करते समय करंट लगने से मौत हो गई। भीषण गर्मी में फॉल्ट, ट्रांसफार्मरों के फुंकने, केबल जलने की वजह से बिजली कटौती की समस्या बढ़ी है। जनता विहार, बादल खेड़ा और आसपास के कई इलाकों में पिछले 3 दिनों से बिजली कटौती की समस्या है। इससे गुस्साए लोगों ने आज सुबह करीब 8 बजे बुद्धेश्वर चौराहे के पास मोहन रोड जाम कर दिया।

लोगों ने बिजली विभाग के खिलाफनारेबाजी की। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिलाएं, युवा और बुजुर्ग शामिल हुए। लोगों का आरोप है कि इलाके में 24 घंटे में सिर्फ 2 घंटे ही बिजली सप्लाई दी जा रही है। बिजली न आने से पानी की आपूर्ति भी पूरी तरह प्रभावित हो गई है।

लोगों का आरोप है कि बिजली विभाग अधिकारियों से कई बार शिकायत की गई, लेकिन समस्या का समाधान नहीं कराया गया। लगातार हो रही परेशानी से नाराज होकर क्षेत्रवासियों ने सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर हुए। मोहन रोड पर प्रदर्शन और जाम के चलते दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई।

राहगीरों और वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति को देखते हुए पुलिस ने वाहनों को तिकुनिया तिराहे से डायवर्ट किया। पुलिस के समझाने के बाद प्रदर्शनकारी शांत हुए और रोड से हटे।

सराहनीय

## लाखों गरीब परिवारों को मिली पक्के घर की सौगात

# मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण जरूरतमंदों के लिए वरदान

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशन में मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण समाज के सबसे निचले पायदान पर खड़े जरूरतमंद एवं आवासहीन परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है।

योजना के माध्यम से पात्र गरीब परिवारों को पक्के आवास उपलब्ध कराकर उन्हें सम्मानजनक जीवन एवं समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। प्रदेश में फरवरी 2018 से संचालित मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण राज्य सहायतित योजना है। योजना का उद्देश्य प्राकृतिक आपदा, कालाजार, जेई, एईएस, कुष्ठ रोग से प्रभावित परिवारों सहित वनटांगिया, मुसहर, नट,चेरो, सहरिया, कोल, थारू, पछइया लोहार, गढ़इया लोहार, बैगा जैसी जनजातियों एवं प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण की पात्रता से आच्छादित होने के बावजूद स्थायी पात्रता सूची से वंचित छतविहीन एवं जर्जर कच्चे मकानों में रहने वाले परिवारों कोसुरक्षित आवास उपलब्ध कराना है।उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की पहल पर योजना की प्राथमिकता श्रेणी में दिव्यांगजन, 18 से 50 वर्ष आयु वर्ग की निराश्रित विधवा महिलाएं तथा उत्तर प्रदेश की अनुसूचित जनजातियों को शामिल किया गया है, जिससे समाज के कमजोर वर्गों को बड़ी राहत मिली है।योजना के अंतर्गत प्रत्येक आवास



हेतु 1 लाख 20 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाती है। आवास का निर्धारित क्षेत्रफल 25 वर्गमीटर रखा गया है। शौचालय निर्माण हेतु स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत 12 हजार रुपये की अतिरिक्त सहायता उपलब्ध कराई जाती है।

आवास निर्माण में लाभार्थियों को मनरेगा के तहत 90 मानव दिवस का रोजगार देने का प्रावधान है। मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत वर्ष 2018-19 से अब तक 4.72 लाख आवासों का लक्ष्य निर्धारित किया गया, जिसके सापेक्ष 4.47 लाख आवासों का निर्माण पूर्ण कराया जा चुका है, शेष आवास निर्माणाधीन हैं। आयुक्त ग्राम्य विकास विभाग जीएस प्रियदर्शी ने बताया कि योजना के अंतर्गत 1.30 लाख दिव्यांगजन, 72 हजार निराश्रित विधवा महिलाएं तथा 93 हजार दैवीय आपदाओं से प्रभावित परिवारों सहित बड़ी संख्या में अनुसूचित जनजाति के पात्र परिवारों को आवास उपलब्ध कराए गए हैं। वर्तमान में सरकार ने जनजातियों, जो उत्तर प्रदेश में निवास करती है, उन्हें मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण की प्राथमिकता सूची में सम्मिलित कर लिया है तथा इन्हें आवास आवंटन की कार्यवाही की जा रही है। योजना समाज के नीचले पायदान पर स्थित जरूरतमंद पात्र परिवारों को पक्की छत उपलब्ध कराने में सफल रही है। योजना गरीब, वंचित जरूरतमंद परिवारों के जीवन में सुरक्षा, सम्मान, स्थायित्व का नया अध्याय लिख रही है।

# सीडीओ की अध्यक्षता में किसान दिवस बैठक आयोजित

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

**जनपद की 115 समितियों पर यूरिया एवं डी.ए.पी. की उपलब्धता है**

नवीन कलेक्ट्रेट बिस्मिल सभागार में सीडीओ उत्कर्ष द्विवेदी की अध्यक्षता में किसान दिवस बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें डीडीओ ऋषिपाल सिंह, डीडी कृषि पुरूषोत्तम कुमार मिश्र सहित कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक की शुरुआत में श्जिला कृषि अधिकारी विकास किशोर द्वारा विगत किसान दिवस की बैठक में किसानों द्वारा उठायी गयी, समस्याओं के निस्तारण के प्रगति के विषय में चर्चा की गई। पूर्व बैठक में वेदपाल सिंह जिला उपाध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन द्वारा मांग की गयी कि किसान दिवस बैठक की सूचना या कृषि विभाग की कोई अन्य सूचना बड़े फोन वालों को व्हाट्स ऐप्प, फेसबुक, द्वारा दी जाती है, जबकि की-पैड (छोटे फोन) बाले कृषक इससे वंचित रह जाते है। सूचना विभाग, कृषि विभाग, उद्यान विभाग, समाज कल्याण विभाग, वन विभाग आद विभागों का बहुत सा साहित्य जिसमें पत्र-पत्रिका, पम्पलेट सरकार द्वारा हर छपवाया जाता है, जिसमें सरकार व विभाग के क्रिया-कलापों का वर्णन होता है, किसान दिवस बैठक में वितरित करायी जाये। जिससे समस्त कृषक सरकार व विभाग की योजनाओं से लाभान्वित हो सके। जिसमें मुख्य विकास अधिकारी उत्कर्ष द्विवेदी द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अपने-अपने विभागों से सम्बन्धित योजनाओं की जानकारी अगली बैठक में उपस्थित समस्त कृषकों को दी जाये। इसके पश्चात अखिलेश प्रताप सिंह सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद की 115 समितियों पर यूरिया एवं डी.ए.पी. की उपलब्धता है, अगर किसी भी कृषकों को समिति पर यूरिया की उपलब्धता नहीं होती है तो कृषक उनके दूरभाष संख्या 9125557163 पर सम्पर्क कर अवगत करा सकते है, जिसका त्वरित समाधान किया जायेगा। बैठक में उपस्थित प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा बैठक में समस्त कृषकों को कार्बन क्रेडिट का पंजीकरण कैसे कराना है तथा यह भी बताया गया कि प्रत्येक माह के तीसरे शुक्रवार को ग्राम पंचायत में ग्रीन चैपाल का आयोजन किया जाता है, जिसमें कार्बन क्रेडिट पंजीकरण से सम्बन्धित समस्या का निस्तारण किया जायेगा। पुरुषोत्तम कुमार मिश्र उप कृषि निदेशक द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में कृषि विभाग से जिन कृषकों को खरीफ फसल में बुवाई किये जाने हेतु बीज चाहिये वह विभागीय बेवसाइट पर कर सकते है, बुकिंग के उपरान्त यदि लक्ष्य से अधिक बुकिंग होती है तो ई-लाटरी के माध्यम से चयनित कृषकों को बीज प्राप्त कराया जायेगा। पुनीत कुमार पाठक जिला उद्यान अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि उद्यान विभाग में बागवानी से सम्बन्धित बीजों की बुकिंग की जा रही है, जिसे वह हमारे कार्यालय या किसी भी जनसेवा केन्द्र से बुकिंग करा सकते है। जितेन्द्र कुमार मिश्र द्वारा कृषकों को अवगत कराया गया कि गन्ने का सर्वे का कार्य चल रहा है, जिसे कृषक बन्धु शीघ्र गन्ना पर्यवेक्षक से सम्पर्क करते हुये अपने गन्ने का जी.पी.एस. सर्वे अवश्य करा लें। बैठक में कुल 05 कृषकों द्वारा अपनी समस्याएं प्रस्तुत की गई। बैठक में विकास किशोर जिला कृषि अधिकारी, जितेन्द्र कुमार मिश्रा जिला गन्ना अधिकारी, संजय कुमार जिला कृषि रक्षा अधिकारी, पुनीत कुमार पाठक जिला उद्यान अधिकारी, अखिलेश प्रताप सिंह सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता, शमी आलम जिला प्रबन्धक प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, सहित सभी संबंधित विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारियों एवं कृषक प्रतिनिधियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया।




## रसोइया भर्ती में नियमों की अनदेखी का आरोप

**खुटार, शाहजहांपुर।** विकासखंड खुटार की ग्राम पंचायत सौंफरी स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में रसोइया चयन प्रक्रिया को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। ग्राम प्रधान ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक पर शासनादेशों की अनदेखी कर मनमाने तरीके से चयन कराने और विरोध करने पर धमकी देने का आरोप लगाया है। मामले की शिकायत कई उच्च अधिकारियों से की गई है। ग्राम प्रधान मीरा देवी द्वारा भेजे गए शिकायती पत्र में कहा गया है कि मध्याह्न भोजन योजना के अंतर्गत रसोइया चयन में निर्धारित नियमों का पालन नहीं किया गया। आरोप है कि चयन प्रक्रिया की

**प्रधान ने अधिकारियों से की जांच की मांग**

जानकारी ग्राम पंचायत को नहीं दी गई और न ही गांव में मुनादी या अन्य माध्यमों से सूचना प्रसारित की गई। प्रधान का कहना है कि शासनादेश के अनुसार चयन समिति में प्रधान, प्रधानाध्यापक सहित प्रधान द्वारा नामित महिला एवं पुरुष सदस्य शामिल किए जाने चाहिए थे, लेकिन प्रक्रिया को एकतरफा तरीके से पूरा कर लिया गया। शिकायत में यह भी कहा गया कि पात्र अभ्यर्थियों से पर्याप्त आवेदन नहीं लिए गए और वरीयता संबंधी नियमों की भी अनदेखी की गई। आरोप है कि 12 जून 2026 को प्रधान की अनुपस्थिति में चयन प्रक्रिया पूरी कर ली गई। जब इस संबंध में प्रधानाध्यापक से आपत्ति जताई गई तो कथित रूप से अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए धमकी दी गई। प्रधान के द्वारा उच्च अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है।

## खबरें एक नजर में

### 26 जनवरी को पद्म विभूषण, पद्म भूषण तथा पद्मश्री पुरस्कारों से संबंधित संस्तुतियां आमंत्रित

**शाहजहांपुर।** डीएम ने जानकारी देते हुए बताया है कि विगत वर्षों की भाँति आगामी गणतन्त्र दिवस 26 जनवरी को पद्म विभूषण, पद्म भूषण तथा पद्म श्री की उपाधियाँ भारत सरकार द्वारा दी जानी हैं। आगामी वर्ष 2027 हेतु भी भारत सरकार द्वारा उक्त उपाधियों के लिए ऑनलाइन आवेदन किए जाने की व्यवस्था की गई है। सम्बन्धित महानुभाव,महानुभावों के बारे संस्तुतियाँ राज्य सरकार द्वारा निर्धारित समयावधि में ऑनलाइन भारत सरकार को भेजी जानी प्रस्तावित हैं। जनपद में पद्म पुरस्कारों के चयन के लिए मानदण्ड अनिवार्य रूप से उत्कृष्ट उपलब्धि/योगदान होना चाहिए। डॉक्टरों, वैज्ञानिकों एवं शोधकर्तागण को छोड़कर, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्य करने वाले कार्मिकों सहित कार्यरत सरकारी सेवक पद्म पुरस्कार के लिए पात्र नहीं हैं। यह पुरस्कार मरणोपरान्त नहीं प्रदान किया जाता है तथापि, अत्यन्त पात्र मामलों में सरकार मरणोपरान्त पुरस्कार देने पर विचार कर सकती हैय यदि सम्मानित किए जाने वाले व्यक्ति का निधन आगामी गणतंत्र दिवस से पहले की एक वर्ष की अवधि के भीतर हुआ हो। पद्म पुरस्कार हेतु समाज के पिछड़े,अछूते क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान करने वाले, एआई, आयुर्वेद एवं शोध क्षेत्र तथा सांस्कृतिक विविधता आदि से सम्बन्धित क्षेत्रों के व्यक्तियों को नामांकन में प्राथमिकता दी जाएगी। किसी भी क्षेत्र में उत्कृष्ट, विशिष्ट योगदान करने वाली महिलाओं को नामित किए जाने पर विचार किया जाएगा। पर्यावरण, शिक्षा,समाज सेवा, चिकित्सा इत्यादि के क्षेत्र में स्थानीय क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान, कार्य करने वाले प्रसिद्ध व्यक्तियों को नामित किए जाने पर विचार किया जाएगा। जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट एवं उत्कृष्ट उपलब्धि, योगदान एवं सेवा के लिए संस्तुतियाँ अपेक्षित हैं। उक्त उपाधियों के लिए महानुभाव, महानुभावों के व्यक्तित्व व कृतित्व के सम्बन्ध में साइटेशन (दो प्रतियों में) में वांछित सूचना के साथ विलम्बतम 20 जून तक आवेदन कर सकते हैं।

### एडीएम प्रशासन जिला खरीद अधिकारी नामित

**शाहजहांपुर।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 रबी फसल में मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत जनपद में कृषकों से सीधे मक्का क्रय करने के लिए डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह द्वारा व्यवस्था के परिप्रेक्ष्य एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा को जिला खरीद अधिकारी नामित किया है। जिनका आफिस नंबर 05842-225485, आवास नंबर 05842-225468 तथा सीयूजी 94544-15877 है।

### दलित युवकों के व्हाट्सएप ग्रुप में क्षत्रिय समाज पर अभद्र टिप्पणी, दो पर मुकदमा दर्ज

**खुटार, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के गांव महुआ पिमई में सोशल मीडिया पर क्षत्रिय समाज के खिलाफ कथित अभद्र टिप्पणियां किए जाने का मामला सामने आया है। क्षत्रिय समाज के लोगों की शिकायत पर पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दर्ज कराई गई रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि गांव के कुछ दलित युवक卐जय भीम卐 नाम से एक व्हाट्सएप ग्रुप संचालित करते हैं। आरोप है कि ग्रुप में इन्द्रजीत जाटव पुत्र श्याम बिहारी और राजीव जाटव पुत्र रामेश्वर दयाल द्वारा ठाकुर समाज के खिलाफ अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया जा रहा था। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि ग्रुप के माध्यम से युवाओं को जोड़कर समाज विशेष के विरुद्ध भड़काने और माहौल खराब करने का प्रयास किया जा रहा था। तहरीर में यह भी कहा गया है कि आपत्तिजनक टिप्पणियों से गांव और क्षेत्र में सामाजिक तनाव बढ़ने तथा विवाद की स्थिति उत्पन्न होने की आशंका है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### राजीव गांधी आज भी ग्रामीण भारत व देश के नौजवानों के दिलों में



**शाहजहांपुर।** कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन टाउन हॉल पर पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि शहादत दिवस पर एक विचार गोष्ठी आयोजित की गई। उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। गोष्ठी में बोलते हुए जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने कहा कि भारत को आधुनिक सोच, तकनीकी क्रांति और युवा शक्ति की नई दिशा देने वाले पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी आज भी ग्रामीण भारत व देश के नौजवानों के दिलों में बसते है। उन्होंने आगे कहा कि राजीव गांधी ने एक ऐसे भारत का सपना देखा था जहाँ गांव, गरीब, किसान, युवा और आम नागरिक विकास की मुख्यधारा से जुड़ें। पंचायती राज को मजबूत करने से लेकर सूचना तकनीक और दूरसंचार क्रांति तक, उनके दूरदर्शी नेतृत्व ने देश की दिशा बदलने का कार्य किया। उन्हीं के दूरदर्शी कदम ने 18 वर्ष की आयु में युवाओं को मताधिकारी का अधिकार दिया। उनकी सोच, उनकी सादगी और राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पण आज भी करोड़ों लोगों के लिए प्रेरणा है। विचार गोष्ठी में प्रमुख रूप से पूर्व महानगर अध्यक्ष पवन सिंह,महानगर उपाध्यक्ष अदीब अहमद, महिला कांग्रेस अध्यक्ष अर्चना कटारिया, पीसीसी सदस्य पूनम पांडेय, संजय सक्सेना, सुशील प्रकाश शर्मा, गौरव त्रिपाठी, हरनाम कटियार, साजिद खान, नाजिम खान, फैसल आसिफ खान, अनुभव कटारिया, अखलेश पाल, अध्यन आनंद सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## उत्कृष्ट कार्यों पर जिला कारागार को मिले तीन अंतरराष्ट्रीय प्रमाण-पत्र



**शाहजहांपुर।** जिला कारागार को उत्कृष्ट प्रशासनिक व्यवस्था, पर्यावरण संरक्षण, गुणवत्ता प्रबंधन एवं सुरक्षा मानकों के क्षेत्र में किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों के लिए तीन महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय प्रमाण-पत्र प्राप्त हुए हैं। जिलाधिकारी द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय में जेल अधीक्षक जे.पी. तिवारी को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। जिला कारागार को क्वालिटी मैनेजमेंट सिस्टम, एनवायरमेंटल मैनेजमेंट सिस्टम तथा ऑक्यूपेशनल हेल्थ एंड सेफ्टी मैनेजमेंट सिस्टम के अंतर्गत प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। इन प्रमाण-पत्रों के माध्यम से जिला कारागार की कार्यप्रणाली, स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण, पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता तथा बंदियों के सुधार, पुनर्वास एवं समाज की मुख्यधारा से जोड़ने हेतु किए जा रहे सतत प्रयासों को मान्यता मिली है। यह उपलब्धि जिला कारागार प्रशासन की बेहतर प्रबंधन क्षमता, अनुशासित कार्यसंस्कृति एवं सकारात्मक सोच को भी दर्शाती है।

## एसके पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**




एस. के. पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय समर कैम्प का शुभारंभ हुआ। कैम्प का उद्घाटन विद्यालय के प्रबंधक अतहर मोहम्मद एवं प्रधानाचार्य सौरभ शर्मा द्वारा किया गया। समर कैम्प के प्रथम दिवस का मुख्य उद्देश्य बच्चों में बिना आग के भोजन बनाने (फायर-लेस कुकिंग) की कला को विकसित करना था। इस गतिविधि में सभी बच्चों ने अपनी बुद्धिमत्ता एवं रचनात्मकता का परिचय देते हुए विभिन्न प्रकार के व्यंजन तैयार किए। किसी ने भेलपूरी तो किसी ने फ्रूट चाट बनाई।

वहीं बच्चों ने कोल्ड कॉफी, ब्रेड रसमलाई, चना चाट, शिकंजी, मैंगो शेक, रूह अफजा शर्बत से लेकर ब्रेड पिज्जा तक अनेक स्वादिष्ट व्यंजन तैयार किए। इसके अतिरिक्त, नर्सरी से कक्षा 1 तक के बच्चों के लिए मनोरंजक एवं ज्ञानवर्धक खेलों का आयोजन किया गया। बच्चों का मनोरंजन म्यूजिकल चेयर, जंप एंड विन सहित कई रोचक गतिविधियों के माध्यम से किया गया। बच्चों ने इन खेलों में उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया, जिससे समर कैम्प का वातावरण आनंदमय एवं उत्साहपूर्ण बना रहा। विद्यालय के प्रबंधक अतहर मोहम्मद एवं प्रधानाचार्य सौरभ शर्मा ने बच्चों की मेहनत, रचनात्मकता और बुद्धिमत्ता की सराहना करते हुए उन्हें जीवन में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया तथा उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त स्टाफ का सराहनीय सहयोग रहा।

## सामूहिक कुर्बानी के स्थल सर्वजनिक हों: अजीत

**राष्ट्रीय गोरक्षक संघ ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन**

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



राष्ट्रीय गोरक्षक संघ ने ईद उल अजहा (बकरीद) पर सामूहिक कुर्बानी के लिए स्वीकृत किए स्थलों को सार्वजनिक किए जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन करते हुए एसडीएम जीत सिंह राय को ज्ञापन सौंपा । और कुर्बानी स्थलों पर प्रशासनिक निगरानी सुनिश्चित किए जाने की मांग की है। गुरुवार पूर्वान्ह 11 बजे राष्ट्रीय गौ रक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष पंडित अजीत शर्मा तमाम पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ नारेबाजी करते हुए तहसील पहुंचे। उन्होंने एसडीएम श्री राय को ज्ञापन देते हुए कहा कि बकरीद के अवसर पर कानून व्यवस्था, जन सुरक्षा सहित सामाजिक सौहार्द बनाए रखने हेतु कुर्बानी के लिए के लिए निर्धारित स्थलों की सूची सार्वजनिक की जाए। साथ ही प्रत्येक निर्धारित स्थल पर प्रशासन एवं पुलिस विभाग की निगरानी सुनिश्चित की जाए। जिससे किसी प्रकार की अवस्थाएं तथा अवैध गतिविधि और विवाद की स्थिति उत्पन्न ना हो। शासन एवं न्यायालय द्वारा सार्वजनिक स्थलों और सड़कों पर धार्मिक गतिविधियों के संबंध में जारी दिशा निर्देशों का भी सख्ती से पालन कराया जाए। एसडीएम जीत सिंह राय ने ज्ञापन लेकर प्रदेश अध्यक्ष को आश्वस्त किया कि कुर्बानी के लिए स्थल निर्धारित किए गए हैं। ज्ञापन देने वालों में प्रमोद गंगवार, कृष्णा गंगवार, अभिजीत प्रताप सिंह, सचिन यादव, राजीव पटेल, राम लखन कुशवाहा, सुशील कुमार, अखिलेश मिश्रा, जितेंद्र सिंह, वीर दीक्षित, अजय प्रताप, राजदीपक शर्मा, अमित गंगवार, अनुज द्विवेदी, नरसिंह, शीलेंद्र मोहन मिश्रा, रामसिंह आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## बेरोजगार युवाओं के लिए अच्छा अवसर

**शाहजहांपुर।** बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार ने अब जर्मनी, इजराइल एवं जापान में नर्स, असिस्टेंट नर्स तथा केयरगिवर के पदों के लिए भर्ती सेवायोजन विभाग के पोर्टल के माध्यम से की जा रही है। जिसका पंजीकरण उक्त पोर्टल पर शुरू कर दिया गया है। जानकारी देते हुए जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि उक्त पदों पदों पर भर्ती हेतु रिक्त पदों का विवरण आयुसीमा, शैक्षिक योग्यता अनुभव वेतन आदि निर्धारित किया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी विभागीय पोर्टल पर पंजीकरण कराने के उपरान्त आवेदन कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 155330 या सेवायोजन कार्यालय से सम्पर्क कर सकते है।

## सीएचसी ददरौल में पोषण पोटली वितरण




**शाहजहांपुर।** उड़ान एक उम्मीद फाउंडेशन की ओर से सीएचसी ददरौल में क्षय रोगियों को पोषण पोटली का वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला क्षय रोग अधिकारी डा.ओमेंद्र राठौर की अध्यक्षता में उक्त कार्यक्रम किया गया। जिसमें एमओआईसी डा.अमित यादव के नेतृत्व में संस्था की अध्यक्ष नीलम गुप्ता द्वारा 30 क्षय रोगियों को पोषण पोटली का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला क्षय रोग अधिकारी ने कहा कि संस्था द्वारा क्षय रोगियों के हित में किए जा रहे, कार्य सराहनीय है। इससे समाज में जनजागरूकता का मैसेज जाता है। उड़ान संस्था की नीलम गुप्ता ने कहा कि 18 माह से लगातार उनकी संस्था मरीजों की मदद कर रही है। जोकि आगे भी जारी रहेगी। इस दौरान रशिम गुप्ता, डीपीपीएमसी आरती सिंह, नरेंद्र मिश्रा, अजय शुक्ला, मधुकर का विशेष सहयोग रहा।

## कृष्णपाल टीचर आफ द ईयर अवार्ड से सम्मानित

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** लिटिल स्कॉलर्स स्कूल के वरिष्ठ अध्यापक कृष्णपाल को मैनेजमेंट कमेटी ने टीचर ऑफ द ईयर का अवार्ड देकर सम्मानित किया। स्कूल की प्रिंसिपल इरम मंसूरी ने बताया की कृष्ण पाल समय के बहुत पंक्चुअल एवं बच्चों में पढ़ाई के लिए लोकप्रिय हैं। स्कूल के प्रति उनकी हाजिर जवाबी से खुश होकर स्कूल प्रबंध समिति ने उन्हें स्मृति चिन्ह एवं नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। स्कूल के सहायक प्रबंधक अब्दुल रहमान खा, प्रधानाध्यापक सर्वेश सिंह चैहान, शिवम वर्मा, सोनम मिश्रा, वासुदेव सिंह चैहान, रीता सिंह चैहान, आसना चैहान, करुणा शंकर पांडे, जितेंद्र सिंह कुशवाहा, ऋषभ पाल, अनुपम शर्मा, शिवांगी वर्मा, पल्लवी राठौर सहित सभी शिक्षकों ने कृष्णपाल को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।



## संविदा स्वास्थ्य कर्मियों का दूसरे दिन कार्य बहिष्कार जारी रहा

**सीएचसी परिसर में काली पट्टी बांध कर किया जोरदार प्रदर्शन**

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ के प्रांतीय आह्वान पर गुरुवार को दूसरे भी धरना प्रदर्शन जारी रहा। कर्मचारियों ने दो महीने का बकाया मानदेय दिलाये जाने की पुरजोर मांग की । गुरुवार को सीएचसी परिसर में उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ के बैनर तले संविदा स्वास्थ्य कर्मियों ने दो माह का लंबित वेतन दिए जाने की मांग को लेकर वाहों में काली पट्टी बांधकर कार्य बहिष्कार करते हुए धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। संविदा कर्मचारियों ने बताया कि बह लोग बीते दो माह से बकाया भुगतान दिए जाने की मांग कर रहे हैं। संविदा कर्मचारियों का कहना है कि वेतन न मिलने से आर्थिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। फिलहाल उनका कहना है कि जब तक उनका भुगतान नहीं किया जाएगा तब तक अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार करते रहेंगे। इस मौके पर प्रियंका यादव, वीआरिफा, बीपीएम जिया उल हक, डॉ अभिषेक जोहरी, शोभित प्रताप, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रमोद वर्मा, संगठन मंत्री सचिन गुप्ता, हरिओम, संगीता, वर्षा राठौर, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## गैर समुदाय के प्रधान पुत्र पर युवती से छेड़छाड़ का आरोप

**खुदागंज, शाहजहांपुर।** खुदागंज थाना क्षेत्र के एक गांव में प्रधान पुत्र पर युवती के घर में घुसकर छेड़छाड़ करने का गंभीर आरोप लगा है। पीड़ित परिवार ने मामले की शिकायत पुलिस से करते हुए कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता के अनुसार, देर रात गांव का ही एक युवक, जो प्रधान का पुत्र बताया जा रहा है, घर में घुस आया और उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने युवती का मुंह दबा दिया और कथित तौर पर गलत मंशा से हमला करने की कोशिश की।

**पीड़ित परिवार पुलिस कार्रवाई से असंतुष्ट, कठोर कार्रवाई की मांग**

युवती की चीख-पुकार सुनकर पिता मौके पर पहुंच गए।परिजनों का आरोप है कि पिता ने आरोपी युवक को मौके पर पकड़ लिया, लेकिन हाथापाई और धक्का-मुक्की के बाद आरोपी वहां से फरार हो गया। भागते समय आरोपी अपनी चप्पल मौके पर ही छोड़ गया, जिसे परिजनों ने सबूत के तौर पर सुरक्षित रखा है। पीड़ित परिवार का कहना है कि उन्होंने घटना की सूचना पुलिस को दी, लेकिन अब तक संतोषजनक कार्रवाई नहीं हुई है। परिवार ने आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। वहीं, पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## दीपपुर में उर्स-ए-खरमासी का कव्वाली के साथ हुआ समापन, जायरीनों की उमड़ी भीड़

**खुदागंज, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



ग्राम पंचायत दीपपुर में आयोजित खानपुर खरमासी के प्रसिद्ध उर्स का बुधवार को अकीदत और भाईचारे के माहौल में समापन हो गया। उर्स के अंतिम दिन आयोजित शानदार कव्वाली कार्यक्रम ने देर रात तक समां बांधे रखा, जिसमें दूर-दराज से पहुंचे जायरीनों ने बड़ी संख्या में शिरकत की। कव्वाल नौशाद शोला ने अपनी शानदार प्रस्तुति से महफिल में मौजूद लोगों का दिल जीत लिया। सूफियाना कलाम और दमदार अंदाज ने जायरीनों का खूब ध्यान आकर्षित किया। पूरी महफिल देर रात तक ÷वाह-वाह÷ और तालियों की गूंज से सराबोर रही। उर्स के दौरान क्षेत्र में भाईचारा, अमन और सौहार्द का माहौल देखने को मिला। आयोजन समिति द्वारा जायरीनों के लिए जगह-जगह लंगर की व्यवस्था की गई, जहां बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने में पुलिस प्रशासन का भी पूरा सहयोग रहा। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल पूरे समय मुस्तैद नजर आया, जिससे किसी प्रकार की अव्यवस्था नहीं होने दी गई। उर्स के समापन अवसर पर 21 मई की सुबह कुल शरीफ की रस्म अकीदत के साथ अदा की गई, जिसमें मुल्क में अमन-चैन, खुशहाली और तरक्की के लिए विशेष दुआएं मांगी गईं। उर्स के सफल आयोजन पर क्षेत्रवासियों और जायरीन ने आयोजन समिति की सराहना की।

## विधायक अरविंद सिंह की मौजूदगी में विकास कार्यों को मिली मंजूरी

**कांट, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



नगर पंचायत कार्यालय सभागार में गुरुवार को आयोजित बोर्ड बैठक में नगर के विकास को लेकर कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लगी। बैठक में पहुंचे ददरौल विधायक अरविंद सिंह ने विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ कार्य कराने के निर्देश दिए। नगर पंचायत अध्यक्ष मुनारा बेगम की अध्यक्षता में आयोजित बैठक का संचालन अधिशासी अधिकारी नूरजहां ने किया। बैठक में नगर के सौंदर्यीकरण और आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने को लेकर करोड़ों रुपये के विकास कार्यों को स्वीकृति दी गई। बैठक में अभियान मोड़ स्थित गाटा संख्या 2474 से अतिक्रमण हटाकर वहां नगर पंचायत की दुकानों के निर्माण का प्रस्ताव पारित किया गया। साथ ही नगर के सभी तालाबों को अतिक्रमण मुक्त कराकर उनका सौंदर्यीकरण कराने का निर्णय लिया गया।

इसके अलावा डिग्री कॉलेज के पास आधुनिक लाइब्रेरी स्थापित करने, मुख्य चैराहे पर अटल चैक बनाए जाने तथा नगर के सभी 15 वार्डों के चैराहो पर महापुरुषो की प्रतिमाओ को लगाने के प्रस्तावों को भी मंजूरी दी गई। नगर के प्रत्येक वार्ड में सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने की योजना भी पास की गई। विधायक अरविंद सिंह ने कहा कि नगर के विकास और नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप विकास कार्यों को तेजी से धरातल पर उतारा जाएगा, जिससे नगर की तस्वीर बदलने का काम होगा। बैठक मे पूर्व अध्यक्ष रईस मियां, सभासद रजनीश कश्यप, सिकदार सिंह, अकरम इरफान, खालिद खाँ, गिरीश मिश्रा, मनीषा, गंगावती रानी देवी, नरगिस, सलमा आदि उपस्थित रहे।

# भैंसी नदी पुनर्जीवन अभियानः खुदाई कार्य का एडीएम ने किया निरीक्षण

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।



मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार दस वर्ष एक जनपद एक नदी कार्यक्रम के अंतर्गत भैंसी नदी के पुनर्जीवन का कार्य जनसहयोग एवं प्रशासनिक समन्वय से निरंतर आगे बढ़ रहा है। गुरुवार को एडीएम वित्त अरविंद कुमार ने ग्राम पंचायत नवादा दह से ऊलेनापुर धारा तक चल रहे भैंसी नदी पुनर्जीवन अभियान का स्थलीय निरीक्षण किया।

एडीएम वित्त अरविंद कुमार ने बताया कि अब भैंसी नदी की दूसरी धारा, जिसकी लंबाई लगभग 25 किलोमीटर है, की खुदाई का कार्य कराया जा रहा है। इस कार्य का शुभारंभ 8 मई 2026 को डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह द्वारा किया गया था तथा वर्तमान में लगभग 14 किलोमीटर क्षेत्र में खुदाई कार्य पूर्ण कराया जा चुका है। उन्होंने बताया कि दूसरी धारा की खुदाई 10 जेसीबी मशीनों के माध्यम से तेजी से कराई जा रही है। एडीएम वित्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी पाँच दिनों के भीतर शेष कार्य को पूर्ण गुणवत्ता एवं तेजी के साथ पूरा कराया जाए, ताकि वर्षा ऋतु से पूर्व नदी का स्वरूप स्पष्ट रूप से विकसित हो सके। उन्होंने कहा कि 20 तारीख तक कार्य को संतोषजनक स्थिति में लाने का लक्ष्य रखा गया था तथा अब अभियान को और अधिक गति देने की आवश्यकता है। इस दौरान बीडीओ मनीष दत्त, संजय पाठक, गर्गवार, संबंधित लेखपाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## दो दिन बाद ईलाज के दौरान युवक की मौत

रोजा, शाहजहांपुर। मंगलवार को छत से गिरकर गंभीर रूप में घायल युवक की राजकीय मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस पत्नी की तहरीर पर शव के पोस्टमार्टम की कार्रवाई की। थाना क्षेत्र के सिसौआ गांव के चरकुई मजरा निवासी रवित कुमार (26) मंगलवार को दिन में वह अचानक छत से गिर गए। उसे उपचार के लिए आनन फानन में राजकीय मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। वही पत्नी ने पुलिस को सूचना देकर शव का पोस्टमार्टम कराने की मांग की। बताते है कि रवित कुमार मानसिक रूप से स्वस्थ नहीं था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शव को पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।



गुरुवार को गांव बनिगवां निवासी दशरथ पुत्र सुरेशचन्द्र ने गांव के ही विमल कुमार पुत्र शिवकुमार एवं व अमरजीत पुत्र रूपराम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। दर्ज रिपोर्ट में बताया कि पुत्र आशीष कुमार पर जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायर करने व बचने पर मोटरसाइकिल से टक्कर मार दी जिस कारण पुत्र का पैर टूट गया। इसके अलावा उन लोगों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। जिसके बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। तलाश के दौरान मुखबिर ने पुलिस को सूचना दी कि अमरजीत मोहम्मदी रोड खुटार हाईवे फ्लाईओवर के नीचे खड़ा है ओर वह कहीं जाने की फिराक में है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर तत्काल उसे गिरफ्तार किया गया। जिसके बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# महिला सुरक्षा से खिलवाड़ और सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ त्वरित एक्शन के निर्देश

जलालाबाद, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।



पुलिस की असली ताकत उसकी लाठी नहीं, बल्कि जनता का उस पर भरोसा है। थाने आने वाले हर पीड़ित की बात को संवेदनशीलता से सुनें। आपका व्यवहार ऐसा होना चाहिए कि अपराधी खौफ खाएं और आम नागरिक खुद को सुरक्षित महसूस करे। यह हिदायत अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) ने थाना जलालाबाद में नए रिक्रूट आरक्षियों को देते हुए कही। पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर के विशेष निर्देशन में इन दिनों नए पुलिसकर्मियों को व्यावहारिक पुलिसिंग और अनुशासन का पाठ पढ़ाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण और क्षेत्राधिकारी (सीओ) जलालाबाद ने थाना परिसर में नए रिक्रूट आरक्षियों की एक महत्वपूर्ण ब्रीफिंग ली। इस दौरान नए सिपाहियों को जनता से जुड़ाव (जनसंपर्क) और पुलिस आचरण नियमावली के बारे में विस्तार से समझाया गया।

**बाजारों में पैदल गश्त, व्यापारियों को दिलाया सुरक्षा का भरोसाः** ब्रीफिंग खत्म होने के तुरंत बाद अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण और क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में भारी पुलिस बल सड़कों पर उतरा। पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र के प्रमुख बाजारों, संवेदनशील चौराहों, मुख्य रास्तों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गश्त (फ्लैग मार्च) की।

अचानक भारी पुलिस बल को सड़कों पर देखकर जहां स्थानीय लोगों और व्यापारियों में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई, वहीं संदिग्ध और अराजक तत्वों में हड़कंप मच गया। गश्त के दौरान अधिकारियों ने स्थानीय व्यापारियों, दुकानदारों और राहगीरों से सीधा संवाद स्थापित किया। अधिकारियों ने उनसे सुरक्षा व्यवस्था और पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर फीडबैक लिया और साफ किया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बिगाड़ने वाले या हुड़दंग करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

## खबरें एक नजर में

### विश्वविद्यालय में प्रशासनिक सक्रियता तेज, विभिन्न संकायों को मिले संकायाध्यक्ष

**शाहजहांपुर।** स्वामी शुकदेवानन्द विश्वविद्यालय में प्रशासनिक एवं शैक्षणिक व्यवस्थाओं को गति देने की दिशा में कुलपति प्रो. पुष्पेंद्र बहादुर सिंह ने सक्रिय पहल शुरू कर दी है। विश्वविद्यालय के सुचारु संचालन एवं विभिन्न संकायों में शैक्षणिक गतिविधियों को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से विभिन्न संकायों के अंतरिम संकायाध्यक्षों की नियुक्ति संबंधी कार्यालय ज्ञाप कुलसचिव वीरेंद्र कुमार मौर्य के द्वारा जारी किया गया है।
विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 की धारा 27(4) के अंतर्गत जारी इस आदेश में कृषि, कला, वाणिज्य, विधि, विज्ञान, शिक्षा एवं व्यवसाय प्रबंधन संकायों हेतु अंतरिम संकायाध्यक्ष नामित किए गए हैं। प्रशासनिक स्तर पर यह कदम विश्वविद्यालय में शैक्षणिक संरचना को सुदृढ़ करने तथा अकादमिक कार्यों को व्यवस्थित रूप से संचालित करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। जारी आदेश के अनुसार कृषि संकाय का दायित्व प्रो. एस. मुजीबुद्दीन, कला संकाय का दायित्व प्रो. आलोक मिश्रा, वाणिज्य संकाय का दायित्व प्रो. अनुराग अग्रवाल, विधि संकाय का दायित्व प्रो. आदित्य कुमार सिंह, विज्ञान संकाय का दायित्व पुनः प्रो. एस0 मुजीबुद्दीन, शिक्षा संकाय का दायित्व प्रो. मीना शर्मा तथा व्यवसाय प्रबंधन संकाय का दायित्व प्रो. अनुराग अग्रवाल को सौंपा गया है। इसके अतिरिक्त डिजीशक्ति संबंधी समस्त कार्यों के निष्पादन व निस्तारण हेतु कंप्यूटर साइंस विभाग के श्री रजत कुमार सिंह को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। शोध कार्यों के सकुशल निष्पादन हेतु प्रोफेसर अनुराग अग्रवाल को शोध निदेशक का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। प्रोफेसर आदित्य कुमार सिंह को प्रवेश समन्वयक एवं प्रो शालीन कुमार सिंह को सहायक प्रवेश समन्वयक का दायित्व सौंपा गया है। श्री संदीप अवस्थी नोडल अधिकारी (समर्थ पोर्टल) एवं श्री अवनीश चैहान तकनीकी सहायक भूमिका में रहेंगे।
विश्वविद्यालय से जुड़े शिक्षकों एवं कर्मचारियों के बीच इस निर्णय को सकारात्मक पहल के रूप में देखा जा रहा है। माना जा रहा है कि कुलपति प्रो. पुष्पेंद्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में विश्वविद्यालय प्रशासन अब शैक्षणिक गुणवत्ता, प्रशासनिक पारदर्शिता और संस्थागत विकास को लेकर तेजी से आगे बढ़ेगा। उल्लेखनीय है कि हाल ही में कार्यभार ग्रहण करने वाले प्रथम कुलपति प्रो. पी. बी. सिंह विश्वविद्यालय को सक्रिय एवं परिणामोन्मुख बनाने में जुटे हुए हैं। संकायाध्यक्षों की नियुक्ति को विश्वविद्यालय के शैक्षणिक ढांचे को मजबूत करने तथा भविष्य की योजनाओं को गति देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### बिजली उपभोक्ताओं ने बंथरा बिजली स्टेशन पर दिया ज्ञापन



**तिलहर - शाहजहांपुर।** भीषण गर्मी में बिजली कटौती से नाराज बंथरा क्षेत्र के ग्रामीणों ने हंगामा करते हुए एसडीओ वीएन चौहान को ज्ञापन सौंपा। गुरुवार को अभिषेक सिंह के नेतृत्व में बिजली उपभोक्ता एकत्र हुए। अभिषेक सिंह ने कहा कि भीषण गर्मी में क्षेत्र के लोगों को 24 घंटे में केवल 7 से 8 घंटे ही बिजली सप्लाई मिल पा रही है। बिजली कटौती से गर्मी में उपभोक्ताओं का बुरा हाल बना हुआ है। उन्होंने कहा कि बिजली रोस्टिंग दिन में 3 घंटे तथा रात में 3 घंटे होनी चाहिए। बिजली कटौती बंद न की गई तो क्षेत्र के तमाम लोग पावर हाउस का घेराव कर धरना प्रदर्शन करेंगे।

# जमीनी विवाद में दो पक्षों में हुई जमकर मारपीट

▸ पीड़ित ने जानलेवा हमला करने का लगाया आरोप

पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

गांव धर्मगदपुर खुर्द निवासी धर्मेंद्र कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव के ही कुछ दबंग लोगों से जमीनी विवाद चल रहा था। जिसको लेकर 19 मई को उन दबंग लोग ने एक राय होकर हाथों में धारदार बांका, लाठी डंडे व मठेई लेकर आए ओर मेरे पिता सूरजपाल को मारने पीटने लगे ओर बांका चला दिया जिस कारण उनके सिर की हड्डी टूट गई। भाई व चाचा को भी गम्भीर चोटें आई। धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि कोतवाली में आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी थी मगर उन पर अभी कोई कार्यवाही नहीं कि गई है। जब अस्पताल से इलाज कराकर वापस घर आया उसके बाद दोबारा तहरीर दी शिकायत कर्ता का कहना है कि उन में एक आरोपी 302 का है वो आएदिन जान से मारने की धमकी दे रहा है।

# दबंगों ने निर्मित कर दी आम सड़क पर सीढ़ियां, लोग परेशान

मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

नगर के मोहल्ला आतिशबाजान निवासी इसहाक हुसैन पुत्र मल्हे बख्श ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को भेजे गए प्रार्थना पत्र में कहा कि नगर पंचायत कटरा के मोहल्ला आतिशबाजान निवासीगण नसीम पुत्र सद्दीक सीताराम पुत्र घारम व महमूद रजा पुत्र अज्ञात ने अपने अपने मकानों का मानचित्र स्वीकृत कराये बगैर ही मकानों के अन्दर आवागमन हेतु नगर पंचायत कटरा द्वारा निर्मित आम खड़ण्जे पर पक्की सीढ़ियां बना ली हैं। जिनमें सीताराम व उसके बेटों ने करीब 8 फुट लम्बी व ढाई फुट चौड़ी पक्की सीढ़ियां बना ली हैं जिससे बरसाती व घरेलू पानी के निकास हेतु निर्मित नाली बिल्कुल ढक गयी है और नाली में फावड़ा न पड़ने से सफाई कार्य भी पूर्ण रूप से बाधित हो गया है व आवागमन भी प्रभावित हो रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि सीताराम का पुत्र रवि जिला बदर अपराधी है जिसके कारण कोई भी व्यक्ति उसके विरूद्ध आवाज उठाने का साहस नहीं जुटा पाता।

पीड़ित ने तहसील दिवस तहसील तिलहर में जिलाधिकारी, 19 जनवरी 26 को मुख्य विकास अधिकारी व 7 फरवरी 26 को उपजिलाधिकारी, की अध्यक्षता में समाधान दिवसों में उपर्युक्त पक्की सीढ़ियों के ध्वस्तीकरण की मांग कर चुका हूँ। परन्तु स्वेच्छाचारी व हठधर्मी शिवलाल राम अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत कटरा ने उक्त प्रकरण में कोई भी कार्यवाही करने की जरूरत नहीं समझी। इससे मुझे घोर निराशा है।

नगर पंचायत कटरा में मृतक आश्रित के स्थान पर माली के पद पर कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी अजय कुमार का वर्चस्व है। नगर पंचायत कटरा के सारे कार्य इसी कर्मचारी के इशारे पर सम्पन्न होते हैं। अधिशासी अधिकारी, शिवलाल राम तो रबर स्टैम्प हैं। उक्त प्रकरण में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी अजय कुमार ने अपने पद एवं अधिकार का दुरूपयोग कर मिथ्या साक्ष्य जुटाकर अतिक्रमणकर्ताओं का पक्ष लेते हुए शिकायतकर्ता के ही विरूद्ध कार्यवाही करने की धमकी दी है। यही भी प्रकाश में आया है कि माली के पद पर कार्यरत रहते हुए अजय कुमार ने संस्थागत परीक्षार्थी के रूप में किसी महाविद्यालय से बी0ए0 की परीक्षा उत्तीर्ण कर कूटकरण (जालसाजी) की है। इराकी निष्पक्ष जाँच कर इसके विरूद्ध विभागीय व विधिक कार्यवाही अमल में लायी जावे। साथ ही साथ विगत काल में नगर पंचायत कटरा द्वारा कराये गये सभी विकास कार्यों की निष्पक्ष जाँच कर दोषी लोगों के विरूद्ध न्यायोचित कार्यवाही की जाये। यदि निर्धारित समय सीमा में आपके द्वारा मेरे ज्ञापन में वर्णित सभी विन्दुओं की स्थलीय जांच कर न्यायोचित कार्यवाही कर मुझे न्याय नहीं दिलाया गया तो मैं 29 मई 26 को अपने अमूल्य जीवन का मोह त्यागते हुए अति दुःखित होकर आपके कार्यस्थल के सामने आत्मदाह कर लूंगा। इससे कारित होने वाली सम्पूर्ण मानसिक, आर्थिक व शारीरिक क्षति का पूर्ण उत्तरदायित्व स्वयं आपका व उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ का होगा।

# अगर आपके आस-पास हैं सूखे तालाब-सरोवर तो घुमाइए कन्ट्रोल रूम नंबर

▸ मिशन तालाब पुनर्भरण कार्यक्रम चलाया गया

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।



भीषण गर्मी एवं हीटवेव के दृष्टिगत डीएम द्वारा दिए गये निर्देश के क्रम में जनपद में 1 मई से 20 मई के मध्य मिशन तालाब पुनर्भरण कार्यक्रम चलाया गया। कार्यक्रम के दौरान जनपद में निर्मित अमृत सरोवरों एवं अन्य तालाबों में पानी भरे होने, सूखे तालाबों को पानी से भराने हेतु स्त्रोत का सर्वे विकास खण्डों के माध्यम से कराया गया।

सीडीओ उत्कर्ष द्विवेदी ने बताया कि विकास खण्डों द्वारा उपलब्ध कराये गये आकड़ों के अनुसार जनपद में निर्मित 265 अमृत सरोवरों में से 169 सरोवरों में पूर्व से पानी भरा पाया गया। शेष सूखे 96 अमृत सरोवरों में से 37 अमृत सरोवरों में ग्राम पंचायतों के संसाधन तथा नहरों के माध्यम से पानी भराने का कार्य किया गया। शेष 59 अमृत सरोवरों में पानी भराने की कार्यवाही का लक्ष्य एक सप्ताह में पूर्ण कराने केक्ष निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार अमृत सरोवरों के अतिरिक्त जनपद के विभिन्न ग्राम पंचायतों में निर्मित अन्य 1461 तालाबों का सर्वे भी कराया गया। जिसमें पाया कि 1133 तालाबों ने पूर्व से पानी भरा है। शेष सूखे 328 तालाबों में से 115 तालाबों में कार्यक्रम के मध्य ग्राम पंचायतों के संसाधन तथा नहरों के माध्यम से पानी भराने का कार्य किया गया। शेष 213 अमृत सरोवरों में पानी भराने की कार्यवाही का लक्ष्य एक सप्ताह में पूर्ण कराने हेतु निर्धारित किया गया है। साथ ही सीडीओ ने बताया कि डीएम से प्राप्त निर्देश के क्रम में मिशन तालाब पुनर्भरण कार्यकम के अन्तर्गत तालाबों में पानी भराने, तालाबों में पानी भरे होने का वेरिफिकेशन एवं स्त्रोत का सर्वे प्रत्येक दिवस कन्ट्रोल रूम के माध्यम से कराया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों की जनता से अपील की गई है कि यदि कोई तालाब सूखा है तथा उसमें पानी भरवाने की आवश्यकता है तो कन्ट्रोल रूम के हेल्पलाइन नम्बर 9454464693 पर अवगत करा सकते है।

# लखनऊ में अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज के विरोध में पुवायां बार एसोसिएशन का प्रदर्शन, न्यायिक कार्य से रहे विरत

▸ अधिवक्ताओं ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।



राजधानी लखनऊ में अधिवक्ताओं पर हुए पुलिस लाठीचार्ज और अधिवक्ताओं की सीटों पर बुलडोजर चलाने की घटना के विरोध में बार एसोसिएशन पुवायां ने कड़ा आक्रोश जताया है। बार एसोसिएशन ने इस मामले में राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम पुवायां को सौंपते हुए दोषी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

बार एसोसिएशन पुवायां के अध्यक्ष अजय पाण्डेय एडवोकेट एवं महामंत्री कुमार गौरव शुक्ला एडवोकेट के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि लखनऊ में अधिवक्ताओं पर पुलिस द्वारा बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज किया गया, जिसकी बार संघ घोर निंदा करता है। साथ ही अधिवक्ताओं की वैध सीटों पर अवकाश के दिन बुलडोजर चलाकर उन्हें तोड़े जाने की कार्रवाई की भी घोर निंदा और विरोध किया। ज्ञापन में मांग की गई कि अधिवक्ताओं की सीटों का पुनर्निर्माण सरकार द्वारा कराया जाए तथा घायल अधिवक्ताओं को उचित मुआवजा दिया जाए। बार एसोसिएशन ने यह भी कहा कि पूरे मामले में शामिल दोषी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई हो, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके। बार संघ ने प्रदेश के अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट को शीघ्र लागू करने की भी मांग उठाई। बार एसोसिएशन पुवायां ने घोषणा की है कि उक्त घटना के विरोध में 21 मई को समस्त अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे। इस दौरान बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय पांडेय ने कहा कि अधिवक्ताओं के सम्मान और सुरक्षा से किसी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। इस मौके पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय पांडेय, महामंत्री कुमार गौरव शुक्ला, अरूण कुमार शुक्ला, गोपाल अग्निहोत्री, ओपी मिश्रा, राकेशचंद्र गुप्ता, सियाराम शुक्ला, अरविंद मिश्रा, वीरेंद्रपाल सिंह यादव, सूर्य प्रकाश श्रीवास्तव, मलिखान सिंह, अश्वनी कुमार भटनागर आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# सड़कों पर बह रहा पानी, बूंद बूंद को तरस रहे नागरिक



**तिलहर-शाहजहांपुर।** नगर में वाटर सप्लाई लाइन क्षतिग्रस्त होने के चलते 24 घंटे से ऊपर बीतने के बाद भी वाटर सप्लाई सुचारू न होने से जहां नागरिक बूंद बूंद पानी को तरस गये हैं । वहीं पाइप लाइन ध्वस्त होने से सड़क पर वे शुमार पानी बह रहा है। नगर में बिजली के खंभे लगने के दौरान पाइप लाइन ध्वस्त हो जाने से उपभोक्ता बूंद बूंद पानी को तरस रहे हैं। नगर वासियों के लिए इस भीषण गर्मी के मौसम में सरकारी नल (टंकी) से पानी न आने के चलते काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है । नगर की पंजाबी कॉलोनी मोड़ पर बिजली विभाग द्वारा एक खंभा लगाया जा रहा था । इसी दौरान पानी की पाइप लाइन तीन जगह से क्षतिग्रस्त हो गई ।और पानी सड़क पर बह गया । सूचना पर नगर पालिका प्रशासन के जलकल अनुभाग की टीम लाइन को सही करने में जुट गई । लेकिन सही करने में उन्हें 24 घंटे से ऊपर का समय लग गया। जो सरकारी नल के पानी से ही अपना जीवन यापन करते हैं । उनके लिए यह 24 घंटे बेहद भारी पड़ गए। ईओ सत्येंद्र प्रकाश के मुताबिक बिजली विभाग के खंबे लगाने के दौरान वॉटर सप्लाई लाइन डैमेज हो गई। जिसको सही किया गया है। और जल्द ही वाटर सप्लाई सुचारू कर दी जाएगी।

# मिर्जापुर क्षेत्र में खुलेआम हो रहा मिट्टी का अवैध खनन

▸ एसपी से शिकायत पर फर्जी दरोगा बनकर माफिया ने शिकायतकर्ता को धमकाया
▸ आरोपः थानाध्यक्ष के कथित रिश्ते का भाई क्षेत्र में अवैध खनन का सूत्रधार, माफिया से करवाता है सेटिंग

**मिर्जापुर (शाहजहांपुर)।** थाना क्षेत्र में अवैध खनन मिट्टी खनन की ऑडियो/वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस और खनन माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। मालूम हो कि बीती रात क्षेत्र के एक पत्रकार ने एक गांव में अवैध मिट्टी खनन होने की शिकायत पुलिस अधीक्षक से कर दी थी।

एसपी कार्यालय से मिर्जापुर थाने को शिकायतकर्ता का मोबाइल नम्बर देकर अवैध खनन रुकवाने और माफिया के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए। थाना पुलिस ने खनन माफिया को शिकायतकर्ता का मोबाइल नम्बर देकर मामले को किसी तरह निबटा लेने के लिए कहा गया। फिर क्या खनन माफिया ने मिर्ज़ापुर थाने का फर्जी दरोगा बनकर अवैध खनन की शिकायत करने वाले पत्रकार को धमकाने का प्रयास किया। पत्रकार ने फर्जी दरोगा बने माफिया की काल रिकॉर्डिंग सोशल मीडिया पर वायरल कर दी है।

आरोप है कि थाना क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन करवाए जाने की कमान थाना प्रभारी के एक कथित रिश्ते के भाई के हाथ में है। माफिया सीधे खनन की सेटिंग उसी थाना प्रभारी के कथित रिश्तेदार से करके खुलेआम दिन रात उपजाऊ धरती का सीना छलनी करके अपनी तिजोरियां भर रहे हैं। शिकायत करने वालों को पुलिस के दलाल झूठे मुकदमें में फंसा देने की धमकी देकर मुंह बंद कर देते हैं।

बीती रात मिर्जापुर थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत जरियनपुर के मजरा तारापुर में अवैध खनन की शिकायत एक पत्रकार निर्जेश कुमार ने एसपी से कर दी थी। एसपी कार्यालय से थानाध्यक्ष मिर्ज़ापुर को अवैध खनन की शिकायत से अवगत करवाकर कार्रवाई के निर्देश दिए। थाना पुलिस ने शिकायतकर्ता का मोबाइल नम्बर खनन माफिया को देकर किसी तरह मामले को निबटाने के लिए कहा गया।

आरोप है कि माफिया ने थाने का फर्जी दरोगा बनकर शिकायतकर्ता पत्रकार निर्जेश कुमार को हड़काते हुए पूछा कि कहां खनन हो रहा है। शिकायतकर्ता ने फर्जी दरोगा बने खनन माफिया की काल रिकॉर्डिंग पर लगाकर नाम और नंबर पूंछ लिया। तभी फर्जी दरोगा पत्रकार से ले देकर मामला निबटा लेने का दबाव बना रहा है। जिसकी ऑडियो और खनन की वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है।

# मंडलायुक्त ने जनसंवाद में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं, अधिकारियों को दिशा निर्देश

पीलीभीत, समृद्धि न्यूज।




मंडला आयुक्त ने पूरनपुर ब्लॉक के गांव बमनपुर भागीरथ ग्राम पंचायत में जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का संचालन प्राथमिक माध्यमिक विद्यालय बमनपुर में हुआ, जहां स्थानीय ग्रामीणों ने अपनी विभिन्न समस्याएं रखीं। आयुक्त विशेष रूप से बरेली से इस कार्यक्रम में शामिल होने बमनपुर पहुंची। जनसंवाद के दौरान जिलाधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ), मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ), डीएसओ, एक्शन जल निगम, बिजली विभाग और पंचायती राज विभाग सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।जनसंवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों ने सबसे ज्यादा बढ़ते नशे के कारोबार पर चिंता जताई। इसके अलावा गांव में इंटरमीडिएट स्कूल खुलवाने, हर घर जल योजना के तहत डाली गई पाइपलाइन के बंद पड़े होने और राजस्व विभाग से जुड़ी समस्याओं को भी उठाया।किसानों ने बताया कि राजस्व विभाग की लापरवाही के कारण उनकी फार्मर रजिस्ट्री नहीं हो पा रही है, जिस वजह से उन्हें खाद नहीं मिल रही है। इस समस्या से किसान काफी परेशान हैं।जिलाधिकारी ने किसानों की इस समस्या पर गंभीरता से संज्ञान लिया और साधन सहकारी समिति के अधिकारी को तुरंत समाधान करने के निर्देश दिए। साधन सहकारी समिति के अधिकारी ने जवाब देते हुए कहा, जिन किसानों की फार्मर रजिस्ट्री नहीं हो रही है, उन्हें खतौनी के आधार पर खाद उपलब्ध कराई जा रही है। यदि किसी किसान को कोई समस्या आती है तो वह फोन पर शिकायत कर सकता है।

### नशे के कारोबार पर सख्ती

आयुक्त और जिलाधिकारी ने नशे के बढ़ते व्यापार पर कड़ी चेतावनी दी। जिलाधिकारी ने कहा कि नशा व्यापारियों को बिल्कुल नहीं छोड़ा जाएगा। संबंधित विभागों को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं और गोपनीय विभाग इसकी जांच कर रहा है। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से अपील की कि जो लोग नशे का व्यापार कर रहे हैं, उनकी पहचान करने में प्रशासन का सहयोग करें।कार्यक्रम में ग्रामीणों की अन्य मांगों जैसे इंटरमीडिएट स्कूल खोलने और जल योजना की पाइपलाइन सुधारने पर भी अधिकारियों ने ध्यान देने का आश्वासन दिया।यह जनसंवाद कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों में प्रशासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## बीमार अस्पताल

गाल बजाते राजनेता और लोक कल्याणकारी होने का दावा करती सरकारों की नाक के नीचे सरकारी अस्पतालों की कैसी बदहाली है, ये किसी से नहीं छिपा है। लोकलुभावन कार्यक्रमों पर पैसा पानी की तरह बहाने वाली सरकारों व मंत्रियों की प्राथमिकताओं में, वे सरकारी अस्पताल कभी नहीं रहे हैं, जो गरीबों व साधनविहीन लोगों का अंतिम आश्रय होते हैं। कायदे से तो सरकारों को इस मुद्दे को प्राथमिकता मानते हुए तत्काल प्रभाव से अस्पतालों की दशा सुधारनी चाहिए। लेकिन विडंबना है कि हर बार न्यायालय को ही जनहित से जुड़े मुद्दों पर सख्ती दिखाकर सरकारों को कार्रवाई करने को कहा जाता है। एक बार फिर पंजाब व हरियाणा उच्च न्यायालय के आदेश से पंजाब तथा हरियाणा सरकारों की सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली के संचालकों को एक बेहद जरूरी झटका लगा है। हाईकोर्ट ने दोनों राज्यों को निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक जिला अस्पताल में आईसीयू सुविधाओं के साथ-साथ सीटी स्कैन और एमआरआई मशीनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। निश्चित रूप से न्यायालय के इस तरह के सकारात्मक हस्तक्षेप से स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर सत्ताधीशों के वायदों और उनके क्रियान्वयन के बीच बढ़ती खाई ही उजागर होती है। वहीं अदालत की कार्यवाही के दौरान पंजाब सरकार की ओर से न्यायालय को सूचित किया गया कि राज्य के 23 जिलों में से केवल छह जिला अस्पतालों में ही एमआरआई की सुविधा उपलब्ध है। दूसरी ओर राज्य के अस्पतालों में दो हजार से अधिक जनरल मेडिकल ऑफिसरों के पद और अन्य सैकड़ों विशेषज्ञों के पद खाली पड़े हुए हैं। वहीं कई जिलों के सरकारी अस्पतालों में कार्यशील आईसीयू की कमी है। अदालत ने हरियाणा सरकार से भी गहन देखभाल व निदान सुविधाओं की कमियों को लेकर स्पष्टीकरण मांगा है। निस्संदेह, इन खामियों से फिर उजागर हुआ है कि अनेक सरकारी अस्पतालों में महंगे चिकित्सा उपकरण अक्सर बिना इस्तेमाल के या कम उपयोग में क्यों रहते हैं। वहीं दूसरी ओर विभाग के उच्च अधिकारियों द्वारा भी गरीब व जरूरतमंद मरीजों की तात्कालिक जरूरतों को अनदेखा ही किया जाता है। न्यायालय की इस बात से बिल्कुल सहमत हुआ जा सकता है कि मौजूदा दौर में सीटी स्कैन,एमआरआई और आईसीयू तक मरीजों की पहुंच विलासिता नहीं, बल्कि बुनियादी स्वास्थ्य सेवा की आवश्यकता बन गई है। जो इस बात पर भी बल देता है कि सरकारें जिला स्तरीय क्रियाशील बुनियादी ढांचा बनाने के बजाय अनिश्चित काल तक आउटसोर्सिंग या रैफरल प्रणालियों पर निर्भर नहीं रह सकती हैं। वास्तव में सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली केवल खरीद की कमी से ही नहीं, बल्कि बिना योजना के भारी-भरकम खरीद की प्रवृत्ति से भी ग्रस्त है। वहीं दूसरी ओर अक्सर तकनीशियनों की अनुपलब्धता से एमआरआई मशीनें स्थापित नहीं हो पाती हैं। वहीं अनुबंध समाप्त होने के कारण अक्सर वेंटिलेटर धूल खाते रहते हैं। दूसरी तरफरेडियोलॉजिस्ट और बायोमेडिकल इंजीनियरों की अनुपस्थिति के कारण निदान सेवाओं को आउटसोर्स किया जाता है। बार-बार की गई ऑडिट रिपोर्टों से पता चलता है कि सरकारी अस्पतालों में करोड़ों रुपये के जीवन रक्षक उपकरण महीनों से लेकर वर्षों तक बेकार ही पड़े रहते हैं। जिसका खमियाजा जरूरतमंद मरीजों को उठाना पड़ता है। किसी भी अस्पताल में एक खराब सीटी स्कैनर की वजह से दुर्घटना पीड़ितों, कैंसर के मरीजों और हृदयाघात के रोगियों के उपचार में देरी होती है। दूसरी ओर सरकारी अस्पतालों में विशेषज्ञ डॉक्टरों का हर एक खाली पद कमजोर वर्ग के लोगों को महंगे निजी अस्पतालों में उपचार के लिये धकेल देता है। यह विडंबना ही है कि दूर-दराज के ग्रामीण इलाकों के मरीज अक्सर लंबी दूरी तय करके सरकारी अस्पतालों तक पहुंचते हैं। अक्सर देखा जाता है कि उन्हें या तो मशीनें काम न करती मिलती हैं या चलाने वाले कर्मचारी नहीं मिलते। निर्विवाद रूप से केवल मशीनें लगाने से ही मरीजों की समस्या का समाधान नहीं हो जाता। सही मायनों में सरकारी अस्पतालों में उपकरणों की उपलब्धता के साथ ही डॉक्टरों, तकनीशियनों आदि की जवाबदेही भी सुनिश्चित होनी ही चाहिए। वास्तव में किसी भी स्वास्थ्य सेवा का मूल्यांकन खरीदी गई महंगी मशीनों से नहीं, बल्कि सही समय पर उपचार का लाभ पाने वाले मरीजों की संख्या से होता है।

# हरित रूपांतरण और समृद्ध जैव विविधता का अनुकरणीय मॉडल शाहजहांपुर

उत्तर प्रदेश का शाहजहाँपुर जनपद वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण, वन्यजीव सुरक्षा और सतत विकास के क्षेत्र में एक अनुकरणीय मॉडल बनकर उभरा है। बढ़ती जनसंख्या, तीव्र औद्योगीकरण और अनियोजित शहरीकरण के इस दौर में जहाँ पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन और वैश्विक तापमान जैसी गंभीर चुनौतियों से जूझ रही है, वहीं शाहजहाँपुर ने अपनी प्राकृतिक संपदा को सहेजने की दिशा में असाधारण कदम उठाए हैं। प्रदेश सरकार की दूरगामी नीतियों और जिला प्रशासन के कुशल क्रियान्वयन के फलस्वरूप इस जनपद में वन विभाग ने प्रशासनिक सीमाओं से आगे बढ़कर पर्यावरण संरक्षण को एक व्यापक जन आंदोलन का रूप दे दिया है। यहाँ हुए कार्यों ने न केवल स्थानीय स्तर पर पारिस्थितिकी संतुलन को सुदृढ़ किया है, बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ और हरित भविष्य की मजबूत नींव भी रखी है।

किसी भी क्षेत्र की प्राकृतिक समृद्धि को अक्षुण्ण रखने के लिए सबसे पहली और अनिवार्य शर्त वहाँ के वनों की अवैध कटाई और वनीय अपराधों पर पूरी तरह से अंकुश लगाना है। शाहजहाँपुर में इस मोर्चे पर बेहद कड़े और प्रभावी कदम उठाए गए हैं। जिला प्रशासन की चौकसी और कड़े कानूनी रुख के कारण वन माफियाओं तथा अवैध गतिविधियों में संलिप्त तत्वों पर व्यापक शिकंजा कसा गया है। प्राप्त विवरणों के अनुसार, वनों की सुरक्षा को चाक-चौबंद करते हुए कुल 942 वन अपराध दर्ज किए गए, जिनमें त्वरित कार्रवाई करते हुए 726 अभियुक्तों के विरुद्ध सख्त विधिक कदम उठाए गए। इस कठोर कार्रवाई के दौरान अपराधियों से 110.64 लाख रुपये का भारी-भरकम जुर्माना वसूला गया और अपराध में लिप्त 23 वाहनों को सीज किया गया। यह सख्त कदम दर्शाता है कि क्षेत्र में प्राकृतिक संसाधनों का अवैध दोहन करने वालों के लिए कोई स्थान नहीं है।

अवैध वन कटान पर इस तरह का कड़ा नियंत्रण केवल एक प्रशासनिक उपलब्धि मात्र नहीं है, बल्कि इसके गहरे पर्यावरणीय लाभ हैं। पेड़ों की अंधाधुंध कटाई रुकने से मृदा अपरदन (मिट्टी के कटाव) की गंभीर समस्या पर लगाम लगी है, जिससे भूमि की उर्वरा शक्ति सुरक्षित हुई है। इसके साथ ही, स्थानीय वर्षा चक्र को नियमित बनाए रखने और वायुमंडल में ऑक्सीजन के स्तर को सुधारने में भी इस कड़ाई का सीधा योगदान रहा है। जब वन सुरक्षित होते हैं, तो वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास भी बचे रहते हैं, जिससे मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं में भारी कमी आती है। शाहजहाँपुर में वनों की इस अभेद्य सुरक्षा ने पूरे क्षेत्र के पारिस्थितिकी तंत्र (इकोसिस्टम) को पुनर्जीवित करने का काम किया है।

वनों की सुरक्षा के साथ-साथ वन्यजीवों का संरक्षण भी इस हरित अभियान का एक अत्यंत संवेदनशील और महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है। पारिस्थितिकी तंत्र में प्रत्येक छोटे-बड़े जीव की अपनी एक विशिष्ट भूमिका होती है, और किसी एक प्रजाति का असंतुलन पूरी खाद्य श्रृंखला को प्रभावित कर सकता है। इस बात को केंद्र में रखते हुए शाहजहाँपुर में संकटग्रस्त, घायल और भटके हुए वन्यजीवों को बचाने के लिए एक विशेष रेस्क्यू तंत्र विकसित किया गया। इसके अंतर्गत कुल 112 वन्यजीवों को विभिन्न संवेदनशील परिस्थितियों से सफलतापूर्वक सुरक्षित निकाला गया और उन्हें प्राथमिक उपचार व उचित देखभाल के बाद उनके प्राकृतिक आवासों में सुरक्षित छोड़ दिया गया। इस मानवीय और वैज्ञानिक दृष्टिकोण ने क्षेत्र की जैव विविधता को एक नया जीवनदान दिया है।




जैव विविधता के इसी क्रम में जल संरक्षण और जलीय जीवों के संवर्धन के क्षेत्र में शाहजहाँपुर ने एक अनूठी अनुकरणीय मिसाल कायम की है। नदी पारिस्थितिकी तंत्र को शुद्ध और संतुलित रखने के उद्देश्य से जिला गंगा समिति के मार्गदर्शन में रामगंगा नदी के तटीय क्षेत्रों में एक वृहद और विशेष अभियान चलाया गया। रामगंगा नदी के किनारे गोरा नामक स्थान के पास स्थानीय ग्रामीणों की सक्रिय सहभागिता और डब्ल्यूडब्ल्यूएफइंडिया की तकनीकी विशेषज्ञता के समन्वय से जलीय जैव विविधता के संरक्षण की एक अद्भुत परियोजना को धरातल पर उतारा गया। इस परियोजना के तहत कछुओं की अत्यंत दुर्लभ और महत्वपूर्ण प्रजातियों, जैसे-स्मिथ टर्टल, बाउंड रूफ्ड टर्टल और इंडियन टेंट टर्टल के अंडों को सुरक्षित एकत्र करने का कार्य किया गया।

नदियों की स्वच्छता और उनके पारिस्थितिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में कछुओं की भूमिका एक प्राकृतिक सफाईकर्मी की तरह होती है। ये जलीय जीव नदी के भीतर मौजूद जैविक अपशिष्टों और हानिकारक तत्वों को नियंत्रित कर जल को शुद्ध रखने में मदद करते हैं। कछुओं की घटती संख्या सीधे तौर पर नदियों के अस्तित्व के लिए खतरा बन रही थी, जिसे देखते हुए रामगंगा के तट पर एक अस्थाई हैचरी का निर्माण किया गया। इस सुरक्षित वातावरण में अंडों को सहेजकर रखा गया, जिससे कछुओं की नई पीढ़ी को पूरी सुरक्षा मिल सके। इस पूरी प्रक्रिया में वैज्ञानिक पद्धतियों का विशेष ध्यान रखा गया ताकि प्राकृतिक संतुलन में कोई बाधा न आए।

इस अनूठे संरक्षण कार्यक्रम की सफलता का अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि हैचरी में कछुओं के अंडों से निकलने वाले नन्हे बच्चों के उचित लालन-पालन के लिए एक आधुनिक और स्थाई रियरिंग पॉण्ड (पालन तालाब) का निर्माण किया गया। यहाँ कछुओं के बच्चों को तब तक सुरक्षित और अनुकूलित वातावरण में रखा जाता है, जब तक कि वे खुले जल क्षेत्र में जीवित रहने के लिए पूरी तरह सक्षम नहीं हो जाते। अब तक लगभग 1105 कछुओं को पूरी तरह स्वस्थ अवस्था में रामगंगा नदी की मुख्य धारा में छोड़ा जा चुका है। जिला प्रशासन की इस दूरदर्शी नीति ने नदी के जलीय जीवन को समृद्ध करने के साथ-साथ गंगा और उसकी सहायक नदियों की अविरलता व निर्मलता के राष्ट्रीय संकल्प को भी स्थानीय स्तर पर मजबूती दी है।

इस पूरे जल और जीव संरक्षण अभियान की सबसे बड़ी विशेषता इसका लोक-केंद्रित होना है। किसी भी सरकारी योजना या पर्यावरणीय मुहिम की वास्तविक सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि उसे जनसामान्य का कितना सहयोग मिलता है। शाहजहाँपुर के इस मॉडल में स्थानीय ग्रामीणों को न केवल जागरूक किया गया, बल्कि उन्हें इस पूरी प्रक्रिया में सीधे तौर पर भागीदार भी बनाया गया। ग्रामीणों को अंडों की पहचान करने, उनकी सुरक्षा करने और हैचरी प्रबंधन में सहयोग देने के लिए प्रशिक्षित किया गया। इस सामुदायिक जुड़ाव के कारण ग्रामीणों में अपनी स्थानीय प्राकृतिक संपदा के प्रति स्वामित्व और जिम्मेदारी की भावना जागृत हुई है, जो इस परियोजना की दीर्घकालिक सफलता की सबसे बड़ी गारंटी है।

पर्यावरण संरक्षण के इस व्यापक महायज्ञ में सबसे विशाल और ऐतिहासिक भागीदारी वृक्षारोपण के मोर्चे पर देखने को मिली है। प्रदेश सरकार के वृक्षारोपण जन अभियान जैसे महत्वाकांक्षी कार्यक्रमों के अंतर्गत शाहजहाँपुर में वन विभाग और अन्य सभी विकास विभागों के आपसी समन्वय से रिकॉर्ड 3 करोड़ 79 लाख पौधों का रोपण किया गया है। इतनी विशाल संख्या में किया गया वृक्षारोपण शाहजहाँपुर की धरती को एक नया हरित आवरण प्रदान कर रहा है। रोपे गए इन पौधों में पारंपरिक, छायादार, फलदार और औषधीय प्रजातियों को प्राथमिकता दी गई है, ताकि पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ स्थानीय आबादी को आर्थिक और स्वास्थ्य संबंधी लाभ भी मिल सकें।

इस सघन वृक्षारोपण अभियान के लाभार्थियों का दायरा बेहद व्यापक और दूरगामी है। प्रत्यक्ष रूप से देखा जाए तो जनपद का प्रत्येक नागरिक इस हरित क्रांति का सीधा लाभार्थी है, क्योंकि इन करोड़ों वृक्षों के विकसित होने से क्षेत्र की वायु गुणवत्ता में अभूतपूर्व सुधार हो रहा है। बढ़ते कार्बन उत्सर्जन और ग्लोबल वार्मिंग के इस दौर में ये वृक्ष प्राकृतिक रूप से कार्बन सिंक का कार्य कर रहे हैं, जिससे स्थानीय तापमान को नियंत्रित रखने में मदद मिल रही है। इसके साथ ही, व्यापक स्तर पर लगाए गए ये पौधे भूजल स्तर को बढ़ाने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं, जिसका सीधा लाभ क्षेत्र के किसानों को सिंचाई के लिए और आम जनता को पेयजल के रूप में मिल रहा है।

किसानों और ग्रामीण परिवारों के लिए यह योजना आर्थिक समृद्धि का मार्ग भी प्रशस्त कर रही है। कृषि वानिकी (एग्रो-फॉरेस्ट्री) को बढ़ावा मिलने से किसानों की आय के स्रोतों में वृद्धि हुई है। फलदार वृक्षों के माध्यम से स्थानीय स्तर पर पोषण सुरक्षा सुनिश्चित हो रही है, और लघु वनोपजों के माध्यम से ग्रामीण युवाओं व महिलाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं। जिला प्रशासन द्वारा यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि केवल पौधे लगाने तक ही कर्तव्य की इतिश्री न हो, बल्कि उनकी सुरक्षा, सिंचाई और जियो-टैगिंग के माध्यम से उनकी उत्तरजीविता दर को अधिकतम रखा जाए, जिससे यह प्रयास वास्तव में एक घने वन क्षेत्र के रूप में परिवर्तित हो सके।

शाहजहाँपुर में वन विभाग और जिला प्रशासन के इन समन्वित प्रयासों ने यह सिद्ध कर दिया है कि यदि सही नीति, प्रशासनिक प्रतिबद्धता और जनभागीदारी का अनूठा संगम हो, तो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में चमत्कारिक परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। अवैध कटान पर कड़ा प्रहार, वन्यजीवों का संवेदनशील रेस्क्यू, रामगंगा नदी में कछुओं का वैज्ञानिक संरक्षण और करोड़ों पौधों का रोपण जैसी उपलब्धियां इस जनपद को देश के अग्रणी हरित जनपदों की श्रेणी में खड़ा करती हैं। ये तमाम कार्य आज न केवल प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन जैसी तात्कालिक समस्याओं का समाधान कर रहे हैं, बल्कि शाहजहाँपुर के सामाजिक, आर्थिक और पारिस्थितिक तंत्र को एक ऐसा सुदृढ़ कवच प्रदान कर रहे हैं जो आने वाली कई पीढ़ियों को एक स्वस्थ, समृद्ध और प्रदूषण मुक्त जीवन का उपहार देता रहेगा।

विचार

# घरेलू तेल खपत को कम करने का समय आ गया

*नन्तू बनर्जी*

दुनिया भर में ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी के बावजूद खुदरा तेल की खपत के तरीके पर रोक लगाने में भारत की लगातार हिचकिचाहट, अगर मंजूर नहीं है, तो समझ से बाहर है। सरकार, जो खुदरा तेल की कीमतों का करीब 50 प्रतिशत कर लगाकर सबसे अधिक लाभ उठाती है, ईंधन की खपत को कम करने के लिए तैयार नहीं है, जबकि देश लगभग 90 प्रतिशत कच्चे तेल के आयात पर निर्भर है। पिछले शुक्रवार को, भारत के सरकारी ईंधन खुदरा विक्रेताओं ने चार साल में पहली बार पेट्रोल और डीजल की कीमतें तीन रुपये प्रति लीटर से थोड़ी ज्यादा बढ़ा दीं ताकि दुनिया भर में कच्चे तेल की ज्यादा कीमतों के कारण तेल मार्केटिंग कंपनियों को हुए कुछ नुकसान की भरपाई की जा सके। ईरान पर अमेरिकी-इजरायली हमलों से शुरू हुए युद्ध के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य के जरिए शिपिंग में रुकावट के बाद खुदरा ईंधन की कीमतें बढ़ाने वाली यह आखिरी बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। ज्यादातर देशों ने पहले ही घरेलू तेल की कीमतें बढ़ा दी हैं। दूसरों ने खुदरा कीमतों को नियंत्रित करने के लिए स्थानीय ईंधन सब्सिडी को समायोजित किया है। ईरान-अमेरिका युद्ध के बाद दुनिया भर के देशों- खासकर दक्षिण और दक्षिण पूर्व एशिया- को आपूर्ति में भारी रुकावट और आसमान छूती कीमतों की वजह से घरेलू तेल की खपत को नियंत्रित करने और राशन करने के लिए मजबूर होना पड़ा है। छोटे से देश श्रीलंका की सरकार ने नेशनल फ्यूल पास क्यूआई सिस्टम के जरिए सख्त ईंधन राशनिंग लागू की है, जिससे हर गाड़ी में पेट्रोल की मात्रा सीमित हो गई है, और आने-जाने में कमी लाने के लिए बुधवार को सार्वजनिक छुट्टी घोषित कर दिया है। ईंधन का इस्तेमाल कम करने के लिए, पाकिस्तान ने हफ्ते में चार दिन काम करने की व्यवस्था की है, दो हफ्ते के लिए स्कूल बंद कर दिए हैं, और सरकारी गाड़ियों के लिए ईंधन भत्ता में 50 प्रतिशत की कमी जरूरी कर दी है। इंडोनेशिया ने सब्सिडी वाले ईंधन की बिक्री पर सख्त सीमा लागू की है और बढ़ती ऊर्जा कीमतों का मुकाबला करने के लिए असैन्य सेवा में लगे लोगों के लिए वर्क-फ्रॉम-होम नीति जरूरी कर दी है। मिस्र ने सभी सरकारी गाड़ियों के लिए ईंधन आवंटन में 30 प्रतिशत की कटौती की है। इसने बड़े पैमाने के सार्वजनिक परियोजनाओं को भी धीमा कर दिया है जिनमें ज्यादा मात्रा में ईंधन की खपत होती है। वियतनाम सरकार ने शुद्ध खनिज तेल पर घरेलू निर्भरता कम करने के लिए इथेनॉल युक्त तेल की ओर बदलाव का आदेश दिया। जिन देशों में खुदरा खनिज तेल की कीमतों में बहुत ज्यादा बढ़ोतरी देखी गई, उनमें म्यांमार (101 प्रतिशत), कंबोडिया (68 प्रतिशत), फिलीपींस (54.2 प्रतिशत), वियतनाम (50 प्रतिशत से ज्यादा), और पाकिस्तान (42 प्रतिशत) शामिल हैं। तुलना में पेट्रोल की कीमतों में मामूली बढ़ोतरी यूनाइटेड स्टेट्स में देखी गई, जहां पेट्रोल पंप की कीमतें ऑस्ट्रेलिया (29 प्रतिशत), कनाडा (28 प्रतिशत), और यूके (20 प्रतिशत) के मुकाबले लगभग 36 प्रतिशत बढ़ीं। डीजल ड्राइवरों को यूरोपियन ऊर्जा संकट का सबसे ज्यादा खामियाजा भुगतना पड़ा, जहां औसत पंप कीमतों में 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। जहां स्पेन ने यूरोपीय यूनियन में डीजल की कीमतों में सबसे ज्यादा 27 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की, वहीं जर्मनी में ईंधन की लागत लगभग 19 प्रतिशत बढ़ गई। चीन में, सरकारी नियंत्रण और रिफाइनरी समायोजन से कीमतों में बढ़ोतरी लगभग 28 प्रतिशत पर सीमित थी। भारत में, जहां केन्द्रीय और राज्य करों की वजह से तेल की कीमतें पहले से ही बहुत ज्यादा हैं, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लगभग 3.2 प्रतिशत से 3.4 प्रतिशत की मामूली बढ़ोतरी की है। सऊदी अरब ने सीधा सरकारी सब्सिडी ढांचे की वजह से बिना किसी बढ़ोतरी के खुदरा कीमतें स्थिर रखीं। जबकि ज्यादातर बड़े तेल आयातक देशों ने आम जनता के लिए खनिज तेल का इस्तेमाल सीमित कर दिया है, भारत, जो चीन और अमेरिका के बाद दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कच्चा तेल आयातक देश है, ने कुछ अनजान कारणों से कोई सीमा या रोक नहीं लगायी है। भारत के पास केवल लगभग 4.6 से 4.9अरब बैरल कच्चा तेल भंडार है। यह अपनी जरूरतों का 85 प्रतिशत से ज्यादा आयात करता है और आपातकालीन आपूर्ति सुरक्षा के लिए भी भंडार सुरक्षित रखता है। चीन और अमेरिका द्वारा तेल आयात का मकसद मूल रूप से अपने बड़े आन्तरिक तेल भंडार की सुरक्षा करना है। अमेरिका के पास लगभग 83 अरब बैरल कच्चा तेल भंडार है। चीन के रिजर्व का अनुमान 28 अरब बैरल से ज्यादा है। इस हिसाब से चीन दुनिया भर में 13वें नंबर पर है और दुनिया के कुल तेल भंडार का लगभग 1.6 प्रतिशत हिस्सा इसके पास है। चीन और अमेरिका दुनिया भर में कच्चे तेल की मांग के मुख्य ड्राइवर हैं, हालांकि उनकी आयात जरूरतें अलग-अलग आर्थिक और घरेलू उत्पादन कारकों से तय होती हैं। चीन, जो दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और एक मुख्य मैन्युफैक्चरिंग हब है, को औद्योगिक उत्पादन और बढ़ती घरेलू खपत को बनाए रखने के लिए बहुत ज्यादा ऊर्जा आपूर्ति की जरूरत है। यह नियमित तौर पर हर दिन 110 लाख बैरल से ज्यादा आयात करता है। भारत अपने तेजी से हो रहे शहरीकरण, औद्योगिक विकास और बड़े परिवहन नेटवर्क के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए अपनी तेल की लगभग 85 प्रतिशत मांग आयात से पूरी करता है।जबकि कई एशियाई देशों में, चाहे उनके पास घरेलू पेट्रोलियम भंडार और उत्पादन हों या नहीं, तेल की खपत कम करने के लिए कई तरह की पाबंदियां हैं, परन्तु भारत सरकार सिर्फलोगों की स्वेच्छा से ईंधन बचाने को बढ़ावा देती है। अब सरकार सार्वजनिक अपीलों के माध्यम से नागरिकों द्वारा तेल की खपत को कम करने के लिए खर्च में कटौती और ऊर्जा बचाने के उपायों पर विचार कर रही है। पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक संघर्षों और वैश्विक कीमतों में उछाल के कारण, इन स्वैच्छिक और आधिकारिक कटौतियों का उद्देश्य विदेशी मुद्रा भंडार की रक्षा करना और राष्ट्रीय व्यापार घाटे को कम करना है। सरकारी मंत्रालयों और विभागों को अनावश्यक ईंधन की खपत को सीमित करने और अधिकारियों की विदेश यात्रा को कम करने के तत्काल तरीकों की पहचान करने के निर्देश दिए गए हैं। सरकार नागरिकों से वर्क-फ्रॉम-होम मॉडल को फिर से अपनाने, कारपूलिंग में भाग लेने, सार्वजनिक परिवहन पर अपनी निर्भरता बढ़ाने और अधिक वर्चुअल बैठकें करने का आग्रह कर रही है। इसने राज्य सरकारों के लिए सलाह जारी की है कि वे ऊर्जा दक्षता और संचालन को बेहतर बनाने के लिए बिजली संयंत्रों में औद्योगिक बॉयलर प्रमाणपत्रों के अस्थायी विस्तार को लागू करें। दिलचस्प बात यह है कि भारतीय रिजर्व बैंक तेल की खपत को कम करने की आवश्यकता का सक्रिय रूप से समर्थन कर रहा है। पश्चिम एशिया संघर्ष से उत्पन्न कच्चे तेल के झटके और रुपये के रिकॉर्ड निचले स्तर (95 रुपये प्रति डॉलर से अधिक) पर पहुंचने की स्थिति का सामना करते हुए, केंद्रीय बैंक ने विदेशी मुद्रा भंडार का प्रबंधन करने और आयातित मुद्रास्फीति से निपटने के लिए हस्तक्षेप किया है। रिजर्व बैंक इस चुनौती से व्यापक आर्थिक हस्तक्षेपों और जनता से सीधे अपीलों, दोनों के माध्यम से निपट रहा है। विदेशी मुद्रा भंडार पर तत्काल दबाव को कम करने के लिए, उसने सरकारी तेल रिफाइनरों को स्पॉट डॉलर की खरीद को सीमित करने और इसके बजाय अपनी आयात आवश्यकताओं के लिए विशेष ऋण सीमाओं का उपयोग करने का निर्देश दिया है। उसकी मौद्रिक नीति समिति ने लंबे समय तक कम का रुख बनाए रखा है, लेकिन यदि ऊर्जा के झटकों के कारण मुद्रास्फीति स्थायी रूप ले लेती है, तो वह ब्याज दरें बढ़ाने के लिए भी तैयार है। देश के वर्तमान विदेशी मुद्रा भंडार को सुरक्षित रखने के लिए, केंद्रीय बैंक और सरकार वर्क-फ्रॉम-होम के आदेशों, सार्वजनिक परिवहन के अधिक उपयोग और इलेक्ट्रिक वाहनों को तेजी से अपनाने के माध्यम से जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करने पर जोर दे रहे हैं। तत्काल संकट प्रबंधन से परे, केंद्रीय बैंक जीवाश्म ईंधन से दूर हटने के दीर्घकालिक बदलाव का समर्थन करना जारी रखे हुए है। रिजर्व बैंक केग्रीन डिपॉजिट फ्रेमवर्क के माध्यम से, बैंक भारत की संरचनात्मक ऊर्जा सुरक्षा को बढ़ाने के लिए पूंजी को सीधे नवीकरणीय ऊर्जा और हरित परिवहन में लगाते हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि देश ईंधन की खपत कम करने के लिए पेट्रोल और डीजल पर उच्च कर लगाने या राशनिंग करने के बजाय, अप्रत्यक्ष उपायों और ईंधन की खपत में कटौती की आवश्यकता के बारे में जनता में मजबूत जागरूकता पैदा करने को प्राथमिकता देता है।

साहित्य



## अकेला इंसान...!

**संजय एम तराणेकर**

*ज़रूरत के वक्त अक्सर अकेला पड़ता इंसान,*
*भीड़ में रहते हुए भी ढूँढता है अपनी पहचान।*
*जहाँ तक ताकत रहीं साथ बहुत मिल जाते हैं,*
*मुश्किल की आंधी आते रिश्ते बिखर जाते हैं।*

*हँसी-ठट्ठे के मेलों में सभी अपने लगते हैं यहाँ,*
*आँसुओं की बारिश में कम ही ठहरते हैं वहाँ।*
*तभी समझ आता है दुनिया का सच्चा पैमाना,*
*साथ वहीं है जो दर्द में भी नहीं छोड़े ठिकाना।*

*अकेलापन सिखा देता है खुद से दोस्ती करना,*
*गिरकर भी हर बार फिर से संभलना व चलना।*
*ज़रूरत के समय चाहे अकेला रह जाए इंसान,*
*गर हौसला साथ हो तो पार करता हर तूफान।*





## राशिफल

**मेष:-** किसी महत्वपूर्ण कार्य में कुछ कठिनाइयों का अभास होगा। पारिवारिक दायित्वों की समयानुकूल पूर्ति के लिये मन चिंतित होगा।

**वृषभ:-** मनोवांछित सफलता न मिलने से उत्साह में कमी आएगी। धैर्यहीनता व परिवर्तनशीलता लक्ष्य से दिग्भ्रमित करेगी।

**मिथुन:-** परिजनों एवं मित्रों का सनिध्य मन को प्रसन्न रहेगा। कार्य-पेशे में अवरोधित कार्य सार्थक होने के आसार हैं। महत्वपूर्ण कार्य में आलस्य न करें।

**कर्क:-** कुछ नये संबंध बनेंगे। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद संभव। कर्त्तव्य एवं जिम्मेदारियों से घिरा मन काल्पनिक आकांक्षाओं से समझौता करने में सक्षम होगा। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

**सिंह:-** मन खराब विचारों से प्रभावित रहेगा। अतः उपरोक्त स्वभाव को सुधारें। नई स्थितियों से प्रतिभा का संचार होगा। रोजगार में अपनी कार्यकुशलता व प्रतिभा का जौहर बिखेरेंगे।

**कन्या:-** वाणी पर नियंत्रण रखते हुए संबंधों को मधुर बनाने की चेष्ठा करें। आत्मबल कुछ महत्वपूर्ण सफलताओं के प्रति आशान्वित करेगा। पूर्वत् स्थिति में सुधार एवं आर्थिक लाभ के आसार हैं।

**तुला:-** महत्वाकांक्षाएं सफलता की राह पर संघर्ष हेतु प्रेरित करेंगी। अच्छी भावनाएं मकसद को सफल करेंगी। कार्यक्षेत्र में बौद्धिक क्षमता का लाभ उठाएंगे।

**वृश्चिक:-** परिश्रम द्वारा आर्थिक क्षेत्र में सफलता अर्जित करेंगे। समय का पूर्ण उपयोग करें। किसी नयी संवेदना का असर किसी नये रिश्ते को जन्म देगा।

**धनु:-** परंपराओं एवं संस्कारों के प्रति आस्था बढ़ेगी। निर्थक हीनभाव रखना एवं प्रगतिशील लोगों से ईर्ष्याभाव रखना ठीक नहीं है। किसी अचल सम्पत्ति के क्रय हेतु प्रयत्न तीव्र होगा।

**मकर:-** किसी महत्वपूर्ण कार्यवश घर से दूर रहना अरुचिकर लगेगा। मिलनसारिता के कारण संबंधों का विस्तार होगा। कमजोर मनोबलवश लक्ष्य के प्रति दृढ़ता का अभाव रहेगा।

**कुंभ:-** परिवार में खुशीप्रद वातावरण रहेगा। पिछले दिनों उत्पन्न व्यवसायिक अवरोधों का हल ढूंढने हेतु मन केंद्रित होगा। कोई अच्छा अवसर मन को खुश रखेगा।

**मीन:-** प्रयासरत क्षेत्रों में अवरोध तथा दाम्पत्य जीवन में कष्ट संभव। ईरीय आस्था हर स्थिति पर विजय प्राप्त करेंगे। स्वास्थ्य में छोटी-मोटी परेशानियां संभव।

# नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ता उत्तर प्रदेश

*जयेन्द्र सिंह*

उत्तर प्रदेश आज केवल जनसंख्या के आधार पर देश का सबसे बड़ा राज्य नहीं है, बल्कि आर्थिक दृष्टि से भी भारत की विकास यात्रा का सबसे महत्वपूर्ण केंद्र बनकर उभर रहा है। विगत कुछ वर्षों में प्रदेश सरकार द्वारा अपनाई गई पारदर्शी वित्तीय नीति, कर प्रशासन में तकनीकी सुधार, निवेश अनुकूल वातावरण तथा आर्थिक गतिविधियों के विस्तार ने राज्य की राजस्व प्राप्तियों को अभूतपूर्व मजबूती प्रदान की है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के प्रथम माह अप्रैल, 2026 के आंकड़े इस परिवर्तन की सशक्त गवाही देते हैं। अप्रैल, 2025 की तुलना में अप्रैल, 2026 में प्रदेश सरकार के मुख्य कर एवं करेत्तर राजस्व वाले मदों में रूपये 2416.42 करोड़ की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। यह केवल आंकड़ों की वृद्धि नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश की आर्थिक संरचना में आए व्यापक परिवर्तन का संकेत है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के अप्रैल माह में जहां मुख्य कर-करेत्तर राजस्व मदों से रुपये 18204.82 करोड़ की प्राप्ति हुई थी, वहीं अप्रैल, 2026 में यह बढ़कर लगभग 20621 करोड़ रुपये तक पहुंच गई। यह वृद्धि दर्शाती है कि प्रदेश में आर्थिक गतिविधियां निरंतर विस्तार प्राप्त कर रही हैं तथा सरकार की नीतियां धरातल पर प्रभावी परिणाम दे रही हैं। वर्ष 2017 के पूर्व उत्तर प्रदेश को केवल कृषि प्रधान एवं पिछड़े आर्थिक ढांचे वाले राज्य के रूप में जाना जाता था, किंतु वर्तमान सरकार के कार्यकाल में आज वही प्रदेश, देश की सबसे तेज गति से उभरती अर्थव्यवस्थाओं में गिना जा रहा है।

प्रदेश में राजस्व वृद्धि में सर्वाधिक महत्वपूर्ण योगदान वस्तु एवं सेवा कर अर्थात जीएसटी का रहा है। अप्रैल, 2026 में जीएसटी के अंतर्गत प्रदेश को 9783.34 करोड़ रुपये की प्राप्ति हुई, जबकि अप्रैल, 2025 में यह आंकड़ा 8943.48 करोड़ रूपये था। लगभग 840 करोड़ रूपये की यह वृद्धि स्पष्ट करती है कि प्रदेश में व्यापारिक गतिविधियों का दायरा तेजी से बढ़ रहा है। डिजिटल भुगतान व्यवस्था, ई-वे बिल प्रणाली, कर चोरी पर नियंत्रण तथा कारोबारियों के लिए सरल प्रक्रियाओं ने कर संग्रहण को अधिक प्रभावी बनाया है। प्रदेश में औद्योगिक निवेश, लॉजिस्टिक नेटवर्क और उपभोक्ता बाजार का विस्तार भी जीएसटी वृद्धि का प्रमुख कारण रहा है। उत्तर प्रदेश अब उपभोग आधारित अर्थव्यवस्था से आगे बढ़कर उत्पादन आधारित आर्थिक शक्ति बनने की दिशा में अग्रसर है।

प्रदेश में वैट के अंतर्गत प्राप्त राजस्व में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। अप्रैल, 2026 में वैट से रु. 1108.84 करोड प्राप्त हुए, जबकि अप्रैल, 2025 में यह आंकड़ा रु. 994.56 करोड़ ही था। यद्यपि जीएसटी लागू होने के बाद वैट का दायरा सीमित हुआ है, फिर भी पेट्रोलियम उत्पादों जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों से प्राप्त होने वाला यह राजस्व प्रदेश की वित्तीय मजबूती में अहम भूमिका निभा रहा है। ईंधन की खपत, परिवहन गतिविधियों तथा व्यापारिक गतिशीलता में वृद्धि ने इस मद में स्थिर राजस्व प्रवाह बनाए रखा है।

प्रदेश की राजस्व प्राप्ति में सबसे अधिक प्रभावशाली प्रदर्शन आबकारी विभाग का रहा है। अप्रैल, 2026 में आबकारी मद से 5251.02 करोड़ रूपये की राजस्व प्राप्ति हुई, जबकि अप्रैल, 2025 में यह 4319.46 करोड़ रुपये थी। लगभग 932 करोड़ रुपये की यह वृद्धि सरकार की सुदृढ़ आबकारी नीति, पारदर्शी लाइसेंस प्रणाली तथा अवैध कारोबार पर कठोर नियंत्रण का परिणाम है। तकनीकी निगरानी, ट्रैक एंड ट्रेस व्यवस्था तथा ई-गवर्नेंस आधारित नियंत्रण प्रणाली ने इस क्षेत्र में राजस्व रिसाव को काफी हद तक रोका है। इससे सरकार को अधिक संसाधन प्राप्त हो रहे हैं, जिन्हें विकास योजनाओं में निवेश किया जा रहा है।

स्टाम्प एवं निबंधन विभाग के आंकड़े प्रदेश में तेजी से बढ़ रही आर्थिक गतिविधियों और रियल एस्टेट क्षेत्र में आए विश्वास को प्रदर्शित करते हैं। अप्रैल, 2026 में इस मद से 2870.75 करोड़ रुपये की राजस्व प्राप्ति हुई, जबकि अप्रैल, 2025 में यह 2729.43 करोड़ रुपये थी। यह वृद्धि दर्शाती है कि प्रदेश में भूमि एवं संपत्ति के क्रय-विक्रय में निरंतर तेजी बनी हुई है। एक्सप्रेस-वे, औद्योगिक कॉरिडोर, नई टाउनशिप, मेट्रो परियोजनाएं तथा नगरीकरण की बढ़ती गति ने संपत्ति बाजार को नई ऊर्जा प्रदान की है। निवेशकों का बढ़ता विश्वास भी इस वृद्धि का महत्वपूर्ण कारण है। परिवहन विभाग से प्राप्त राजस्व में हुई वृद्धि उत्तर प्रदेश की बढ़ती आर्थिक सक्रियता का प्रत्यक्ष प्रमाण है। अप्रैल, 2026 में परिवहन विभाग से 1317.02 करोड़ रूपये की राजस्व प्राप्ति हुई, जबकि अप्रैल, 2025 में यह 1043.15 करोड़ थी। लगभग 274 करोड़ रूपये की वृद्धि बताती है कि प्रदेश में वाहनों की संख्या तेजी से बढ़ रही है तथा व्यापारिक परिवहन गतिविधियां मजबूत हो रही हैं। बेहतर सड़क नेटवर्क, एक्सप्रेस-वे, औद्योगिक विकास तथा माल परिवहन की बढ़ती मांग ने इस क्षेत्र को नई गति प्रदान की है। भू-तत्व एवं खनिकर्म विभाग के अंतर्गत भी राजस्व संग्रहण में उल्लेखनीय उछाल देखा गया है। अप्रैल, 2026 में इस मद से 290.27 करोड़ रूपये की प्राप्ति हुई, जबकि अप्रैल, 2025 में यह 174.74 करोड़ रुपये थी। लगभग 115 करोड़ रूपये की वृद्धि यह स्पष्ट करती है कि अवैध खनन पर नियंत्रण तथा पारदर्शी ई-टेंडरिंग व्यवस्था का सकारात्मक प्रभाव सामने आया है। सरकार द्वारा खनिज संसाधनों के वैज्ञानिक एवं नियंत्रित उपयोग पर बल देने से राजस्व में स्थिरता आई है। इन सभी आंकड़ों का समग्र विश्लेषण यह दर्शाता है कि उत्तर प्रदेश अब केवल राजस्व संग्रहण बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि वह वित्तीय अनुशासन एवं विकास के बीच संतुलन स्थापित करने में भी सफल हो रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा प्राप्त अतिरिक्त राजस्व का उपयोग आधारभूत संरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, रोजगार तथा सामाजिक कल्याण योजनाओं में किया जा रहा है। यही कारण है कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था निरंतर नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रही है।

उत्तर प्रदेश ने बीते वर्षों में कानून व्यवस्था में सुधार, निवेश अनुकूल वातावरण, बेहतर कनेक्टिविटी, डिजिटल गवर्नेंस तथा औद्योगिक विकास के माध्यम से जो आर्थिक परिवर्तन स्थापित किए है, उसका प्रभाव अब स्पष्ट रूप से राजस्व आंकड़ों में दिखाई दे रहा है। यह वही प्रदेश है, जिसे कभी आर्थिक पिछड़ेपन और सीमित संसाधनों के कारण चुनौतियों का सामना करना पड़ता था, किंतु आज वही प्रदेश देश की सबसे बड़ी उपभोक्ता अर्थव्यवस्था और सबसे तेजी से उभरते औद्योगिक केंद्र के रूप में पहचान बना रहा है। प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में वर्तमान राजस्व वृद्धि उसी दिशा में एक मजबूत संकेत मानी जा सकती है। प्रदेश का इसी प्रकार आर्थिक गतिविधियों का विस्तार, निवेश वृद्धि और वित्तीय अनुशासन जारी रहा, तो आने वाले वर्षों में उत्तर प्रदेश न केवल भारत की आर्थिक शक्ति का केंद्र बनेगा, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी अपनी मजबूत पहचान स्थापित करेगा।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### पूर्व पीएम राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर वितरित किया फल



**फतेहपुर।** जिला युवा कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष अखंड प्रताप सिंह के नेतृत्व में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर जिला अस्पताल में फल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान अलग-अलग वार्डों में मरीजों को फल वितरित किए गए। हम आपको बता दें 21 मई 1991 को तमिलनाडु के श्रीपेरंबुदूर में एक आत्मघाती हमले में राजीव गांधी की मृत्यु हो गई थी और उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर तमाम युवाओं के साथ जिलाध्यक्ष जिला युवा कांग्रेस कमेटी अखंड प्रताप सिंह ने कहा की जो सपना राजीव गांधी भारत के लिए देख रहे थे शायद वह अधूरा रह गया, अगर राजीव गांधी आज जीवित होते तो भारत की तस्वीर शायद कुछ और होती। इस दौरान जिला अस्पताल में उन्होंने सवालिया निशान लगाया। इस अवसर पर कांग्रेसी नेता हम्माद हुसैन, मोहम्मद निजाम, मोहम्मद सोहराब, मोहम्मद वाशिद, मोहम्मद काशिफ अबू हुसैन, मोहम्मद असद सहित तमाम लोग मौजूद रहे। इस दौरान इन लोगों ने जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों का हाल भी जाना और उनसे कहा कि जब भी उनको आवश्यकता पड़े जिला युवा कांग्रेस के पदाधिकारी उनके साथ खड़े नजर आएंगे।

### थाना खन्ना पुलिस ने 3 वारंटियों को किया गिरफ्तार



**महोबा।** न्यायालय से जारी गिरफ्तारी अधिपत्र के अनुपालन में पुलिस द्वारा चलाए जा रहे वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के खन्ना पुलिस टीम ने तीन वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के कुशल नेतृत्व में तथा अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर अरुण कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में, साथ ही प्रभारी निरीक्षक थाना खन्ना महोबा के निर्देशन में चलाए जा रहे वांछित/वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना खन्ना पुलिस टीम को एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। उक्त अभियान के अंतर्गत उ.नि. लक्ष्मीनारायण सिंह मय हमराह हे.आ. सुरेन्द्र कुमार यादव, हे.का. हेमन्त कुमार एवं कां. सूर्यांश प्रताप सिंह द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए तीन नफर वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण जहीर पुत्र जहूरा उम्र लगभग 30 वर्ष, भूरा उर्फ अल्लादीन पुत्र स्व. छोटा उम्र लगभग 75 वर्ष एवं पीरा पुत्र अल्लादीन उम्र लगभग 42 वर्ष, समस्त निवासीगण ग्राम अकबई थाना खन्ना जनपद महोबा, जो कि एनसीआर संख्या 30/2017 धारा 323/504/506 भादवि से संबंधित थे तथा माननीय न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट/सिविल जज (सीनियर डिवीजन) महोबा द्वारा जारी गिरफ्तारी अधिपत्र के अनुपालन में वांछित थे, को उनके घर के सामने ग्राम अकबई थाना खन्ना जनपद महोबा से गिरफ्तार किया गया।

### नौ केंद्रों में लेखपाल परीक्षा डीएम-एसपी की निगरानी में शांतिपूर्ण संपन्न

**3336 परीक्षार्थियों में 2793 रहे उपस्थित, 543 अभ्यर्थी अनुपस्थित**



**उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने जनपद में लेखपाल मुख्य परीक्षा 2025 सकुशल संपन्न, विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर परीक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी मॉनिटरिंग, प्रवेश व्यवस्था एवं परीक्षार्थियों की सुविधाओं का गहन निरीक्षण किया गया, लेखपाल मुख्य परीक्षा निष्पक्ष, पारदर्शी एवं नकलविहीन संपन्न हुई। जनपद में कुल 09 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें कुल 3336 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 2793 परीक्षार्थी उपस्थित रहे जबकि 543 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। आचार्य नरेंद्र देव इंटर कॉलेज में कुल 480 परीक्षार्थियों में 399 उपस्थित एवं 81 अनुपस्थित रहे। आर्य कन्या इंटर कॉलेज में 384 में से 318 उपस्थित तथा 66 अनुपस्थित रहे। डीएवी इंटर कॉलेज में 240 में से 199 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी जबकि 41 अनुपस्थित रहे। दयानंद वैदिक कॉलेज में 312 में से 273 उपस्थित एवं 39 अनुपस्थित दर्ज किए गए। इसी प्रकार राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में 384 में से 314 उपस्थित एवं 70 अनुपस्थित रहे। राजकीय इंटर कॉलेज में 384 में से 318 परीक्षार्थी उपस्थित तथा 66 अनुपस्थित रहे। सनातन धर्म इंटर कॉलेज में 384 में से 323 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी जबकि 61 अनुपस्थित रहे। सर्वोदय इंटर कॉलेज में 384 में से 324 उपस्थित एवं 60 अनुपस्थित रहे। वहीं श्री गांधी इंटर कॉलेज में 384 में से 325 परीक्षार्थी उपस्थित एवं 59 अनुपस्थित दर्ज किए गए। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केंद्रों पर तैनात अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा की शुचिता बनाए रखने में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। प्रशासन की कड़ी निगरानी एवं सुरक्षा व्यवस्था के बीच सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण, व्यवस्थित एवं सकुशल संपन्न हुई।

### भ्रष्टाचार पर डीएम का जीरो टॉलरेंस, अवैध वसूली के आरोपी वाटर मैन निलंबित

**उरई (जालौन)।** कोंच मंडी में किसानों से अवैध वसूली किए जाने के आरोप में वायरल हुए वीडियो प्रकरण पर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जीरो टॉलरेंस नीति के तहत त्वरित एवं सख्त कार्रवाई की है। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल उप जिलाधिकारी कोंच हेमंत पटेल को जांच अधिकारी नामित कर पूरे प्रकरण की जांच कराई। जांच के दौरान किसानों द्वारा लगाए गए आरोप प्रथम दृष्टया सही पाए गए तथा अशोक गुप्ता वाटर मैन द्वारा अनियमितता एवं अवैध वसूली किए जाने की पुष्टि हुई। जांच रिपोर्ट प्राप्त होते ही जिलाधिकारी ने अशोक गुप्ता वाटर मैन को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने व जांच के निर्देश दिए। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि किसानों के हितों के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़, भ्रष्टाचार अथवा अवैध वसूली किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शासन की मंशा के अनुरूप पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि आमजन विशेषकर किसानों को परेशान करने वाले किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

### सीएचसी में कोल्ड रूम एवं ओआरएस-जिंक कॉर्नर की हुई स्थापना

**जालौन (उरई)।** भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान को देखते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जालौन में मरीजों को राहत देने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। गर्मी में मरीजों को त्वरित उपचार उपलब्ध कराने के लिए सीएचसी में कोल्ड रूम एवं ओआरएस–जिंक कॉर्नर की स्थापना की गई है। इन दिनों तेज धूप और उमस के चलते लू, डिहाइड्रेशन, उल्टी–दस्त और बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। विशेषकर छोटे बच्चे, बुजुर्ग और बाहर काम करने वाले लोग गर्मी की चपेट में जल्दी आ रहे हैं। ऐसे में अस्पताल द्वारा मरीजों के उपचार के साथ–साथ बचाव के उपायों पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सीएचसी में बनाए गए कोल्ड रूम में एसी की सुविधा दी गई है। ताकि मरीजों को ठंडा और आरामदायक वातावरण उपलब्ध हो सके और शरीर का तापमान नियंत्रित रखने में मदद मिल सके। गर्मी और लू से प्रभावित मरीजों को यहां प्राथमिक उपचार देने के साथ चिकित्सकीय निगरानी में भी रखा जा रहा है। वहीं, ओआरएस–जिंक कॉर्नर पर मरीजों को नि:शुल्क ओआरएस घोल और जिंक की गोलियां वितरित की जा रही हैं।

# सिंगल यूज प्लास्टिक की जब्तीकरण कार्रवाई में तेजी लाएं: डीएम

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**

- जिन ग्रामों का पानी नदियों में जाता है सबंधित नाले व फिल्टर की साफ-सफाई कराना सुनिश्चित करें
- बाढ़ के दृष्टिगत घाटों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर लें



जिला गंगा समिति एवं जिला पर्यावरण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उन्होंने खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने क्षेत्र में गंगा/यमुना नदियों के किनारे बसे ग्रामों जिसका पानी नदियों में जाता है, के फिल्टर चेंबरो व नालों की साफ-सफाई कराना सुनिश्चित करें एवं वन विभाग द्वारा ग्रामों का निरीक्षण किया गया है जिसमें जो सुझाव प्राप्त हुए हैं, का नियमानुसार कार्यवाही करते हुए कार्य कराए। उन्होंने कहा कि घाटों की नियमित साफ-सफाई कराए साथ ही घाटों की सभी लाइटों क्रियाशील रहे एवं बाढ़ के दृष्टिगत घाटों में सभी व्यवस्थाये तैयार कर ले (आवश्यकतानुसार नाव, नाविक, साइनेज आदि) की व्यवस्था दुरस्त रखें। उन्होंने कहा कि ओम घाट के पास में गंगा की धारा जो परिवर्तन हुई है, के लिए सेतु निगम के अधिशाषी अभियंता को निर्देशित किया कि गंगा की धारा को सही करने के लिए कार्ययोजना बनाकर 10 जून 2026 तक हर हाल में कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें एवं अधिशाषी अभियंता सिंचाई विभाग निरीक्षण कर तकनीकी सहयोग प्रदान करे। उन्होंने कहा कि निर्मल गंगा, अविरल गंगा, जन गंगा, ज्ञान गंगा, अर्थ गंगा के तहत किए जा रहे कार्यों/जन जागरूकता बढ़ाए। उन्होंने कहा कि गंगा के किनारे ग्रामों में ज्यादा से ज्यादा कृषकों को प्राकृतिक खेती के लिए प्रोत्साहित करें। जिला पर्यावरण समिति की बैठक में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, जैव चिकित्सा अपशिष्ट, ई-वेस्ट प्रबंधन, सिंगल यूज प्लास्टिक की रोकथाम आदि बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने समस्त अधिशाषी अधिकारियों नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत को निर्देशित किया कि सिंगल यूज प्लास्टिक की जब्तीकरण की कार्यवाही में तेजी लाए, साथ ही नियमित निरीक्षण कर जब्तीकरण की कार्यवाही करे और जुर्माना भी लगाए। व्यापारियों/दुकानदारो को सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने के लिए जागरूक करे साथ ही कपड़े/जूट के थैले का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करें। डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन अलग अलग(सुखा/गीला)संवेदनशीता के साथ करते हुए इसका निस्तारण नियमानुसार कराये। जैव चिकित्सा अपशिष्ट का निस्तारण सही तरीके से कराये। उन्होंने कहा कि वर्षा काल 2026 में वृक्षारोपण के लिए विभाग वार जो लक्ष्य दिए गए हैं संबंधित विभाग पौध रोपण के लिए गड्ढे खोदान कराकर रिपोर्ट से अवगत कराए। उन्होंने पिछली बैठक की कार्यवाही की पुष्टि की एवं पर्यावरण एवं गंगा समिति से संबंधित बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की और संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), जिला विकास अधिकारी, डीएफओ, डीसी मनरेगा, जिला पंचायत राज अधिकारी, नामित सदस्य/संयोजक नमामि गंगे शैलेन्द्र शरन सिंपल, जिला परियोजना अधिकारी गंगा सुरक्षा समिति ज्ञान तिवारी, खंड विकास अधिकारी, ईओ, समिति के नामित सदस्य सहित सम्बंधित उपस्थित रहे।

## सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में समर कैंप का हुआ समापन

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**



वीआईपी रोड स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास और मनोरंजन के उद्देश्य से आयोजित किया गया भव्य समर कैंप का विधिवत समापन किया गया। 16 मई से शुरू हुए इस छः दिवसीय समर कैंप में बच्चों को विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ते हुए उनके मनोरंजन का विशेष ध्यान रखा गया। अभिभावकों की सहमति से आए छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया, शिविर का उद्घाटन वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य विक्रम बहादुर सिंह परिहार, अंग्रेजी माध्यम की प्रभारी भावना सिंह, समर कैंप व्यवस्था प्रमुख आशा एवं सीमा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।बच्चों की उम्र और रुचि को देखते हुए पूरे समर कैंप को दो मुख्य भागों में विभाजित किया गया था। प्रथम भाग (पीजी से कक्षा 2) इस वर्ग के छोटे बच्चों की कमान प्रभारी अर्चना दुबे के हाथों में रही, जिन्होंने अपनी देखरेख में प्रथम दिवस से ही शानदार आयोजन सुनिश्चित किया। द्वितीय भाग (कक्षा 3 से अष्टम तक)। इस वर्ग के भैया-बहनों को प्रभारी के साथ-साथ राशि और कविता का कुशल मार्गदर्शन मिला, जिन्होंने पूरे कैंप को बेहतर ढंग से संचालित किया। समर कैंप का विधिवत समापन किया गया। विद्यालय के अन्य आचार्यों के सक्रिय सहयोग से यह आयोजन बेहद सफल रहा। पूरे कैंप के दौरान सभी भैया-बहनों ने विभिन्न प्रकार की एक्टिविटीज में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और भरपूर मनोरंजन के साथ-साथ नई विधाएं सीखीं। समापन के अवसर पर बच्चों के चेहरे पर उत्साह और आनंद की अनुभूति साफ देखी जा सकती थी। समापन सत्र में शिविर में आए हुए बच्चों को उपहार देकर अगले सत्र में पुनः आयोजित होने वाली समर कैंप के लिए आमंत्रित करते हुए विदा किया गया।

## अध्यक्ष व महामंत्री ने कार क्लीनिक का फीता काटकर किया उद्घाटन



**फतेहपुर।** लखनऊ रोड उधन्नापुर में कार क्लीनिक का उद्घाटन जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बाबू सिंह यादव ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उनके साथ जिला महामंत्री अनुराग नारायण मिश्रा उर्फपुत्तन मिश्रा तथा वरिष्ठ अधिवक्ता मोहम्मद आसिफएडवोकेट भी मौजूद रहे। जिनका कार क्लीनिक के संचालक जामिन अली ने माल्यार्पण कर उनका स्वागत व सम्मान किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में बोलते हुए अध्यक्ष बाबू सिंह यादव ने कहा की कार क्लीनिक में कार की एसी और कार की वायरिंग का पूरा कार्य किफायती दामों में किया जाएगा। संचालक जामिन अली ने बताया कि उनके कार क्लीनिक में कार से संबंधित सभी कार्य उचित मूल्य पर होंगे और अब किसी भी कार मालिक को लखनऊ प्रयागराज नहीं जाना पड़ेगा। इस अवसर पर मोहम्मद आसिफएडवोकेट ने कार क्लीनिक के संचालक को बधाई दिया तो वहीं इस अवसर पर मोहम्मद यासीन, मोमिन अहमद, निसार अहमद, जैद, करन, श्रीराम पटेल, संजय गुप्ता, बृजेश सोनी, विनोद गुप्ता, मोहम्मद फारूक, मणि प्रकाश दुबे, आसिफमकसूद, रंजीत कुमार सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय राजमार्ग के डिवाइडर में कट बढ़ने से हो रहीं दुर्घटनाएं

**कुलपहाड़/महोबा।** नगर से निकले राष्ट्रीय राजमार्ग पर डिवाइडर में कई अवैध कट बन गए हैं जिनके कारण दुर्घटना हो रही है महोबकंठ से महोबा जा रही पिकअप वाहन गैस सिलेंडर ले जा रहे वाहन को बचाने में डिवाइडर से टकराने से क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें लदा दहेज़ का सामान भी टूट गया। वाहन चालकों की सुविधा के लिए कुलपहाड़ नगर से निकले राष्ट्रीय राजमार्ग में चौड़ीकरण के समय डिवाइडर का निर्माण कराया गया था। बताया है कि जिसमें चार कट दिए गए थे लेकिन बाद में कई कट और बना दिए गए, जिसके कारण दुर्घटनाएं होती रहती हैं। महोबकंठ से एक पिकअप वाहन विवाह का सामान लेकर महोबा जा रहा था तभी कुलपहाड़ में टोरियापुरा मोहल्ले में गैस सिलेंडर से भरा वाहन अचानक सड़क पर आ गया जिसके कारण बचाने में पिकअप वाहन डिवाइडर से टकरा गया।

## पीस कमेटी की बैठक में त्योहारों पर आपसी सोहार्द, कानून व्यवस्था पर दिया जोर

- डीएम ने बकरीद को लेकर आयोजित बैठक में सफाई व्यवस्था तथा जलापूर्ति की समुचित व्यवस्था आदि के दिए निर्देश

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



आगामी ईद उल अजुहा बकरीद के त्यौहार के दृष्टिगत जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में जिलास्तरीय पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई, जिसमे जनपद के धार्मिक गुरुओं, प्रबुद्धजनों एवं संभ्रान्त नागरिकों से सीधा संवाद कर आगामी त्यौहारों पर आपसी सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग का आह्वान किया गया। आगामी बकरीद के त्यौहार को परंपरागत रूप से मनाये जाने के संबंध में जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शांति- सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इस त्यौहार में मुस्लिम समुदाय द्वारा ईदगाहों, मस्जिदों में नमाज अदा की जाती है तथा परंपरागत रूप से निश्चित स्थलों पर कुर्बानी दी जाती है। उन्होंने कहा इस दौरान संबंधित अधिशासी अधिकारी व जिला पंचायत राज अधिकारी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मस्जिद, नमाज स्थलों के आसपास विशेष सफाई कराकर चूने का छिड़काव करना सुनिश्चित करेंगे, जलापूर्ति की भी समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। कुर्बानी के पश्चात अवशेष को उचित स्थान पर पर्याप्त संख्या में गहरा गड्ढा खुदवाकर उसमें ब्लीचिंग, नमक तथा चुना डालकर समुचित तरीके से ढकवा कर निस्तारण कराना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि समस्त उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्रो में यह सुनिश्चित करेंगे कि कुर्बानी पूर्व से निर्धारित परंपरागत स्थलों पर ही की जाए, किसी भी दशा में खुले में कोई कुर्बानी नहीं की जाएगी। उक्त त्यौहार पर कोई नई परंपरा कायम नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने अधीक्षण अभियंता विद्युत को निर्देश देते हुए कहा कि त्यौहार के समय विद्युत आपूर्ति निर्वाध संचालित रहे। उन्होंने अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका एवं नगर पंचायत को निर्देशित करते हुए कहा की जहाँ पर भी जितने टैंकर पानी की आवश्यकता हो वहां कान्टेक्ट करके समय से टैंकर भेजना सुनिश्चित करें तथा मस्जिदों के पास किसी भी प्रकार के जानवरों का मूवमेंट ना हो। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिन अधिकारियों को जो जिम्मेदारी दी गई है वह अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करते हुए त्यौहार को सकुशल संपन्न कराने में अपनी भूमिका का निर्वहन करें। बैठक में उपस्थित पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह ने समस्त पुलिस क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष को निर्देश देते हुए कहा कि त्यौहार के दौरान अपने-अपने क्षेत्र में निरंतर भ्रमणशील रहते हुए शांति व सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखें। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व कुंवर पंकज, पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह, मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार उपजिलाधिकारी सदर शिवध्यान पांडेय, उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ डॉ प्रदीप कुमार, उपजिलाधिकारी चरखारी धीरेंद्र कुमार, शहर काजी आफाक हुसैन, समाजसेवी रामजी गुप्ता, शिवकुमार गोस्वामी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## पुलिस अधीक्षक ने किया साइबर थाना का औचक

- पुलिस अधीक्षक ने प्रभावी कार्यवाही एवं जनजागरूकता पर दिया गया विशेष बल

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह द्वारा पुलिस लाइन स्थित जनपदीय साइबर थाना का बुधवार को औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान साइबर अपराधों से संबंधित लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा करते हुए उनके त्वरित, गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक महोदय ने निर्देशित किया कि साइबर अपराधों में संलिप्त अभियुक्तों की शीघ्र पहचान सुनिश्चित कर उनके विरुद्ध सख्त एवं प्रभावी वैधानिक कार्रवाई की जाए। साथ ही विवेचना में आधुनिक तकनीकों एवं उपकरणों का अधिकतम उपयोग करते हुए साक्ष्य संकलन को मजबूत एवं अभियोजन की गुणवत्ता को उच्च स्तर का बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने प्रभारी निरीक्षक साइबर थाना को निर्देशित किया कि आमजन को साइबर धोखाधड़ी के प्रति जागरूक करने हेतु व्यापक जनजागरूकता अभियान संचालित किए जाएं, जिससे नागरिकों को ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, लिंक एवं ओटीपी फ्रॉड जैसे अपराधों से बचाव के प्रति सजग किया जा सके। साथ ही प्राप्त शिकायतों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए पीड़ितों को समयबद्ध राहत एवं न्याय उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की स्वच्छता, सुव्यवस्था एवं पब्लिक-फ्रेंडली वातावरण बनाए रखने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त अभिलेखों जैसे रजिस्टर, केस डायरी आदि को नियमित रूप से अद्यतन, सुव्यवस्थित एवं निरीक्षण योग्य स्थिति में रखने हेतु भी निर्देशित किया गया।जनपद पुलिस द्वारा साइबर अपराधों की रोकथाम, प्रभावी कार्यवाही एवं जनजागरूकता के लिए सतत एवं प्रतिबद्ध प्रयास किए जा रहे हैं। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी अपराध गौरव उपाध्याय, प्रभारी निरीक्षक साइबर थाना गुलाब त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### घर के बाहर रखा जनरेटर चोरी

**जालौन (उरई)।** घर के बाहर रखा जनरेटर चोरी होने के मामले में कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफप्राथमिकी दर्ज कर ली है। पुलिस चोर की तलाश कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला भवानीराम नहर कोठी के पास निवासी कुलदीप सक्सेना ने पुलिस को बताया कि वह घरेलू उपयोग के लिए जनरेटर रखे हुए हैं। बुधवार की रात उनका लगभग 30000 रुपये कीमत का जनरेटर घर के बाहर रखा था। रात में जब घर के सभी सदस्य सो गए। तभी अज्ञात चोर घर के बाहर रखे जनरेटर को चोरी कर ले गए। सुबह जागकर जब घर के बाहर देखा तो जनरेटर गायब था। काफी तलाश करने के बाद भी जनरेटर का कहीं पता नहीं चला। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफप्राथमिकी दर्ज कर ली है। पुलिस चोर की तलाश कर रही है।

### बेकाबू कार सड़क किनारे खड़ी चार बाइकों में घुसी

**जालौन (उरई)।** नगर के चुर्खी रोड स्थित एक रेस्टोरेंट के पास तेज रफ्तार एक कार अचानक बेकाबू होकर सड़क किनारे खड़ी बाइकों में जा घुसी। हादसे में चार बाइकें क्षतिग्रस्त हो गई, जिनमें दो बाइकों को सबसे अधिक नुकसान पहुंचा। तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग घरों और दुकानों से बाहर निकल आए तथा मौके पर भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और घटना की जानकारी ली। बुधवार की रात करीब साढ़े दस बजे चुर्खी रोड पर सामान्य आवागमन चल रहा था। इसी दौरान तेज गति से आ रही कार अचानक बेकाबू हो गई और सड़क किनारे खड़ी बाइकों को टक्कर मारते हुए आगे जाकर रुकी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइकें दूर तक घिसट गई और कुछ के पुर्जे सड़क पर बिखर गए। हादसे के बाद कुछ देर के लिए मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आवाज सुनकर मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस को कार चालक ने बताया कि कार की स्टीयरिंग अचानक फेल हो गई थी, जिसके चलते वह कार पर नियंत्रण नहीं रख सका और हादसा हो गया।

# मेडिकल कॉलेज प्रकरण की निष्पक्ष जांच को डीएम ने गठित की त्रिस्तरीय समिति

- चिकित्सकों व तीमारदारों के बीच हुए विवाद की होगी जांच, दोषियों पर होगी कार्रवाई

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने राजकीय मेडिकल कॉलेज उरई में चिकित्सकों एवं तीमारदारों के मध्य हुए विवाद एवं उससे उत्पन्न घटनाक्रम को गंभीरता से लेते हुए मामले की निष्पक्ष एवं गहन जांच के लिए त्रिस्तरीय जांच समिति गठित कर दी है। विदित हो कि 18 मई 2026 की मध्य रात्रि लगभग 12 बजे राजकीय मेडिकल कॉलेज उरई में हुए विवाद की जांच हेतु अपर जिलाधिकारी प्रेमचंद्र मौर्य को समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। समिति में सह आचार्य एवं विभागाध्यक्ष फॉरेंसिक मेडिसिन डॉ. पुनीत अवस्थी तथा अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. ईशान सोनी को सदस्य नामित किया गया है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि गठित समिति पूरे घटनाक्रम के प्रत्येक पहलू की गंभीरता से जांच करेगी। समिति विवाद के कारणों, संबंधित पक्षों की भूमिका, मेडिकल कॉलेज की सुरक्षा व्यवस्था तथा अन्य प्रशासनिक व्यवस्थाओं का परीक्षण कर उत्तरदायी व्यक्तियों एवं परिस्थितियों का चिन्हांकन करेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप स्वास्थ्य संस्थानों में अनुशासन, सुरक्षा एवं बेहतर कार्य वातावरण बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने समिति को निर्देशित किया है कि जांच आख्या शीघ्र पूर्ण कर प्रस्तुत की जाए, ताकि तथ्यों के आधार पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

### डॉक्टरों का झुंड मरीज के परिजनों को पुलिस जीप से खींचकर पीटा

**उरई।** राजकीय मेडिकल कॉलेज विवाद में एक और वीडियो सामने आया है जो कि तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें साफतौर पर देखा जा सकता है कि मेडिकल कॉलेज उरई के डॉक्टर पुलिस के सामने ही मरीज के परिजनों को पुलिस जीप से बाहर खींच कर मार बेरहमी से पीट रहे हैं, पुलिस उनको रोकने का प्रयास कर रही है। लेकिन गाली गलौच करते हुए डॉक्टरों का झुंड पुलिस को भी धक्का मारता दिख रहा है और मरीज के तीमारदारों को बुरी तरह जमीन पर पटक कर पीट रहे है। इस विडियो के सामने आने के बाद अब डॉक्टरों द्वारा लगाए जा रहे आरोप साफतौर पर फर्जी एवं बेबुनियाद नजर आ रहे हैं।

### अब चिकित्सकों ने की मुकदमा वापसी की मांग

**उरई।** जैसे ही राजकीय मेडिकल कालेज के चिकित्सकों को उन पर मुकदमा दर्ज होने की सूचना मिली तो गुरुवार को जूनियर डॉक्टर कामकाज छोड़ हड़ताल पर चले गए थे। हड़ताल पर गये चिकित्सकों की मांग थी कि उन पर दर्ज हुई एफआईआर को वापस लिया जाये। डॉक्टरों की हड़ताल का सीधा असर मरीजों पर दिखाई देने लगा था। मेडिकल कॉलेज की स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो गई और दूर–दराज से इलाज कराने पहुंचे मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इमरजेंसी सेवाओं पर भी दबाव बढ़ गया है। बाद में मेडिकल कालेज प्रशासन ने किसी तरह से स्थिति को नियंत्रित किया और फिर ओपीडी में कामकाज सामान्य हुआ। इधर पूरे मामले ने अब राजनीतिक रंग भी लेना शुरू कर दिया है।

### एक डॉक्टर सहित 30-40 अज्ञात चिकित्सकों पर एफआईआर दर्ज

**उरई।** राजकीय मेडिकल कॉलेज उरई में हुए हाईवोल्टेज बवाल के मामले में आखिरकार पीड़ित परिवार की तहरीर पर पुलिस ने बड़ा एक्शन लिया है। उरई कोतवाली पुलिस ने डॉक्टर आराध्य नगाइच सहित 30 से 40 अज्ञात डॉक्टरों के खिलाफमुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित ब्रजकिशोर गुप्ता का आरोप है कि वह अपनी बेटी स्मृति गुप्ता का इलाज कराने मेडिकल कॉलेज पहुंचे थे, जहां पर्चा बनाने में लगातार देरी हो रही थी। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो वहां मौजूद डॉक्टर आराध्य नगाइच ने कथित तौर पर उन्हें धक्का देकर गिरा दिया। परिवार का आरोप है कि जब बेटे गोपाल गुप्ता ने बीच–बचाव और विरोध किया तो मामला अचानक हिंसक हो गया। आरोप है कि कई जूनियर और सीनियर डॉक्टर एकजुट होकर गाली–गलौज करने लगे और फिर कुर्सियों व डंडों से हमला कर दिया। इस हमले में गोपाल गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित परिवार ने यह भी आरोप लगाया कि पुलिस के सामने भी उनके साथ अभद्रता की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। घटना के बाद इलाके में काफी आक्रोश देखने को मिला था और व्यापारियों सहित कई संगठनों ने विरोध प्रदर्शन किया था। अब इस पूरे मामले में राजनीतिक हलचल भी तेज हो गई है। वहीं सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने लखनऊ पहुंचकर उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक से मुलाकात की और पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। सदर विधायक ने दोषियों के खिलाफकड़ी कार्रवाई और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग उठाई। फिलहाल उरई कोतवाली पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुटी हुई है।

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र अविकाश के गलत चाल चलन के चलते अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा।
**अवधेश कुमार पुत्र छेदालाल निवासी ग्राम सातनपुर, थाना कादरीगेट, फर्रुखाबाद।**

# राहुल गांधी ने अल्ट्रासाउंड मशीन का उद्घाटन कर मेधावी छात्रा को किया सम्मानित

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

अमेठी दौरे पर आए राहुल गांधी ने मुंशीगंज स्थित संजय गांधी अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन का उद्घाटन किया साथ ही इंदिरा गांधी स्कूल एंड कॉलेज ऑफ नर्सिंग में नवनिर्मित ऑडिटोरियम का भी फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नया ऑडिटोरियम संस्थान की शैक्षणिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को नई दिशा देगा तथा विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास और व्यावसायिक प्रशिक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और स्वागत भाषण के साथ हुआ। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रमेश एस. ने संस्थान की शैक्षणिक उपलब्धियों और स्वास्थ्य शिक्षा में योगदान पर प्रकाश डाला। राहुल गांधी ने नर्सिंग शिक्षा के महत्व और स्वास्थ्य क्षेत्र में युवाओं की भूमिका पर छात्रों से संवाद भी किया। समारोह का मुख्य आकर्षण डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की गोल्ड मेडलिस्ट छात्रा साक्षी शुक्ला का सम्मान रहा। राहुल गांधी ने उन्हें स्वर्ण पदक और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया, जिससे छात्र-छात्राओं में उत्साह का माहौल दिखा।




इस दौरान अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा, संजय गांधी मेमोरियल ट्रस्ट के प्रशासक मनोज मुट्टू, अस्पताल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अवधेश शर्मा, उप-प्रधानाचार्य डॉ. गोमती एम. सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# पूर्व प्रधानमंत्री स्व राजीव गांधी की मनाई गई पुण्यतिथि

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री, स्व0 राजीव गांधी जी की पुण्यतिथि के अवसर पर सांसद आवास ओबरी एवं हैदरगढ़, त्रिवेदीगंज में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुये सांसद तनुज पुनिया ने त्रिवेदीगंज में कहा कि, स्व0 राजीव गांधी जी इक्कीसवीं सदी के योद्धा, संचार क्रान्ति के नायक थे। जिस प्रकार इतनी कम उम्र में भारत जैसे विशाल देश के प्रधानमंत्री बनकर उन्होने देश के विकास को उन बुलन्दियों तक ले जाने का कार्य किया वह आज भी प्रेरणादायक है।

यदि राजीव गांधी जी जीवित रहते तो भारत दुनिया में बादशाह बन जाता। उनके योगदान इतिहास के पन्नों में हमेशा हमेशा याद रक्खा जायेगा। सांसद तनुज पुनिया ने कहा कि



राजीव गांधी जी के बलिदान और देश के प्रति उनके योगदान को पूरा भारत 21 मई को राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस के रूप में मनाता है। उन्होंने आतंकवाद और हिंसा से समाज को दूर रखने तथा शांति सद्भाव और मानवता का संदेश देने का कार्य किया। राष्ट्रीय एकता को मजबूत बनाना उनका प्रमुख उद्देश्य था। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय राजीव गांधी जी को आधुनिक भारत का शिल्पकार कंप्यूटर एवं सूचना प्रौद्योगिकी आईटी क्रांति का जनक माना जाता है। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में मुख्य रूप से जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन, राजकुमार सिंह, सुशील कुमार वर्मा, डिंपल सिंह, हरिराम वर्मा, रामू वर्मा, राकेश वर्मा, सरवर सिद्दीकी, दीपक राजेंद्र वर्मा फोटोवाला, विजयपाल गौतम, गोपी कनौजिया मोइनुद्दीन अंसारी, रमेश कश्यप, अखिलेश वर्मा, सद्दाम, गुड्डू, उमानाथ शुक्ला, डॉ दिनेश अवस्थी, आशु दीक्षित, प्रेम नारायण मिरा, जयन्त गौतम, आरडी राव आदि लोग उपस्थित रहे।

## खड़ंजा लगाने में की जा रही भारी अनियमितता

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** तहसील के पासिनपुरवा गांव में जिला पंचायत द्वारा बन रही 700 मीटर खण्डजा सड़क के निर्माण में अनियमितताओं का आरोप लगा है। ठेकेदार पर मानकों की अनदेखी कर घटिया ईंटों का इस्तेमाल करने का आरोप है।ग्रामीणो का आरोप है कि ठेकेदार घटिया ईंटों का उपयोग कर रहा है। इन ईंटों की गुणवत्ता छिपाने के लिए उन्हें बिछाने के तुरंत बाद ऊपर से मिट्टी डाली जा रही है। ग्राम प्रधान संजय सिंह और अन्य ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर काम का विरोध किया। उन्होंने ठेकेदार पर सरकारी धन के दुरुपयोग का आरोप लगाया। ग्राम प्रधान संजय सिंह ने चेतावनी दी है कि यदि 24 घंटे के भीतर सड़क से घटिया ईंटें नहीं हटाई गईं, तो वे जिलाधिकारी और जिला पंचायत अध्यक्ष से शिकायत करेंगे। जिला पंचायत के अवर अभियंता अनिल सिंह ने बताया कि कुछ ईंटें मानक के अनुरूप नहीं है और उन्हें तत्काल हटवाया जाएगा।

# बाउंड्रीवॉल तोड़ने और सीसीटीवी क्षतिग्रस्त करने का आरोप, पीड़िता न्याय के लिए भटकने को मजबूर

**रामसनेहीघाट,बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

तहसील क्षेत्र में भूमि विवाद का मामला सामने आया है, जहां सीमांकन के बाद अपनी जमीन पर बाउंड्री वॉल बनवाने वाली महिला को दबंगों की दबंगई का सामना करना पड़ रहा है। आरोप है कि बाउंड्री वॉल तोड़ने के साथ ही सुरक्षा के लिए लगाए गए सीसीटीवी कैमरे को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया। मामले में कार्रवाई न होने से पीड़िता पुलिस अधिकारियों के चक्कर काटने को मजबूर है। तहसील क्षेत्र के पूरे अहिरन मजरे तिवारीपुर गांव निवासी शांति देवी ने शिकायत में बताया कि उनकी भूमि गाटा संख्या 265, 266, 267 नगर पंचायत क्षेत्र के मालिनपुर (ताला) में स्थित है। इस भूमि पर पहले कुछ लोगों द्वारा अवैध कब्जा किया गया था, जिसकी शिकायत उन्होंने तहसील समाधान दिवस में की थी। इस पर उपजिलाधिकारी द्वारा राजस्व टीम गठित कर भूमि का सीमांकन कराया गया। पीड़िता के अनुसार, सीमांकन के बाद उन्होंने अपनी जमीन की सुरक्षा के लिए रेडीमेड बाउंड्री वॉल बनवानी शुरू की, लेकिन गांव के कुछ दबंगों ने इसका विरोध करते हुए पहले निर्माण कार्य रुकवाया और बाद में बाउंड्री वॉल गिरा दी। साथ ही निगरानी के लिए लगाए गए सीसीटीवी कैमरे को भी तोड़ दिया। शांति देवी का कहना है कि घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई थी, लेकिन कई बार शिकायत के बावजूद अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है। इससे उनका परिवार भय और तनाव में जीवन यापन करने को मजबूर है। उन्होंने आरोप लगाया कि कार्रवाई न होने से आरोपियों के हौसले बुलंद हैं।

पीड़िता ने बताया कि राजस्व कर्मियों की स्थलीय जांच रिपोर्ट और सीमांकन के दस्तावेज उनके पास मौजूद हैं, इसके बावजूद उन्हें न्याय नहीं मिल पा रहा है। लगातार कोतवाली और पुलिस अधिकारियों के चक्कर लगाने के बाद भी सुनवाई न होने से वह निराश हैं।

न्याय की आस में भटक रहीं शांति देवी ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वह मुख्यमंत्री से मिलकर अपनी समस्या रखेंगी। घटना को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है और लोग प्रशासन से निष्पक्ष कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# अंधाधुंध विद्युत कटौती व लो वोल्टेज से आम जनमानस हैरान

**महाराजगंज,समृद्धि न्यूज़।**

रायबरेली जहां एक ओर आसमान से बरस रही आग से आम आदमी परेशान है तो वही विद्युत विभाग द्वारा अंधाधुंध बिजली कटौती से जनता बेहाल है तो वही जो बिजली आती है वह भी किसी काम के नहीं ना उपभोक्ताओं के बिजली उपकरण चल पा रहे हैं लो वोल्टेज की वजह से पंखे भी केवल घूम रहे हैं चलने की बात तो दूर छोड़िए जहां यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गावो को 18 घंटे विद्युत आपूर्ति करने का आदेश दे रखा है जिनके आदेशों की धज्जियां उड़ाता विद्युत विभाग मुश्किल से 6 से 7 घंटे विद्युत आपूर्ति कर पर रहा है एक तो सूर्य देवता जहां आसमान से आग बरसा रहे हैं तो वही विद्युत विभाग की



लापरवाही और उदासीनता के कारण जहां एक ओर उपभोक्ता अपने आप को थका सा महसूस कर रहा है आम उपभोक्ता लो वोल्टेज के साथ-साथ बिजली कटौती से आम जनमानस काफी परेशान है बेतहाशा पड़ रही भीषण गर्मी की वजह से सबसे अधिक बच्चे और बुजुर्ग परेशान है क्योंकि रात और दिन में इतनी बार बिजली की कटौती की जाती है कि आम जनमानस को केवल परेशानी ही मिलती हैं जहां बच्चों की पढ़ाई चौपट हो रही है वही मरीज के लिए भी विद्युत कटौती परेशानी का सबक बनी हुई है।

# न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल में हुई अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी

**महराजगंज रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**

न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सलेथू महराजगंज, रायबरेली में अभिभावक -शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अधिक संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे अभिभावकों ने अपने पाल्यों के क्रियाकलापों व प्रगति पर कक्षा-अध्यापक और विषय- अध्यापकों से चर्चा करते हुए परिणामों की समीक्षा की और शिक्षा को बेहतर बनाने हेतु महत्वपूर्ण सुझाव भी साझा किए। इस अवसर पर छात्र -छात्राओं ने स्वनिर्मित विज्ञान व आर्ट क्राफ्ट प्रदर्शनी लगाई और अभिभावकों को इससे अवगत कराया अभिभावकों ने छात्र -छात्राओं के इस कार्य की सराहना की। प्रधानाचार्य राजीव सिंह ने सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी को




अपने बच्चों की शिक्षण गतिविधियों का सतत अनुश्रवण करना चाहिए तथा पढ़ाई के साथ बच्चे के चरित्र निर्माण में भी आपका सहयोग प्रार्थनीय है। प्रधानाचार्य ने विज्ञान प्रदर्शनी की सराहना की और छात्रों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी छात्रों को वास्तविक जीवन के मुद्दों को पहचानने और समाधान खोजने के अवसर प्रदान करके समस्या-समाधान क्षमताओं के विकास को बढ़ावा देती है।

यह एक ऐसी भावना का पोषण करती है जो उन्हें वैज्ञानिक अनुसंधान या प्रौद्योगिकी विकास जैसे विभिन्न कैरियर पथों में चुनौतियों के लिए तैयार करती है। इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्या रजनी श्रीवास्तव, अध्यापक- अध्यापिकाएं, छात्र - छात्राएं व अभिभावक उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### कार्य बहिष्कार से स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित, मरीज परेशान

**रामसनेहीघाट बाराबंकी।** संविदा स्वास्थ्य कर्मियों के कार्य बहिष्कार का असर गुरुवार को सीएचसी की स्वास्थ्य सेवाओं पर साफ दिखाई दिया। भीषण गर्मी के बीच अस्पताल में मरीजों की भारी भीड़ उमड़ी, लेकिन व्यवस्थाएं लड़खड़ाती नजर आईं। अस्पताल में केवल अधीक्षक डॉ. रमेश कुमार और एक महिला चिकित्सक ही मरीजों को देख रहे थे। संविदा कर्मियों के बहिष्कार के चलते जांच, पंजीकरण और अन्य सेवाएं प्रभावित रहीं। लंबी कतारों में खड़े मरीज घंटों अपनी बारी का इंतजार करते रहे। गर्मी और अव्यवस्था के कारण बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को सबसे ज्यादा परेशानी उठानी पड़ी। मरीजों और तीमारदारों ने जल्द समस्या का समाधान कर स्वास्थ्य सेवाएं सामान्य कराने की मांग की।

### जिला आजीविका अनुश्रवण व क्रियान्वयन समिति की बैठक सम्पन्न

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू की अध्यक्षता में जिला आजीविका अनुश्रवण एवं क्रियान्वयन समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एनआरएलएम के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की गहन समीक्षा कर साथ ही पोषाहार उत्पादन इकाई के कार्यों की भी विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक के दौरान सीडीओ ने स्वयं सहायता समूहों के गठन, उनके बैंक खाते खोलने तथा एमआईएस एंट्री की प्रगति पर विशेष जोर दिया। इसके अतिरिक्त उन्होंने 'लखपति दीदी' योजना, समूह स्टार्टअप फंड, सामुदायिक निवेश प्रणाली, तथा 'प्रेरणा कैंटीन' के संचालन की स्थिति की समीक्षा करते हुए योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया। समूहों द्वारा तैयार उत्पादों के विपणन के लिए संचालित 'सवेरा मार्ट' की स्थिति पर भी चर्चा की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने सामुदायिक शौचालयों के संचालन हेतु स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को केयरटेकर बनाए जाने की प्रगति की भी समीक्षा की। साथ ही 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना' एवं 'बीसी सखी' के कार्यों की समीक्षा करते हुए बैंकिंग सेवाओं को ग्रामीण स्तर तक सुलभ बनाने पर जोर दिया। पोषाहार उत्पादन इकाई में हो रहे उत्पादन एवं भुगतान की स्थिति की समीक्षा करते हुए सीडीओ ने कहा कि सभी भुगतान निर्धारित समय सीमा के भीतर सुनिश्चित किए जाएं। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ज्योति सिंह, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, डीसी एनआरएलएम प्रवीणा शुक्ला, डीईएसटीओ पन्नालाल सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### मानदेय न मिलने पर संविदा स्वास्थ्य कर्मियों ने दिया धरना



**रामसनेहीघाट बाराबंकी।** पिछले दो माह से मानदेय न मिलने से नाराज स्वास्थ्य संविदा कर्मियों ने गुरुवार को सीएचसी परिसर में कार्य बहिष्कार कर धरना प्रदर्शन किया। संविदा कर्मचारी संघ के महामंत्री डॉ. रईस ने बताया कि मार्च और अप्रैल माह का मानदेय अब तक नहीं मिला है, जिससे कर्मचारियों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। किसी को बच्चों का प्रवेश कराना है तो किसी को फीस और अन्य जरूरी खर्चों के लिए पैसों की आवश्यकता है, लेकिन विभाग उनकी समस्याओं को गंभीरता से नहीं ले रहा। उन्होंने बताया कि बुधवार को संघ के निर्देश पर सांकेतिक प्रदर्शन भी किया गया था, इसके बावजूद अधिकारियों ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। धरने में शामिल मोहम्मद आरिज समेत अन्य संविदा कर्मियों ने विभागीय अधिकारियों पर मनमानी का आरोप लगाते हुए जल्द भुगतान की मांग की। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द मानदेय जारी नहीं हुआ तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। धरना प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने नारेबाजी कर अपनी नाराजगी जताई।

## त्रिवर्षीय लॉ फर्स्ट सेमेस्टर रिजल्ट पर उठे सवाल

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** लखनऊ विश्वविद्यालय के त्रिवर्षीय लॉ फर्स्ट सेमेस्टर परीक्षा परिणाम को लेकर छात्रों और अभिभावकों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। आरोप है कि विश्वविद्यालय द्वारा पहले जारी किए गए परिणाम में कई छात्रों को ग्रेस मार्क्स देकर पास घोषित किया गया था, लेकिन बाद में संशोधित रिजल्ट जारी कर ग्रेस मार्क्स हटा दिए गए और छात्रों को फेल कर दिया गया। छात्रों का कहना है कि प्रारंभिक परिणाम में उन्हें उत्तीर्ण दिखाया गया था, जिसके बाद उन्होंने आगे की शैक्षणिक प्रक्रिया शुरू कर दी थी। लेकिन बाद में जारी संशोधित परिणाम में अंक बदल गए और कई विद्यार्थी अनुत्तीर्ण घोषित कर दिए गए। इससे छात्रों में भ्रम और असंतोष की स्थिति पैदा हो गई है। अभिभावकों ने विश्वविद्यालय प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। उनका कहना है कि बिना स्पष्ट कारण बताए परिणाम में बदलाव करना छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है।

# ओवरहीटिंग के चलते पावर स्टेशन पर लगी आग



**रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

भीषण गर्मी और बढ़ते ओवरलोड के बीच बुधवार देर रात स्थानीय 132 विद्युत पावर स्टेशन पर बड़ा हादसा टल गया। करीब 28 वर्ष पुराने ट्रांसफार्मर में ओवरहीटिंग के चलते रात करीब डेढ़ बजे अचानक आग लग गई। देखते ही देखते ट्रांसफार्मर धधक उठा और पावर स्टेशन परिसर में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और विद्युत विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंच गए। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक पहले ट्रांसफार्मर से धुआं उठता दिखाई दिया लेकिन कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। कर्मचारियों ने तत्काल उच्चाधिकारियों और फायर स्टेशन को सूचना दी। दो दमकल गाड़ियों के साथ पहुंचे फायर कर्मियों ने तेज गर्मी और धधकते ट्रांसफार्मर के बीच लगातार पानी व फोम का इस्तेमाल कर आग को फैलने से रोका। हादसे के चलते रामसनेहीघाट पावर स्टेशन से जुड़े बाराबंकी जिले के रामसनेहीघाट, दूल्हदेपुर, सफदरगंज, सुबेहा, पूरेडलई, दरियाबाद, टिकैतनगर, सिधौर और देवीगंज उपकेंद्रों समेत अयोध्या जिले के पटरंगा व बीपी मवई उपकेंद्रों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। इससे करीब ढाई हजार गांवों की दस लाख से अधिक आबादी अंधेरे में डूब गई।

विद्युत विभाग की तत्परता से बड़ा संकट टल गया। आग बुझने के बाद विभागीय टीम ने दूसरे ट्रांसफार्मर से आपूर्ति जोड़कर करीब ढाई घंटे में सभी उपकेंद्रों की बिजली बहाल कर दी। अधिकारियों ने ओवरहीटिंग को हादसे का कारण बताते हुए जांच शुरू कर दी है।

## रोड क्रॉस नाला गड्ढे में तब्दील, बड़ी घटना का इंतजार



**डलमऊ, रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** लगभग 1 वर्ष पूर्व जल भराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए मुराई बाग मुख्य चौराहे पर पाइप डालकर रोड क्रॉस नाला का निर्माण कराया गया था जो ओवरलोड भारी वाहनों के चलते एक बड़े गड्ढे के रूप में तब्दील हो गया है मुराई बाग चौराहा कस्बे के व्यस्ततम क्षेत्र होने के चलते कभी भी कोई बड़ी घटना घट सकती है बीते कुछ दिनों पहले समाचार पत्र ने इस खबर को प्रमुखता से छापा था लेकिन उसके बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों ने कोई उचित कदम उठाने की जहमत नहीं उठाई है आए दिन इसी मुख्य चौराहे से तहसील एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों का आवागमन लगा रहता है लेकिन उसके बाद भी जिम्मेदार अधिकारी कोई कार्यवाही करने से बच रहे हैं कस्बे से प्रतिदिन हजारों की संख्या में गुजर रहे ओवरलोड भारी वाहनों के चलते यह रोड क्रॉस नाला 1 वर्ष की अवध भी पार नहीं कर सका जमीन के अंदर डाले गए पाइप मैं बीते कुछ दिनों पहले एक छोटा छेद हो गया था लगातार गुजर रहे ओवरलोड भारी वाहनों के कारण अब बड़ा आकर ले चुका है जो पूरी तरह से घातक साबित हो रहा है स्थानीय लोगों ने रोड क्रॉस नाला में हुए होल पर लोहे की बैरीकेटिंग रखकर दुर्घटनाओं से बचने का प्रयास किया है लेकिन क्षेत्रीय लोग अस्थाई रूप से इस समस्या के निदान की आस लगाए बैठे हुए हैं अब देखने वाली यह बात होगी कि इस समस्या पर जिम्मेदार अधिकारियों की नजरे कब इनायत होगी।

# सड़क हादसे में युवक की मौत पर दोस्तों पर लगा हत्या का आरोप

**अमेठी,समृद्धि न्यूज़।**

जामों थाना क्षेत्र के गौरा गांव में दो दिन पहले रात को सड़क किनारे खून से लथपथ मिले युवक के शव मामले में नया मोड़ सामने आया है। मृतक के परिजनों ने युवक की हत्या किए जाने की आशंका जताई है। गुरुवार को परिजन सैकड़ों ग्रामीणों के साथ थाने पहुंचकर उन्होंने पुलिस को पूरी घटना से अवगत कराया और निष्पक्ष जांच की मांग की। परिजनों का आरोप है कि युवक जिन दोस्तों के साथ घर से निकला था, घटना के बाद से वह सभी फरार हैं। बताया जा रहा है कि युवक दोस्तों के साथ बाहर गया था और बाद में नशे की हालत



में घर लौट रहा था। इसी दौरान गांव से कुछ दूरी पर सड़क किनारे उसका खून से लथपथ शव मिलने की सूचना मिली थी। अंतिम संस्कार के बाद परिजन बड़ी संख्या में ग्रामीणों के साथ थाने पहुंचे और मामले में हत्या की आशंका जताते हुए कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

# डीएम ने अभिलेखागार का किया निरीक्षण

▸ संरक्षित दस्तावेज शासन एवं प्रशासन के लिए अत्यंत होते हैं उपयोगी

**रायबरेली,समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने आज कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित अभिलेखागार का औचक निरीक्षण कर वहां संरक्षित अभिलेखों के रख-रखाव, सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने अभिलेखों के सुव्यवस्थित संरक्षण, डिजिटलीकरण तथा रिकॉर्ड प्रबंधन प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि अभिलेखागार प्रशासनिक



कार्यों की महत्वपूर्ण धरोहर हैं, जिनमें संरक्षित दस्तावेज शासन एवं प्रशासन के लिए अत्यंत उपयोगी होते हैं। उन्होंने अभिलेखों को सुरक्षित एवं व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए, ताकि भविष्य में अभिलेखों की उपलब्धता और उपयोग में सुविधा हो सके। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अभिलेखों के वर्गीकरण, रिकॉर्ड रूम की साफ-सफाई, अग्नि सुरक्षा व्यवस्था तथा अभिलेखों के संरक्षण हेतु अपनाए जा रहे उपायों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पुराने एवं महत्वपूर्ण अभिलेखों का विशेष संरक्षण सुनिश्चित किया जाए तथा रिकॉर्ड प्रबंधन प्रणाली को आधुनिक तकनीक से जोड़ा जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन सिद्धार्थ, नगर मजिस्ट्रेट राम अवतार सहित संबंधित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## रेलवे स्टेशन पर सीट को लेकर बवाल, यात्रियों से मारपीट

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** मुसाफिरखाना रेलवे स्टेशन पर बुधवार शाम करीब 7 बजे उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब साबरमती एक्सप्रेस के जनरल कोच में सीट दिलाने को लेकर यात्रियों और कुछ अराजकतत्वों के बीच जमकर मारपीट हो गई। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। हलांकि समृद्धि न्यूज़ वायरल हो रहे वीडियो की पुष्टि नहीं करता। मिली जानकारी के अनुसार, अहमदाबाद जा रही साबरमती एक्सप्रेस में यात्रियों की भारी भीड़ थी। इसी दौरान कुछ लोग यात्रियों को सीट पर बैठाने के नाम पर प्लेटफार्म पर पहुंचे और विवाद शुरू हो गया। देखते ही देखते कहासुनी मारपीट में बदल गई। प्लेटफार्म पर मौजूद यात्रियों में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई और काफी देर तक हंगामा चलता रहा। प्रत्यक्षदर्शियों का आरोप है कि घटना की सूचना मिलने के बावजूद रेलवे सुरक्षा बल और राजकीय रेलवे पुलिस काफी देर बाद मौके पर पहुंची, जिससे लोगों में नाराजगी देखी गई।
स्टेशन मास्टर अमित शुक्ला ने बताया कि सीट पर बैठाने के नाम पर आए अराजकतत्वों ने घटना को अंजाम दिया। हलांकि दोनों पक्षों की ओर से अब तक कोई तहरीर या मुकदमा दर्ज नहीं कराया गया है। घटना के बाद ट्रेन को अहमदाबाद के लिए रवाना कर दिया गया।

# बहादुरपुर में राहुल गांधी का हुआ जोरदार स्वागत

**अमेठी,समृद्धि न्यूज़।**

नेता प्रतिपक्ष और रायबरेली सांसद राहुल गांधी ने एक दिवसीय अमेठी दौरे के तहत बहादुरपुर पहुंचकर स्थानीय लोगों और कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। उनके आगमन पर पूरे क्षेत्र में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। कांग्रेस नेत्री सुनीता सिंह सैकड़ों ई-रिक्शा के काफिले के साथ बहादुरपुर पहुंचीं और राहुल गांधी का भव्य स्वागत किया। जगह-जगह फूल मालाओं से उनका अभिनंदन किया गया और समर्थकों ने जोरदार नारेबाजी कर माहौल को जोशीला बना दिया। इस दौरान राहुल गांधी ने कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकार



किया और जनता से संवाद भी किया। कांग्रेस नेत्री सुनीता सिंह ने कहा कि राहुल गांधी जनता की समस्याओं को लगातार उठा रहे हैं और उनके आगमन से कार्यकर्ताओं में नया जोश और ऊर्जा आई है। पूरे क्षेत्र में इस दौरे को लेकर राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है। प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे और कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

# ग्रा.पं हरदीपुर के निर्माण कार्यों का डीएम ने किया निरीक्षण

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने ब्लॉक कसण्डा की ग्राम पंचायत हरदीपुर एवं गोविन्दापुर के निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय हरदीपुर सम्पर्क मार्ग तक लेपन कार्य को देखते हुये सड़क खुदवाकर गुणवत्ता को परखा तथा रोड किनारे पटरी न बने होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये जिला पंचायत जेई को निर्देश दिये कि पटरी संबंधी कार्य को पूरी गुणवत्ता के साथ जल्द से जल्द कराया जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि जहां पर सड़क निर्माण कार्य करायें, वहां सड़क के किनारे पटरी अवश्य बनायी जाये। इसके



पश्चात जिलाधिकारी ने गोविन्दापुर से जिन्द बाबा से जंगली दास बाबा की कुटी तक खड़न्जा के निर्माण कार्य को देखते हुये खड़न्जा की ईंट की गुणवत्ता को परखते हुये खड़न्जा सही न मिलने पर जिला पंचायत जेई को निर्देशित किया कि खड़न्जा उखड़वाकर पुनः कार्य प्रारम्भ किया जाये और कार्य सही ढंग से पूर्ण कराया जाये। उन्होंने सड़क के किनारे पटरी न बने होने पर पटरी बनवाये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये। उन्होंने सख्त निर्देश दिये कि भविष्य सभी कार्य सही ढंग से कराये जायें, कही पर भी गड़बड़ी न मिले, यह सुनिश्चित किया जाये।

# पिपरिया प्रकरण में विभागीय कार्रवाई ठप, बीडीओ पर गुमराह करने का आरोप

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

विकासखंड बेहटा की ग्राम पंचायत पिपरिया में भ्रष्टाचार संबंधी शिकायतों की जांच के बाद दोषी पाए गए ग्राम सचिव, ग्राम प्रधान और रोजगार सेवक के खिलाफ अब तक विभागीय कार्रवाई न होने से प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। आरोप है कि खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) बेहटा द्वारा उच्चाधिकारियों को गुमराह कर कार्रवाई को लंबित रखा जा रहा है।

ग्रामीणों की शिकायत पर हुई जांच में ग्राम सचिव धनंजय चंद्रपति, ग्राम प्रधान संतराम एवं रोजगार सेवक ओम प्रकाश तिवारी दोषी पाए गए थे। इस पर तत्कालीन जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने रोजगार सेवक को बर्खास्त करने, सचिव व प्रधान पर विभागीय कार्रवाई करने तथा संबंधितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर रिकवरी की कार्रवाई के निर्देश दिए थे। साथ ही जिला पंचायत राज अधिकारी को भी आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के आदेश दिए गए थे। कानूनी जानकारों का कहना है कि न्यायालय का यह आदेश केवल गिरफ्तारी तक सीमित है, जबकि विभागीय कार्रवाई पर कोई रोक नहीं है। इसके बावजूद आरोप है कि संबंधित अधिकारी इसी आदेश का हवाला देकर विभागीय कार्रवाई को भी रोके हुए हैं।

## सूचना

मैंने अपने सगे देवर प्रताप चंद्र पुत्र नाथूराम निवासी ग्राम ब्राहिमपुर थाना व तहसील छिबरामऊ के पुत्र शिवम से मेरे सहित मेरे पुत्र राहुल एवं पुत्रवधू प्रियंका मिश्रा ने संबंध समाप्त कर लिया है। इनके किसी भी कार्य या लेनदेन से हमारा कोई लेना देना नहीं है।

**शोभा देवी पत्नी प्रभाष चंद्र मिश्रा निवासी मोहल्ला बनवारी नगर छिबरामऊ (कन्नौज)।**

# टीएससीटी की बैठक में संगठन की मजबूती पर चर्चा

▸ कन्यादान योजना के तहत 51 हजार का दिया गया सहयोग

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



बीकानेर एक्सप्रेस रेस्टोरेंट में आयोजित टीएससीटी कानपुर मंडल की बैठक में संगठन के संस्थापक विवेकानंद आर्या एवं सुधेश पांडेय ने पदाधिकारियों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए संगठन की मजबूती, शिक्षक हितों तथा सामाजिक सरोकारों पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर कानपुर देहात संयोजक विनीत, कानपुर नगर संयोजक सुनील वर्मा, इटावा संयोजक शौकीन सिंह, औरैया संयोजक केशव यादव, फर्रुखाबाद संयोजक सुजीत कुमार एवं कन्नौज संयोजक अंकित कटियार ने भी विचार व्यक्त करते हुए संगठन की गतिविधियों और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की। कार्यक्रम में विशेष रूप से कन्नौज जनपद की सभी ब्लॉक टीमों को संगठन में उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही कन्नौज के शिक्षक रवि प्रकाश दुबे को कन्या दान योजना के अंतर्गत 51 हजार रुपये की चेक प्रदान की गई। साथ ही विशिष्ट अतिथि शिक्षिका से असिस्टेंट कमिश्नर जीएसटी में चयनित दिव्या शुक्ला एवं समीक्षा अधिकारी में चयनित राविंस कुमार को भी सम्मानित किया गया। मंडल संयोजक जितेंद्र कुमार यादव की अध्यक्षता एवं जिला प्रवक्ता प्रशांत सिंह के संचालन में हुए कार्यक्रम में मंडल प्रवक्ता सुनील कुमार, मंडल सहसंयोजक विवेक यादव, अनूप कुमार यादव, जिला मीडिया प्रभारी कानपुर संगीता कटियार, जिला सहसंयोजक कानपुर अंजू गुप्ता, जिला सहसंयोजक ब्रजेंद्र पाण्डेय, जिला सहसंयोजक एवं जिला टीम कन्नौज की पूजा शिवहरे, शैलेन्द्र कुमार, आशीष तोमर, आकाश यादव, सोनपाल, हितेन्द्र, पंकज सक्सेना, सत्य नारायण, नरेंद्र प्रताप सिंह, स्नेह लता द्विवेदी, रंजना पाठक, शैलेन्द्र, रितेश, उपेंद्र, विनय, आकाश, दीपक, रवि, अभिषेक व राहुल आदि उपस्थित रहे।

# छत के रास्ते घुसे चोरों ने लाखों के आभूषण किए पार

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



कोतवाली क्षेत्र की प्रेमपुर पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम सबलपुर में बीती रात बेखौफ चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिए।

**आंगन में सोता रहा परिवार**

घटना के समय पूरा परिवार घर के आंगन में सो रहा था, जबकि चोर छत के रास्ते घर में घुसकर वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। जानकारी के अनुसार गांव निवासी श्याम सिंह का परिवार रोज की तरह रात में आंगन में सोया हुआ था। देर रात अज्ञात चोर छत के रास्ते घर के अंदर दाखिल हुए और कमरे में रखी अलमारी का ताला तोड़ दिया। चोर अलमारी में रखे कीमती जेवरात समेटकर फरार हो गए। सुबह जब परिवार के लोग जागे तो कमरे का सामान बिखरा पड़ा था और अलमारी का ताला टूटा मिला। यह देख परिवार के होश उड़ गए। पीड़िता रेखा ने बताया कि पहले उन्होंने बेटी लक्ष्मी से अलमारी खोलने के बारे में पूछा, लेकिन उसके इनकार करने पर चोरी की जानकारी हुई।

पीड़ित परिवार के अनुसार चोर एक सोने की लर, तीन अंगूठियां, एक जोड़ी टॉप्स, एक जोड़ी झुमकी, चांदी की पायल और चांदी का सिक्का चोरी कर ले गए। सूचना पर डायल 112 और प्रेमपुर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची तथा जांच शुरू कर दी।

## पूर्व पीएम की पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि



**छिबरामऊ, कन्नौज।** पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की 34वीं पुण्यतिथि पर पुराने सौरिख बस स्टॉप स्थित कांग्रेस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उनकी तस्वीर पर पुष्पमाला अर्पित कर देश के लिए उनके योगदान को याद किया गया।

अखिल भारतीय जन आंदोलन फ्रंट (कांग्रेस) के प्रदेश महासचिव विनोद कुमार दुबे ने कहा कि स्व. राजीव गांधी दूरसंचार क्रांति के जनक थे। उन्होंने मोबाइल, टीवी, टेलीफोन और अन्य तकनीकी साधनों की नींव रखी, जिनका लाभ आज देशवासी उठा रहे हैं। उन्होंने बताया कि 21 मई, 1991 को एक चुनावी सभा के दौरान आतंकवादियों ने धोखे से आत्मघाती हमला कर राजीव गांधी की हत्या कर दी थी। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश इस अमर शहीद को याद कर रहा है। विनोद दुबे ने मौजूदा हालात के लिए सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि देश को एक बार फिर कांग्रेस की जरूरत है। कार्यक्रम के अंत में दो मिनट का मौन रखकर स्व. राजीव गांधी को श्रद्धांजलि दी गई और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर देवकीनंदन दुबे मुन्ना, आसाराम यादव, राजीव अग्निहोत्री, प्रदीप कुमार, अजय दुबे, विनोद कुमार दुबे पप्पू, नगर अध्यक्ष आशीष चौहान, चातक कुशवाह, सुरेश सिंह तोमर, मेहराज खान, योगेश कुमार, अमोल दीक्षित, प्रेम नारायण यादव सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद रहे।

# खड़े ट्रक से भिड़ा ट्रक चालक की मौत, हेल्पर घायल

▸ सूचना पर पहुंची जसोदा पुलिस ने हाईवे की एंबुलेंस 1033 से घायलों को भेजा जिला अस्पताल

▸ हेल्पर का प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल से कानपुर के लिए किया रेफर

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**



हादसे में ट्रक के उड़े परखच्चे

ग्रीनफिल्ड हाईवे पर खड़े ट्रक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे खड़े ट्रक के परखच्चे उड़ गए जबकि ट्रक चालक की मौके पर मौत हो गई और हेल्पर गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल के लिए भिजवा दिया। बीती रात लगभग 12:30 बजे क्षेत्र के जसोदा स्थित हजरतपुर गांव के सामने ग्रीन फील्ड हाईवे कानपुर-अलीगढ़ पर पहले से ही खड़े ट्रक में गुरसहायगंज की ओर से आ रहे अनियंत्रित गति से खड़े ट्रक में जोरदार टक्कर मार दी।

जिससे वहां पर खड़े अन्य वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए, जिसमें ट्रक चालक और हेल्पर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची जसोदा पुलिस ने ट्रक में फंसे चालक व परिचालक को बाहर निकाला और जिला अस्पताल के लिए भेज दिया। जसोदा चौकी प्रभारी धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि मृतक चालक की पहचान मैनपुरी थाना के ओछा ग्राम के प्रहलादपुर निवासी सुरेंद्र यादव(45) पुत्र श्री राम के रूप में हुई।

वहीं घायल हेल्पर अमित यादव (20) पुत्र अवधेश कुमार इसी गांव के निवासी हैं। ट्रक में फंसे ट्रक चालक व हेल्पर को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकालकर ग्रीन फील्ड हाईवे की एंबुलेंस 1033 से जिला अस्पताल के लिए भेज दिया गया। चालक सुरेंद्र ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। हेल्पर अमित यादव का प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल से कानपुर के लिए रेफर कर दिया गया।

## ईद-उल-अजहा को लेकर नगर पालिका से विशेष व्यवस्थाओं की मांग

**गुरसहायगंज,कन्नौज।** ईद-उल-अजहा बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण और स्वच्छ वातावरण में सम्पन्न कराने को लेकर समाजसेवियों एवं नगरवासियों ने नगर पालिका परिषद प्रशासन से विशेष व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने की मांग की है। इस संबंध में अधिशासी अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गई कि नगर में खराब हैंडपंपों को तत्काल सही कराया जाए तथा ईदगाह और आसपास के क्षेत्रों में विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया जाए। साथ ही पीने के पानी की पर्याप्त व्यवस्था के लिए ईदगाह परिसर में टैंकर उपलब्ध कराए जाएं। इसके अलावा कुर्बानी के बाद निकलने वाले वेस्ट पार्ट्स को डालने के लिए जेसीबी एवं अन्य आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था कराने की भी मांग की गई, ताकि गंदगी न फैले और आवारा पशु जैसे सूअर आदि वहां न पहुंच सकें। ज्ञापन में कहा गया कि त्योहार के दौरान नगर में स्वच्छता एवं पेयजल व्यवस्था बेहतर बनाए रखने से लोगों को सुविधा मिलेगी।

## बिजली संकट पर विधायक ने ऊर्जा मंत्री को लिखा पत्र



▸ ग्रामीण क्षेत्रों में 2 से 4 घंटे बिजली मिलने पर जताई कड़ी नाराजगी

▸ ग्रामीण क्षेत्रों में 24 घंटे में मात्र 2 से 4 घंटे ही मिल पा रही है बिजली

**छिबरामऊ, कन्नौज।** भीषण गर्मी के बीच छिबरामऊ विधानसभा क्षेत्र में हो रही भारी अघोषित बिजली कटौती और लो-वोल्टेज की समस्या को लेकर विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडेय ने कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने प्रदेश के ऊर्जा मंत्री को पत्र लिखकर क्षेत्र की बदहाल विद्युत व्यवस्था में सुधार करने और रोस्टर के अनुसार निर्बाध बिजली देने की मांग की है। ऊर्जा मंत्री को भेजे पत्र में विधायक ने कहा है कि पूरा क्षेत्र प्रचंड गर्मी की चपेट में है, जिससे जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो चुका है। ग्रामीण क्षेत्रों में 24 घंटे में मात्र 2 से 4 घंटे ही बिजली मिल पा रही है, वह भी अत्यधिक ट्रिपिंग और लो-वोल्टेज के साथ आती है। इस भारी कटौती के कारण क्षेत्र में पेयजल का गंभीर संकट खड़ा हो गया है क्योंकि पानी की टंकियां और समरसेबल पंप ठप होने से जनता पानी के लिए भटक रही है। इसके साथ ही, छिबरामऊ मक्का बाहुल्य कृषि क्षेत्र होने के कारण समय पर सिंचाई न मिलने से किसानों की फसलें सूखने की कगार पर हैं, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। विधायक अर्चना पांडेय ने ऊर्जा मंत्री से अनुरोध किया है कि जनहित और किसानों के व्यापक हित को देखते हुए इस अघोषित कटौती को तत्काल बंद कराया जाए और निर्धारित रोस्टर के तहत निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश जारी किए जाएं।

## खबरें एक नजर में

### कांग्रेसियों ने राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि



**गुरसहायगंज।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री एवं संचार क्रांति के जनक स्वर्गीय राजीव गाँधी की पुण्यतिथि पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव विजय मिश्र एवं पूर्व नगर अध्यक्ष संजीव दुबे 'मुन्ना' ने उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष विजय मिश्र ने राजीव गांधी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने देश में संचार क्रांति की शुरुआत कर भारत को आधुनिक तकनीक से जोड़ने का कार्य किया। पंचवर्षीय योजनाओं के माध्यम से गांवों के सर्वांगीण विकास को गति दी गई तथा युवाओं को 18 वर्ष की आयु में मतदान का अधिकार देकर लोकतंत्र को मजबूत बनाने का ऐतिहासिक कार्य किया। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी की दूरदर्शी सोच और आधुनिक भारत की परिकल्पना ने देश को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम में पंडित अशोक अग्निहोत्री, अनवार खान अन्नू, प्रदीप मिश्रा, अवधेश तिवारी, चमन शाक्य, डॉ. अरुण, शानू खान, अंकित बाथम, प्रांशु कुशवाह, विनय सैनी सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### किसानों ने उठाए बिजली, खाद और सिंचाई के मुद्दे



**कन्नौज।** कृषि भवन स्थित चौधरी चरण सिंह सभागार में आयोजित किसान दिवस में किसानों ने बिजली कटौती, स्मार्ट मीटर, खाद उपलब्धता और सहकारी समितियों की कमी जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने किसानों की समस्याएं सुनकर उनके समाधान का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, विद्युत विभाग, नलकूप विभाग, सहकारिता विभाग तथा कृषि विज्ञान केंद्र अनौगी के वैज्ञानिकों समेत लगभग 50 किसान मौजूद रहे। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. सुशील कुमार ने किसानों को पराली न जलाने, फसल अवशेष खेत में मिलाने और दलहनी फसलों की खेती अपनाने की सलाह दी। उन्होंने धान की नर्सरी के लिए उपयुक्त स्थान चयन संबंधी जानकारी भी दी। जिला उद्यान अधिकारी सी.पी. अवस्थी ने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत ड्रिप और स्प्रिंकलर सिंचाई पर 80 से 90 प्रतिशत अनुदान की जानकारी दी।

### लंबित मामलों के निस्तारण को अगस्त में विशेष लोक अदालत

**कन्नौज।** सर्वोच्च न्यायालय में लंबित मामलों के त्वरित और सौहार्दपूर्ण निस्तारण के लिए समाधान समारोह के तहत विशेष लोक अदालत का आयोजन 21, 22 और 23 अगस्त 2026 को किया जाएगा। यह जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कन्नौज की सचिव एवं न्यायाधीश श्रीमती अनुजा सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि इस विशेष अभियान की शुरुआत 21 अप्रैल 2026 से हो चुकी है। इसका उद्देश्य न्याय प्रक्रिया को सरल, सुलभ और कम खर्चीला बनाते हुए आपसी सहमति के आधार पर मामलों का समाधान कराना है। विशेष लोक अदालत में सर्वोच्च न्यायालय में लंबित उपयुक्त मामलों को शामिल किया जाएगा। सचिव ने बताया कि पक्षकारों के बीच समझौता कराने के लिए राज्य, जिला, तालुका एवं उच्च न्यायालय विधिक सेवा प्राधिकरणों के मध्यस्थता केंद्रों पर पूर्व सुलह बैठकें आयोजित होंगी। यहां प्रशिक्षित मध्यस्थ और विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारी दोनों पक्षों को आवश्यक सहयोग प्रदान करेंगे। पक्षकार व्यक्तिगत रूप से या वर्चुअल माध्यम से भी शामिल हो सकेंगे। उन्होंने बताया कि इच्छुक वादकारी अपने मामलों को विशेष लोक अदालत में शामिल कराने के लिए सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर उपलब्ध गूगल फार्म भर सकते हैं।

# भारतीय शिक्षा सदन इंटर कॉलेज सिकंदरपुर मे संपन्न हुई परीक्षा

**गुरसहायगंज कन्नौज,समृद्धि न्यूज।**



भारतीय शिक्षा सदन इण्टर कालेज सिकन्दरपुर मे लेखपाल भर्ती परीक्षा करायी गई जिसमें 384 परीक्षार्थियों में से 315उपस्थित रहे 69 अनुपस्थित रहे परीक्षा कराने के लिए शासन द्वारा सेक्टर मजिस्ट्रेट अपर जिलाधिकारी छिबरामऊ ज्ञानेन्द्र कुमार द्विवेदी विकास अधिकारी तालग्राम उमाशंकर शाहू स्टैटिक मजिस्ट्रेट पुलिस शान्ति कानून व्यवस्था हेतु निरीक्षक दिनेश कुमार कोतवाली छिबरामऊ उप.निरीक्षक सूरज किशोर के साथ सिकन्दरपुर चौकी प्रभारी गजेन्द्र पाल सिंह आदि के साथ केन्द्र अधीक्षक योगेन्द्र कुमार प्रधानाचार्य प्रवेश कुमार सह परीक्षक सहयोगी योगेन्द्र प्रकाश शुक्ला अर्जुन सिंह राहुल दुबे कक्ष निरीक्षक आंतरिक बहारी कक्ष निरीक्षकों के साथ कर्मचारी मनोज कुमार ,विनोद, राम खिलाड़ी,बृजकिशोर आदि के सहयोग से लेखपाल परीक्षा शान्ति पूर्ण सम्पन्न हुई। योगेंद्र कुमार प्रधानाचार्य ने बताया कि नगर पंचायत सिकन्दरपुर को एक नई पहचान दी है शासन द्वारा करायी जाने वाली परीक्षाओं में विद्यालय परीक्षा सेंटर बनने लगा है।

## किसान हादसों से प्रभावित 51 परिवारों को राहत, 1.97 करोड़ की सहायता मंजूर

**कन्नौज।** जनपद में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत मृतक कृषकों के आश्रित परिवारों को बड़ी राहत देते हुए 1.97 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में प्राप्त बजट के सापेक्ष पात्र दावेदारों को सहायता राशि उपलब्ध कराने की प्रक्रिया तेज़ी से संचालित की जा रही है। प्रशासन के अनुसार योजना के तहत कुल 41 प्रकरणों में 51 आश्रित परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। इनमें तहसील छिबरामऊ के 21, तिर्वा के 8 तथा कन्नौज तहसील के 12 प्रकरण शामिल हैं। दुर्घटना में मृत कृषकों के परिवारों को त्वरित राहत पहुंचाने के उद्देश्य से यह स्वीकृति जारी की गई है। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना का मुख्य उद्देश्य आकस्मिक दुर्घटनाओं से प्रभावित कृषक परिवारों को आर्थिक संबल देना है।

# हाईटेंशन लाइन टूटकर गिरी, पशु की मौत

▸ ग्रामीणों ने विद्युत विभाग पर लगाया लापरवाही का आरोप

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**



गुगरापुर ब्लॉक क्षेत्र के लालपुर गांव में गुरुवार को 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन टूटकर नीचे गिर गई। करंट की चपेट में आने से एक पड़बे की मौत हो गई। घटना के बाद गांव में अफरा- तफरी मच गई। ग्रामीणों ने बताया कि गांव से होकर गुजर रही हाईटेंशन लाइन के तार काफी समय से जर्जर हालत में हैं। कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद विभागीय अधिकारियों ने कोई ध्यान नहीं दिया। गुरुवार को अचानक लाइन टूटकर नीचे गिर गई, जिसकी चपेट में आने से पास में मौजूद पड़बे की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के समय आसपास ग्रामीणों की आवाजाही नहीं थी। इससे बड़ा हादसा टल गया। सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने बिजली विभाग को अवगत कराया, जिसके बाद विद्युत आपूर्ति बंद कराई गई। घटना से नाराज ग्रामीणों ने विद्युत विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए जर्जर तारों को तत्काल बदलने की मांग की। पशुपालक ने प्रशासन से आर्थिक सहायता और मुआवजा दिए जाने की मांग की है। उधर, बिजली विभाग के कर्मचारियों का कहना है कि मामले की जांच कराई जा रही है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते विद्युत व्यवस्था दुरुस्त नहीं कराई गई तो भविष्य में बड़ा हादसा हो सकता है।

# भाकियू के कार्यकर्ताओं ने एसडीओ कार्यालय का किया घेराव

▸ धरना प्रदर्शन कर एसडीओ को सौंपा ज्ञापन

**गुरसहायगंज कन्नौज,समृद्धि न्यूज।**



अत्यधिक बिजली कटौती से किसान , आम नागरिक परेशान है इसके विरोध में भारतीय किसान यूनियन भूमिपुत्र के प्रदेश अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीओ विद्युत घर को सौंप कर समस्या के निस्तारण की मांग उठाई। कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करके किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने आवाज बुलंद की। गुरुवार को अवध प्रांत के प्रदेश अध्यक्ष सोनू ठाकुर की नेतृत्व में विद्युत वितरण खंड कार्यालय गुरसहायगंज में धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया। प्रदेश अध्यक्ष सोनू ठाकुर ने कहा कि गुरसहायगंज क्षेत्र में लगातार हो रही बिजली कटौती को लेकर भारतीय किसान यूनियन (भूमिपुत्र) ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन किसानों और आम जनता की समस्या उठाई है।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि संगठन ने मांग की है कि कन्नौज जिले में कम से कम 20 घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। ज्ञापन में कहा गया है कि मुख्यमंत्री के 22 घंटे बिजली आपूर्ति के निर्देशों के बावजूद गुरसहायगंज क्षेत्र में कई-कई घंटे तक बिजली नहीं मिल रही है।

भीषण गर्मी और लगातार कटौती के कारण किसानों की मक्का सहित अन्य फसलें सूखने लगी हैं, जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है संगठन ने सरकार से मांग की है कि किसानों और आम जनता को राहत देने के लिए जल्द से जल्द बिजली व्यवस्था में सुधार किया जाए तथा गुरसहायगंज क्षेत्र में नियमित रूप से पर्याप्त विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। नगर क्षेत्र में 132 केवीए का पावर स्टेशन की स्थापना के लिए विभाग प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजें और उसको स्वीकृत करने का प्रयास करें तभी नगर की विद्युत समस्या का निस्तारण किया जा सकता है ।इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष सोनू ठाकुर पुष्पा सिंह सीताराम सपना शर्मा अनिल कुमार मुकेश शर्मा नदीम खान रिजवान राजेंद्र सिंह शशि देवी रतिराम राधा देवी अजय कुमार चतुर्वेदी राशिद खान राजीव कुमार वर्मा शिवा प्रजापति कपिल देव अवधेश कुमार दिनेश चंद्र रिजवान सहित् सैकड़ो की संख्या में किसान कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

जवाहर कक्ष में आज भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेसजनों द्वारा भावभीनी पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता विवेक नारायण मिश्रा ने कहा कि आगामी 23 मई को मकरंद नगर से सरायमीरा तक प्रस्तावित रोड शो की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। उन्होंने बताया कि राजीव गांधी के कार्यकाल में कन्नौज जनपद में कई महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजनाएं शुरू कराई गई थीं। इनमें एफएफडीसी की स्थापना, यूपीटी की स्थापना, मेहंदी घाट पुल निर्माण, लाख बहोसी पक्षी विहार का विकास, ऑटोमैटिक टेलीफोन एक्सचेंज एवं तिर्वा में टीवी रिले केंद्र की स्थापना, छिबरामऊ में सीमेंटेड मुख्य मार्ग निर्माण, सिकंदरपुर माई विद्युत केंद्र, तालग्राम बीज भंडारण केंद्र तथा कन्नौज में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण प्रमुख हैं।

# शिक्षित समाज से ही होता है समृद्ध राष्ट्र का निर्माण: एसडीएम

▸ जो बच्चे पढ़ाई के दौरान अपना लक्ष्य तय कर लेते हैं, सफलता उनके कदम चूमती है: भारत सिंह वर्मा

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**




नगर के मोहल्ला इंदिरा नगर स्थित आरबी पब्लिक स्कूल के संस्थापक स्वर्गीय रमेश बाबू शुक्ला की 18वीं पुण्यतिथि पर आयोजित मेधावी छात्र-छात्राओं के पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि एसडीएम ज्ञानेंद्र द्विवेदी ने कहा शिक्षित समाज से ही खुशहाल व समृद्ध राष्ट्र का निर्माण होता है। उन्होंने अपनी कक्षाओं में द्वितीय आए लक्ष्य, युवराज पाल, टेरेसा पाल, मुदस्सिर, विराट, अभय, अवनी गुप्ता, अलविना, चित्रांशी एवं कामिनी को पुरस्कृत किया। विशिष्ट अतिथि सुप्रसिद्ध आर्थो सर्जन डॉ एस चंद्रा ने कहा बच्चों को संस्कार पहले घर से और फिर स्कूल से प्राप्त होते हैं। उन्होंने अपनी कक्षाओं में प्रथम आए कद्र शुक्ला, आशी, धैर्य, माही, पीहू यादव, श्रेया शुक्ला, ईशानी, देव दीक्षित, हर्षवर्धन, नायसा एवं सिमरन को पुरस्कृत किया। विशिष्ट अतिथि प्रकाश चंद्रा ने कहा हर बच्चे में कोई न कोई प्रतिभा छिपी होती है। इसे केवल पहचानने की जरुरत है। उन्होंने अपनी कक्षाओं में तृतीय आए श्रेयांश, अवंशिका, पीहू, शिवन्या, अलफिशा, जानवी, अंश, अलीना एवं कृष्णा को पुरस्कृत किया। डॉ रजनीश कुमार द्विवेदी ने कहा बच्चे को उसकी प्रतिभा के अनुरूप शिक्षा दी जाए तो निश्चित रूप से वह क्षेत्र के साथ अपने देश का भी नाम रोशन करेंगे। उन्होंने नवोदय विद्यालय इंटर के छात्र तरुण कुमार एवं अभिशान्त शुक्ला को शील्ड देकर सम्मानित किया। राष्ट्रपति से पुरस्कृत शिक्षक भारत सिंह वर्मा ने कहा जो बच्चे पढ़ाई के दौरान अपना लक्ष्य तय कर लेते हैं, सफलता उनके कदम चूमती है। विद्यालय की प्रबंधक कुसुमा देवी ने कहा शिक्षा के बिना मानव का विकास संभव नहीं है। इसके अलावा सुरेश चन्द्र शास्त्री, जबर सिंह पाल, बलिस्टर सिंह, अर्चना चतुर्वेदी एवं भारत सिंह प्रजापति ने भी विचार व्यक्त किए। इससे पूर्व अतिथियों व परिजनों ने शिक्षाविद एवं प्रधानाचार्य रहे स्व. रमेश बाबू शुक्ला की 18वीं पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। प्रिंसिपल माधवी सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया।

वरिष्ठ शिक्षक आरिफ खान के संचालन में हुए कार्यक्रम में राजीव शुक्ला एडवोकेट, सभासद हिमांक त्रिपाठी, संजीव शुक्ला, अखिलेश शुक्ला, बृजेश, सुमित यादव, निवेदिता, भावना, सपना, सायमा, सुनीता पाल, सुषमा पाल, सुदर्शना, नीलम वर्मा, रूपाली एवं शीलू खान सहित बड़ी संख्या में अभिभावक भी उपस्थित रहे।

# कड़ी निगरानी में हुई लेखपाल मुख्य परीक्षा

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित लेखपाल मुख्य परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के लिए जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री एवं पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने जनपद के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का स्थलीय निरीक्षण किया।

अधिकारियों ने गोमती देवी गर्ल्स इंटर कॉलेज, सेठ बसुदेव सहाय इंटर कॉलेज तथा जेपी गर्ल्स इंटर कॉलेज सहित कई केन्द्रों पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा कक्षों, सीसीटीवी निगरानी, प्रवेश प्रक्रिया, सुरक्षा व्यवस्था और अभ्यर्थियों की सुविधाओं की गहन समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने ड्यूटी पर तैनात सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापकों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा की शुचिता और निष्पक्षता सर्वोच्च प्राथमिकता रहे। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या अव्यवस्था की सूचना तत्काल उच्चाधिकारियों को दी जाए। जनपद में कुल 13 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा आयोजित हुई। परीक्षा में 4176 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 758 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

# राजस्व वसूली करने गई विद्युत टीम को ग्रामीणों ने दौड़ा-दौड़ा कर पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

▸ खेतों में घुसकर बचायी जान, पुलिस ने पहुंचकर की जांच पड़ताल

राजस्व वसूली करने गई विद्युत टीम को ग्रामीणों ने दौड़ा-दौड़ा कर पीटा व मोबाइल भी छीन लिया। विद्युत टीम ने खेतों में घुसकर अपनी जान बचायी। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने जांच पड़ताल की और विद्युत टीम को बचाया। अवर अभियंता ने अपने टीम के साथ थाने पहुंचकर तहरीर दी।

थाना नवाबगंज के गांव नगला छेदा में गुरुवार दोपहर को राजस्व बसूली के तहत नवाबगंज विद्युत उपकेंद्र के अब्दुल मजीद, टीजी 2 गोपाल मिश्रा व संविदा कर्मी अनिरुद्ध कुमार, सौरभ सिंह, अंकित कुमार के साथ गांव पहुंचे। विद्युत टीम ने गांव के लोगों से बिजली का बकाया बिल जमा करने का अनुरोध किया। उसी दौरान गांव के ही निवासी करू व उसके अन्य साथी ने विद्युत टीम को गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। विवाद होने की आशंका पर अवर अभियंता विद्युत टीम के साथ गांव से बाहर निकले, तभी दो बाइकों से आए 6 लोगों ने मुख्य मार्ग पर बल्ली आदि बांधकर रास्ता अवरुद्ध कर लिया। इसी बीच पीछे से आए अन्य लोगों ने विद्युत टीम पर जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। इस दौरान लोगों द्वारा सरकारी अभिलेख फाड़ दिए। लोगों द्वारा किए गए हमले में अवर अभियंता अब्दुल मजीद का चश्मा व सरकारी मोबाइल व लाइनमैन अनिरुद्ध का मोबाइल भी लूट कर ले गए। ग्रामीणों द्वारा की गई मारपीट में अवर अभियंता अब्दुल मजीद व लाइनमैन अनिरुद्ध के कपड़े भी फाड़ दिए गए। मारपीट में अवर अभियंता अब्दुल मजीद व लाइनमैन अनिरुद्ध के चोटें आई। मारपीट के दौरान अन्य विद्युत कर्मी खेत की मक्का में घुसकर अपनी जान बचाई। विद्युत कर्मियों ने यूपी 112 पुलिस को फोन कर घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंची यूपी 112 ने विद्युत टीम को ग्रामीणों से छुड़ाया। अवर अभियंता अब्दुल मजीद ने नवाबगंज थाने पहुंचकर पुलिस को 14 नामदर्ज व 10 अज्ञात लोगों के खिलाफतहरीर दी। थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि घटना की जांच कर कार्यवाही की जाएगी। वहीं जिसमें थाना पुलिस थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने मोबाइल लूट की घटना तहरीर से हटाने की बात अगर अभियंता से की। जिस पर अवर अभियंता ने तहरीर बदलने से इनकार कर दिया। विद्युत कर्मियों ने बताया कि यदि मेरे तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत नहीं होता है तो सभी विद्युत कर्मी हड़ताल करेंगे। जिससे विद्युत व्यवस्था फेल हो जाएगी। थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने अवर अभियंता से मौके पर जाकर जांच पड़ताल करने के बाद कार्रवाई करने की बात कही। खबर लिखे जाने तक विद्युत विभाग की सभी टीम थाने में मौजूद थी।


चोट दिखाता कर्मी, जानकारी देते अवर अभियंता

# पृथ्वीराज चौहान की जयंती के उपलक्ष्य में निकाली गई यात्रा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

क्षत्रिय सम्राट पृथ्वीराज चौहान की जयंती के उपलक्ष्य में श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के तत्वावधान में भव्य पंचमी यात्रा निकाली गई। यात्रा में सैकड़ों की संख्या में समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे नगर में यात्रा का जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय और उत्साहपूर्ण बना रहा। पंचमी यात्रा का शुभारंभ सीपी स्कूल तिराहा से हुआ। यात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई आगे बढ़ी। बड़े चौराहे पर अनुराग गुप्ता द्वारा यात्रा का स्वागत किया गया, जबकि जामा मस्जिद क्षेत्र में शिवम वाल्मीकि ने पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं का अभिनंदन किया। पटवन गली में चंदन सक्सेना एवं पृथ्वी दरवाजा पर अजय चौहान ने यात्रा का भव्य स्वागत किया। यात्रा का समापन शिव मूर्ति स्थल पर हुआ। जहां श्रद्धालुओं ने सम्राट पृथ्वीराज चौहान के वीरता और राष्ट्रभक्ति से जुड़े विचारों को याद किया। मुख्य अतिथि भाजपा नेता शैलेन्द्र सिंह राठौड़ मौजूद रहे। उन्होंने सम्राट पृथ्वीराज चौहान के शौर्य, साहस और राष्ट्र रक्षा में दिए गए योगदान को प्रेरणादायक बताया। उन्होंने कहा कि युवाओं को इतिहास के महान योद्धाओं से प्रेरणा लेकर समाज और राष्ट्रहित में कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ठाकुर मंथन सिंह, संजय सिंह राणा, मोहन सिंह राठौड, नरेंद्र सिंह, चंदन, शिवम सोमवंशी, आदेश चौहान, शिवम, राजवीर सिंह, मनोज, डिम्पल, युवराज, गोलू गजेंद्र, शैलेन्द्र, आसाराम, देवा, सचिन प्रिंस, अभिषेक, आलोक आदि लोग उपस्थित रहे।


पंचमी यात्रा में मौजूद पदाधिकारी

## वेतन न मिलने पर स्वास्थ्य कर्मियों ने किया विरोध प्रदर्शन

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के संविदा कर्मचारियों को तीन माह से वेतन न मिलने पर भड़के कर्मचारियों ने नो वेतन नो वर्क के पोस्टर के साथ नारेबाजी कर अपना विरोध जताया। कस्बा नवाबगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर गुरुवार को एनएचएम के संविदा कर्मचारियों को तीन माह से वेतन न मिलने के कारण प्रदेश अध्यक्ष व जिलाध्यक्ष के निर्देशन के क्रम में सभी कर्मचारी हड़ताल पर बैठ गए। कर्मचारियों ने बताया कि मेरी प्रदेश स्तर के नेतृत्व के आवाहन पर अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी की गई है। जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य के अंदर नवाबगंज के समस्त संविदा कर्मचारी हड़ताल पर रहेंगे और जब तक बकाया भुगतान और समय से सैलरी नहीं मिलेगी तो वह कार्य नहीं करेंगे। उन्होंने वेतन नहीं तो काम नहीं के नारे लगाते हुए बहिष्कार किया। इस मौके पर संविदा कर्मचारी लैब टेक्नीशियन डॉ. सुनील शुक्ला, डॉ. लाखन सिंह, डॉ. अमृता सिंह, डॉ. वंदना, डॉ. जसवीर सिंह, डॉ. श्याम गीता, डॉ. शैलेश दीपमाला, डॉ. दिलीप कुमार, रतन कुमार,डॉ. मंजू, डॉ. दिनेश, डॉ. अजीत, डॉ. नीलम, रुबी देवी आदि कर्मचारी मौजूद रहे।


विरोध प्रदर्शन करते कर्मचारी

## पति छोड़ प्रेमी के साथ गयी महिला

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** महिला अपने पति को छोड़कर प्रेमी के साथ चली गई। महिला ने मायके जाने का बहाना बनाया था। पुलिस सुरक्षा में उसे प्रेमी के साथ थाना क्षेत्र की सीमा तक छोड़ा गया। नगर पंचायत के एक मोहल्ले की निवासी यह महिला नवाबगंज थाना क्षेत्र के एक गांव के युवक के संपर्क में आने के बाद उससे प्रेम करने लगी थी। चार दिन पहले, महिला ने अपने पति से कहा कि वह कमालगंज थाना क्षेत्र स्थित अपने मायके जा रही है और घर से निकल गई। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन के बाद पुलिस ने महिला का पता लगाया। हालांकि, महिला अपने प्रेमी के साथ जाने पर अड़ी रही। महिला के ससुर ने बच्चों को गोद में लेकर उससे विनती की, लेकिन वह अपने फैसले पर कायम रही। महिला की जिद के बाद पुलिस ने उसके प्रेमी को बुलाया। पुलिस सुरक्षा में महिला और उसके प्रेमी को थाना क्षेत्र की सीमा तक छोड़ा गया। महिला अपने दोनों बच्चों को भी अपने साथ ले गई। थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि महिला अपने प्रेमी के साथ जाने की जिद पर अड़ी हुई थी। इसके बाद उसे उसके प्रेमी के साथ भेज दिया गया।

# शिकायतों के निस्तारण न होने से नाराज धरने पर बैठा ग्रामीण

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के ग्राम बलीपट्टी रानी निवासी श्याम बिहारी अवस्थी ने विभिन्न शिकायतों के समाधान न होने से नाराज होकर गुरुवार को अपने आवास पर धरना शुरू कर दिया। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों पर शिकायतों के फर्जी निस्तारण और जन समस्याओं की अनदेखी करने का आरोप लगाया। धरने पर बैठे अवस्थी ने चेतावनी दी कि यदि उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। श्याम बिहारी अवस्थी ने बताया कि उन्होंने संपूर्ण समाधान दिवस एवं जनता दर्शन में कई प्रार्थना पत्र दिए थे, लेकिन संबंधित विभागों द्वारा वास्तविक कार्रवाई करने के बजाय कागजी निस्तारण कर मामलों को बंद दिखा दिया गया। उनका आरोप है कि इससे शासन की मंशा और सरकार की छवि प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि समय-समय पर राजस्व, पुलिस, जिला पंचायत राज तथा मनरेगा विभाग से संबंधित शिकायतें प्रशासन को दी गई, लेकिन किसी भी मामले में निष्पक्ष कार्रवाई नहीं की गई। कई शिकायतों को विधिवत दर्ज तक नहीं किया गया, जबकि जिन मामलों का निस्तारण दर्शाया गया, उनमें शिकायतों की गंभीरता से जांच नहीं की गई। धरने की सूचना मिलने पर नायब तहसीलदार अभिषेक सिंह मौके पर पहुंचे और श्याम बिहारी अवस्थी से वार्ता की। इस दौरान उन्होंने प्रार्थना पत्रों में दर्ज शिकायतों को सुना तथा संबंधित अभिलेखों का अवलोकन किया। नायब तहसीलदार ने आश्वासन दिया कि राजस्व संबंधी मामलों की जांच कराकर प्रकरण को उच्च अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। श्याम बिहारी अवस्थी ने कहा कि उन्हें प्रशासन से निष्पक्ष कार्रवाई की अपेक्षा है। उन्होंने शासनादेशों एवं न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप बिना किसी भेदभाव के न्याय दिलाने की मांग की। धरने की अवधि के संबंध में अवस्थी ने कहा कि आंदोलन प्रशासन की कार्रवाई पर निर्भर करेगा। उन्होंने बताया कि पहले दिन जल ग्रहण करते हुए धरना दिया गया है, जबकि अगले चरण में अन्न-जल त्यागकर खुले आसमान के नीचे अनिश्चितकालीन धरना जारी रखा जाएगा। वहीं, नायब तहसीलदार अभिषेक सिंह ने बताया कि मामले से उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है तथा राजस्व संबंधी प्रकरणों की जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।


धरने पर बैठे ग्रामीण से वार्ता करते नायब तहसीलदार

## बकरे के हमले से वृद्ध महिला घायल

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** फतेउल्लहापुर निवासी 70 वर्षीय महादेवी अपने घर के बाहर आए एक बकरे को भगा रही थीं। इसी दौरान बकरा अचानक आक्रामक हो गया और उसने महादेवी पर सींगों से हमला कर दिया। हमले के कारण महिला अपना संतुलन खोकर जमीन पर गिर पड़ीं। घटना के बाद मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। परिजनों ने घायल महिला को तुरंत ई-रिक्शा के माध्यम से कमालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय कुमार ने महिला का तत्काल डिजिटल एक्स-रे करवाया। जिसमें उनकी टांग में फ्रैक्चर पाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद, चिकित्सकों ने महिला की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल लोहिया रेफर कर दिया।

## किसानों हेतु विशेष ड्राइविंग लाइसेंस शिविर का आयोजन हो रहा कल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जनपद के किसान भाइयों की सुविधा एवं उनके वाहनों से संबंधित आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए 23 मई को एक विशेष किसान ड्राइविंग लाइसेंस शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक कार्यालय सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी नेकपुर कला, इटावा-बरेली मार्ग में आयोजित होगा। शिविर के माध्यम से किसानों को ड्राइविंग लाइसेंस से संबंधित आवश्यक सेवाएं सरल एवं सुगम रूप से उपलब्ध कराई जाएंगी। शिविर में पात्र अभ्यर्थियों के आवेदन, आवश्यक अभिलेखों की जांच तथा अन्य संबंधित प्रक्रियाएं पूर्ण की जाएंगी, जिससे किसानों को विभागीय कार्यालयों के बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी द्वारा जनपद के सभी किसान भाइयों से अपील की गई है कि वे निर्धारित समय पर आवश्यक दस्तावेजों सहित उपस्थित होकर शिविर का अधिकतम लाभ प्राप्त करें। प्रशासन द्वारा यह प्रयास किसानों को सुगम, पारदर्शी एवं जनहितकारी सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

# सीएमओ ने छापेमारी कर बंगाली क्लीनिक को किया सीज

▸ कई झोलाछाप अपनी-अपनी दुकानें बंद कर फरार

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अवनेंद्र कुमार ने गुरुवार को कमालगंज में अवैध पैथोलॉजी लैब और झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान एक बंगाली क्लीनिक पर भी ताला लगा दिया गया। कार्रवाई की भनक लगते ही कई झोलाछाप डॉक्टर अपनी दुकानें बंद कर फरार हो गए। सीएमओ डॉ0 अवनेंद्र कुमार दोपहर में अचानक कमालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। उन्होंने प्रसूता कक्ष का निरीक्षण किया और भर्ती मरीजों से बातचीत कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इसके बाद, सीएमओ प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ0 अजय कुमार के साथ रजीपुर पहुंचे। यहां बंगाली क्लीनिक पर कार्रवाई की। सूचना मिलते ही आसपास के झोलाछाप डॉक्टर और क्लीनिक संचालक अपनी दुकानें बंद कर मौके से फरार हो गए। सीएमओ ने बंगाली क्लीनिक को सीज कर ताला लगवा दिया।

सीएमओ की टीम कमालगंज कस्बे के रामलीला मैदान के पास स्थित रामा पैथोलॉजी पहुंची। जांच के दौरान पैथोलॉजी का रजिस्ट्रेशन संदिग्ध पाया गया। अधिकारियों को बताया गया कि लैब संचालक मुख्य चिकित्सा अधिकारी के फर्जी हस्ताक्षर और फर्जी रजिस्ट्रेशन के आधार पर पैथोलॉजी का संचालन कर रहा था। यह देखकर सीएमओ डॉ0 अवनेंद्र कुमार ने नाराजगी व्यक्त की और कर्मचारियों सहित लैब संचालक को कड़ी फटकार लगाई। सीएमओ ने मौके पर ही फर्जी रजिस्ट्रेशन की तस्वीर खींचकर जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर को भेजी। उन्होंने कहा कि इस मामले में उच्चस्तरीय जांच कराई जाएगी और संबंधित लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सीएमओ की इस ताबड़तोड़ कार्रवाई से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया।


निरीक्षण करते सीएमओ

## युवती ने पी डाई अस्पताल में भर्ती

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** संदिग्ध परिस्थितियों में युवती ने डाई पी ली। जिससे उसकी हालत बिगड़ गयी। जिसके बाद परिजनों ने सीएचसी में भर्ती कराया। सीएचसी कमालगंज में डॉ0 विकास पटेल ने युवती का उपचार किया। डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर बताई, जिसके बाद उसे बेहतर इलाज के लिए लोहिया अस्पताल रेफ कर दिया गया। युवती की पहचान तौफीक खान की पुत्री सुहाना 22 के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार सुहाना कस्बे में बाजार करने गई थी और घर लौटने के बाद उसने अचानक डाई का सेवन कर लिया। सुहाना की दादी रानी ने बताया कि करीब तीन माह पहले भी सुहाना ने डाई पी ली थी। हालांकि, इस घटना के पीछे के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल सका है।

## डेरा जमाये घुमंतू जाति के लोगों को पुलिस ने भगाया


घुमंतू जाति के लोगों को हटाते थाना प्रभारी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र में डेरा जमाये घुमंतू जाति के आधा सैकड़ा से अधिक लोगों मौके पर पहुंची पुलिस ने भगाया। कस्बा नवाबगंज स्थित नगर पंचायत क्षेत्र के बिजली घर के प्रांगण में सुबह से ही घुमंतू जाति के लोगों का आना-जाना शुरू हो गया। पहले एक दो व्यक्ति आय, फिर धीरे-धीरे वह अपने मवेशी तथा घर परिवार के साथ आधा सैकड़ा से अधिक परिवार वहां आ गए और अपने डेरे जमा लिए। जिसकी सूचना थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार को मिली। वह पहले से ही उच्च अधिकारियों के निर्देशन में चलाए जा रहे हैं अभियान के तहत मौके पर पहुंचे और सभी घुमंतू जाति के लोगों को वहां मौके से भगाया तथा चेतावनी दी कि यदि दोबारा इस क्षेत्र में दिखायी दिये तो कार्यवाही की जायेगी। इस चेतावनी के बाद लगभग 1 घंटे के बाद धीरे-धीरे वह लोग जाने लगे।

# शिकोहाबाद कासगंज पैसेंजर पर द्वारिकापुरी स्टेशन पर पथराव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

ट्रेन में मारपीट के बाद द्वारिकापुरी स्टेशन पर ग्रामीणों ने ट्रेन में चढ़कर मारपीट कर दी और ट्रेन पर पथराव भी कर दिया। जिससे यात्रियों में अफरा-तफरी मच गयी।

शिकोहाबाद कासगंज पैसेंजर में गार्ड की बोगी से चौथी बोगी में कुछ यात्री आपस में भिड़ गए। ट्रेन में मौजूद यात्रियों ने परिजनों को जानकारी दी। शाम को ट्रेन जैसे ही श्रीमद् द्वारिकापुरी हाल्ट स्टेशन पर रुकी, तभी ग्रामीणों ने मारपीट कर पथराव शुरू कर दिया। इससे यात्रियों में अफरा-तफरी मच गयी। ट्रेन में मौजूद जीआरपी मैनपुरी के सिपाही जब तक पहुंचे, तब तक ट्रेन चल दी। जानकारी के अनुसार शिकोहाबाद कासगंज पैसेंजर बुधवार शाम 6:56 बजे श्रीमद् द्वारिकापुरी स्टेशन पर रुकी। गांव ऊगरपुर निवासी नट समाज के लोग पहले से मौजूद थे। ट्रेन के रुकते ही कुछ लोग बोगी में चढ़ गए और एक यात्री के साथ मारपीट करने लगे। नीचे मौजूद महिलाओं व पुरुषों ने ईट पत्थर चलाए। इस पर बोगी में अफरा-तफरी मच गयी। स्टेशन पर ट्रेन का ठहराव दो मिनट का है। ट्रेन वहां से 7:01 बजे तीन मिनट विलंब से रवाना हो गई। जीआरपी थाना मैनपुरी के कार्यवाहक थानाध्यक्ष बृजपाल सिंह ने बताया कि ट्रेन में थाने के सिपाही वीरेंद्र व यशपाल ड्यूटी पर थे। सिपाहियों ने जानकारी दी कि वह आगे की बोगी में थे, तभी पता चला कि पीछे गार्ड की बोगी से आगे चौथी बोगी में मारपीट हो रही है। सिपाही मौके पर पहुंचे तब तक ट्रेन चल दी थी। बाद में सिपाहियों ने बोगी में यात्रियों से बात की, लेकिन किसी ने मारपीट की पुष्टि नहीं की। ट्रेन फर्रुखाबाद स्टेशन पर पहुंची, तब भी सिपाहियों ने यात्रियों से बात की, लेकिन किसी भी यात्री ने जानकारी नहीं दी। ट्रेन के गार्ड से भी फोन पर संपर्क किया गया, उन्होंने भी कोई सूचना नहीं दी। यदि कोई यात्री इस संबंध में तहरीर देगा तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।


ट्रेन पर पथराव करते ग्रामीण

## किशोरी को भगा ले जाने में बहन सहित पांच पर मुकदमा दर्ज

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने में बहन सहित पांच के खिलाफमुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने बताया कि उसने बड़ी बेटी का विवाह जनपद कासगंज के थाना गंजडुंडवारा निवासी एक युवक के साथ किया था। कुछ दिन पूर्व वह पति को छोड़कर प्रेमी के साथ चली गई। पीड़ित महिला के अनुसार एक सप्ताह पूर्व देर रात में वह खेतों में खड़ी मक्का की फसल की रखवाली करने गई थी। चौदह वर्षीय छोटी बेटी घर पर अकेली थी। रात किसी पहर जनपद बदायूं के थाना उसहैत के गांव खेड़ा किशनी पुख्ता निवासी राजीव, मुकेश, भैया लाल, कुलदीप और बड़ी बेटी सुलोचा घर आए। घर में मौजूद बेटी को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गए। खेत से वापस लौटने पर बेटी घर पर नहीं मिली। ग्रामीणों के अनुसार उक्त लोग कार से बेटी को लेकर फरार हो गए।

# लेखपाल भर्ती परीक्षा का डीएम-एसपी ने किया संयुक्त निरीक्षण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में आयोजित होने वाली लेखपाल भर्ती परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर एवं पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने संयुक्त रूप से परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महीयसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज फतेहगढ़ तथा राजकीय इंटर कॉलेज फतेहगढ़ का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने परीक्षा कक्षों, सीसीटीवी कैमरों, विद्युत व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, बैठने की व्यवस्था तथा अभ्यर्थियों के प्रवेश एवं सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया कि परीक्षा को शासन की मंशानुरूप पूर्ण पारदर्शिता एवं शुचिता के साथ संपन्न कराया जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दौरान पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाएगी तथा केंद्रों के आसपास संदिग्ध गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि रखी जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश प्रक्रिया व्यवस्थित एवं समयबद्ध ढंग से संपन्न कराई जाए तथा अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप परीक्षा को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं नकलविहीन वातावरण में संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस अवसर पर संबंधित उपजिलाधिकारी, शिक्षा विभाग के अधिकारी, केंद्र व्यवस्थापक एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।


परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करती डीएम एसपी


परीक्षा केंद्र से बाहर निकलते अभ्यार्थी

# दहेज उत्पीड़न व हत्या में पति को आजीवन कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** दहेज उत्पीड़न व हत्या के मामले में अपर जिला जज एंव सत्र न्यायाधीश विशेष एफटीसी प्रथम न्यायाधीश संजय कुमार ने अभियुक्त संजू उर्फसंजय पुत्र रामदत्त निवासी ख्वाजा अहमदपुर कटिया थाना शमशाबाद को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास व तीस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। विगत 7 वर्ष पूर्व थाना कमालगंज क्षेत्र के ग्राम समदपुर निवासी चंद्र किशोर पुत्र छोटे लाल ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रार्थना पत्र दाखिल किया था। जिसमें बताया कि मैने अपनी पुत्री की शादी संजय पुत्र रामदास के साथ हिन्दू रीति रिवाज के साथ अपनी सामर्थ्य क्षमता के अनुसार की थी। शादी के बाद से एक भैंस व पचास हजार रुपए की मांग को लेकर पुत्री सीमा को संजय व उनके अन्य परिजन प्रताड़ित करने लगे।

उन लोगों को कई बार समझाया वह लोग नहीं माने। मेरी पुत्री ने एक पुत्र व एक पुत्री को जन्म दिया। 19 मार्च 2019 को मेरी पुत्री को उसके ससुरालीजनों ने एक राय होकर दहेज खातिर मिट्टी का तेल डालकर आग लगा दी। जिससे सीमा गंभीर रुप से जल गई। उपचार के दौरान उसकी मृत्य हो गई। न्यायालय के आदेश से पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता दीपिका कटियार, अनिल कुमार बाजपेई की कुशल पैरवी के आधार पर न्यायाधीश संजय कुमार सिंह ने अभियुक्त संजू उर्फसंजय को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास व तीस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया।

# एआरटीओ व खनन अधिकारी ने तीन ओवरलोड डंपर पकड़े, लगाया जुर्माना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर के निर्देशन में जनपद में उपखनिज के अवैध खनन तथा अवैध एवं ओवरलोड परिवहन के विरुद्ध सख्त एवं प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई निरंतर जारी है। प्रशासन द्वारा जनपद में अवैध गतिविधियों पर पूर्णतः अंकुश लगाने हेतु सतत निगरानी एवं संयुक्त अभियान चलाए जा रहे हैं।

मोहम्मदाबाद से सेंट्रल जेल मार्ग के मध्य एआरटीओ प्रवर्तन एवं खनन अधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से औचक छापेमारी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान गिट्टी एवं मोरम से लदे तीन डम्परों की गहन जांच की गई। जांच में पाया गया कि संबंधित वाहनों में परिवहन प्रपत्र के सापेक्ष अधिक मात्रा में उपखनिज का परिवहन किया जा रहा था। इस पर ओवरलोड परिवहन के प्रकरण में ऑनलाइन नोटिस निर्गत करते हुए कुल 56,840 की जुर्माना धनराशि मौके पर ही जमा कराई गई। इसके अतिरिक्त परिवहन विभाग द्वारा निर्धारित मानकों से अधिक माल लदे पाए जाने पर तीनों वाहनों के विरुद्ध ओवरलोडिंग में कुल 90,000 का चालान किया गया, जिसकी धनराशि भी मौके पर जमा कराई गई। जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जनपद में अवैध खनन एवं खनिजों के अवैध परिवहन में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को किसी भी परिस्थिति में बख्शा न जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को नियमित रूप से संयुक्त प्रवर्तन अभियान संचालित करने, संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखने तथा कार्रवाई को और अधिक सघन एवं प्रभावी बनाए जाने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन द्वारा आमजन से भी अपील की गई है कि यदि कहीं अवैध खनन अथवा खनिजों के अवैध एवं ओवरलोड परिवहन की जानकारी प्राप्त हो, तो तत्काल संबंधित विभाग अथवा प्रशासन को सूचित करें, जिससे समय रहते आवश्यक विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।


पकड़े गये डंपर की जानकारी देते अधिकारी

## दबंगों ने घर में घुसकर युवक को पीटा, पांच पर मुकदमा दर्ज

▸ अनूप सिंह उर्फरच्छू रह चुका है जिला बदर

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** दबंगों ने खेत पर कब्जा करने के उददे्श्य से घर में घुसकर युवक को मारपीट कर घायल कर दिया और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी। जानकारी के अनुसार विनोद कुमार पुत्र स्व0 बाबू सिंह निवासी ग्राम गोसरपुर थाना मोहमदाबाद ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि गांव के नरेश प्रताप पुत्र लक्ष्मण सिंह ने अपने खेत का साढे छः बीघा का बैनामा 08 अप्रैल 2024 को अपने पुत्रो के नाम कराया। जिसमें नरेश प्रताप का पुत्र अमरजीत सिंह व सत्तू गवाह बना है, तभी से प्रार्थी उस पर खेती करते चले आ रहा है। 16 मई को समय करीब 5 बजे शाम को मै अपने खेत पर ट्रैक्टर से जुताई कर रहा था, तभी मेरे गांव के धर्म सिंह पुत्र नरेश प्रताप व उसकी पत्नी रूचि ट्रैक्टर के आगे आकर खड़े हो गये और जुताई करने से रोक दिया और धर्म सिंह ने अपने भाई अनूप सिंह को फोन करके बुला लिया। घर पर आकर धर्म सिंह उर्फछोटू व उसका दूसरा भाई अनूप सिंह उर्फरच्छू तथा उसका साथी नीशू चौहान पता अजात घर पर घुस आये व घर के अन्दर मुझे पकड़ लिया। अनूप की पत्नी अर्चना के कहने पर लात-घूसों, और डडों से पिटाई करने लगे तथा गाली गलौज करने लगे और अनूप सिंह उर्फरच्छू ने पिता की लाइसेंसी राइफल सर पर लगा दी और कहा कि खेत में कुछ करते दिखे तो जान से मार दूंगा और धमकी दी तेरे ऊपर झूठा मुकदमा लिखवाकर तुझे जेल भेज दूंगा। नीशू चौहान के हाथ मे डंड़ा था, जिससे वो पीटने की धमकी दे रहा था। शोर मचाने पर पड़ोस में काम कर रहे नवदीप सिंह व विपिन गांव के लोग आ गये, तब ये सब भाग गये। अनूप सिंह उर्फरच्छू फतेहगढ कोतवाली में हिस्ट्रीशीटर तथा गुण्डा प्रवृत्ति का व्यक्ति है। पहले वह जिला बदर भी रह चुका है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी।

# केएजीबीवी तथा पीएमश्री विद्यालयों में गरिमा क्लब का किया गया गठन

**लड़कियों को माहवारी के समय होने वाली समस्याओं से दिलायी जायेगी निजात**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनपद के समस्त केएजीबीवी तथा पीएमश्री कक्योली नवाबगंज में स्वच्छ गरिमा विद्यालय कार्यक्रम के अंतर्गत गरिमा क्लब का गठन किया गया। कार्यक्रम डॉ. जया ठाकुर बनाम भारत सरकार 2022 में डाली गई एक याचिका जिसका निर्णय 30 जनवरी 2026 को जस्टिस जी. पादरी वाला और जस्टिस आर. महादेवन की बेंच से हुआ। आदेश में कहा गया कि अनुच्छेद 21 जीवन का अधिकार और 21ए शिक्षा का अधिकार के तहत आता है। इसमें राज्य सरकारों को आदेश दिए गए कि वह विद्यालयों में बालिकाओं के लिए माहवारी के समय होने वाली समस्याओं जैसे टॉयलेट में पानी व साबुन ना होना, पैड न मिलाना आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करें, क्योंकि इन समस्याओं के चलते बच्चियां को उन दिनों में छुट्टी लेकर बैठना पड़ता है, जिससे उनके नियमित विद्यालय आने में बाधा उत्पन्न होती है।


छात्राओं को जानकारी देती भारती मिश्रा

लड़कियों को माहवारी के समय होने वाली समस्याओं से निजात दिलाने के लिए समस्त केजीबीवी व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में गरिमा क्लब का गठन कराया जाना है। जनपद नोडल गरिमा गर्ल व मीना मंच भारती मिश्रा ने प्रत्येक केजीबीवी विद्यालयों में गरिमा क्लब का गठन कराया। जिसमें 10 से 12 छात्राओं का एक समूह बनाया गया है जो इन विशेष दिवसों में बच्चियों की समस्त आवश्यकताओं को समझ कर उन्हें दूर करवाने का प्रयास करेगा। प्रत्येक विद्यालय में एक गरिमा गर्ल का चयन किया गया है साथ ही विद्यालय स्तर पर एक गरिमा क्लब नोडल का चयन किया गया है।

जिसमें केजीबीवी राजेपुर में नोडल के रूप में सुकृति बघेल तथा गरिमा गर्ल के रूप में केतु, कक्षा 8, केजीबीवी कायमगंज में नोडल कुमारी पल्लवी तथा गरिमा गर्ल साधना, केजीबीवी कमालगंज में गरिमा नोडल अर्चना त्रिपाठी, गरिमा गर्ल सलोनी कक्षा 8 एवं केजीबीवी नवाबगंज में गरिमा नोडल के रूप में प्रियंका शंखवार तथा गरिमा गर्ल अनुपम का चयन किया गया। पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय कक्योली नवाबगंज में नोडल ममता वर्मा, गरिमा गर्ल शिवाली, केजीबीवी शमशाबाद में नोडल शिप्रा शुक्ला तथा गरिमा गर्ल कीमती का चयन किया गया। गरिमा गर्ल नोडल गरिमा क्लब नोडल भारती मिश्रा ने समस्त चयनित शिक्षिकाओं व बालिकाओं से अनुरोध किया है कि वह अपने विद्यालय में एक गरिमा कॉर्नर तैयार करें तथा समस्त छात्राओं के साथ माहवारी से संबंधित समस्याओं, उस समय स्वच्छता प्रबंधन आदि पर विस्तृत चर्चा करें और उक्त समय में आने वाली समस्याओं को दूर करें। साधना सिंह ने बच्चियों को पोषण से संबंधित जानकारी प्रदान की।

# संस्कार भारती की ग्रीष्मकालीन कार्यशाला का हुआ शुभारंभ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कला एवं साहित्य की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती द्वारा ग्रीष्मकालीन कार्यशाला का शुभारंभ नगर के मदन मोहन कनोड़िया जूनियर बालिका विद्यालय लोहाई रोड पर हुआ। प्रथम दिवस लगभग 125 बच्चों रजिस्ट्रेशन करवाया।

कार्यशाला का शुभारंभ मां सरस्वती माता की पूजन संस्कार भारती के प्रांतीय महामंत्री सुरेन्द्र पाण्डेय, अनुराग अग्रवाल, रवींद्र भदौरिया ने किया। संयोजक अनुराग अग्रवाल ने बताया कि ग्रीष्मकालीन कार्यशाला 21 मई से 20 जून तक चलने वाली कार्यशाला का विधिवत उद्घाटन 23 मई नगर के मदन मोहन कनोड़िया जूनियर बालिका विद्यालय लोहाई रोड में आयोजित की जाएगा। कार्यशाला में कथक, मेंहदी, सौंदर्य कला, चित्र कला, डिज़ाइनर सिलाई, नाट्य कला, मूर्ति कला, नृत्य लोक नृत्य आदि विधाओं का कुशल प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अध्यक्ष अनिल प्रताप सिंह, सचिव गौरव मिश्रा, अरविंद दीक्षित, अभिषेक श्रीवास्तव, कुलभूषण श्रीवास्तव, अनुभव सास्वत, कुलदीप शर्मा आदि ने व्यवस्था संभाली। इस अवसर पर नरेंद्र नाथ मिश्रा, रजनी लौंगवानी, पारुल सैनी, किरण त्रिवेदी, चित्रा अग्निहोत्री, शिल्पी रस्तोगी, पद्मावती, हेमलता श्रीवास्तव, पारुल सैनी, कु0 मोनिका गुप्ता, पूनम मौर्य, कविता शुक्ला आदि उपस्थित रहे।


कार्यशाला में मौजूद छात्रायें व प्रशिक्षक

# व्यापारियों ने कायमगंज की समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन


ज्ञापन देने के बाद जानकारी देते व्यापारी

**फर्रुखाबाद/कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

गुरुवार को भारतीय उद्योग व्यापार मंडल का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष आदेश अग्निहोत्री के नेतृत्व में जिलाधिकारी से मिला और उनको 8 सूत्री मांग पत्र सौंपा। जिसमें कायमगंज शहर की प्रमुख समस्याओं से अवगत कराया गया। युवा जिलाध्यक्ष सन्देश अग्रवाल ने ई-रिक्शे के रूट निर्धारण और वनवे करने की मांग उठाई। मंडी में आग लग जाने के कारण पीड़ित व्यापारियों को मुआवजा देने की मांग की। कायमगंज मण्डी समिति में पानी की टंकी को चालू कराकर पूरी मण्डी में कनेक्शन दिये जाये।

कायमगंज में फायर ब्रिगेड की गाड़ियों का स्थान चयन कर परमानेंट व्यवस्था की जाये। व्यापारियों को बिजली व्यवस्था करायी जाये, जिससे व्यापारियों को मण्डी को कोई परेशानी न हो। मैन चौराहा रेलवे रोड पर जो सड़क जटवारा के लिए जाती है उसका पूरा बनवाया जाये। कई समस्याओं को जिलाधिकारी के सामने रखा गया। प्रतिनिधिमंडल में जिलाध्यक्ष आदेश अग्निहोत्री, अनुपम अग्रवाल, सन्देश अग्रवाल, प्रबल माहेश्वरी, ऋषभ पालीवाल, ऋषि बंसल, अर्पण अग्रवाल, अमन जैन, संदीप सक्सेना, विशाल सिंह, अमरदीप सिंह मौजूद रहे।



स्व. राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते कांग्रेसी

# कांग्रेसियों ने मनाई पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला कांग्रेस कार्यालय नगला दीना फतेहगढ़ में जिलाध्यक्ष शकुंतला देवी की अध्यक्षता में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनाई गयी। कांग्रेसियों ने स्व0 राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया और उनके द्वारा किये गये कार्यों पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर आसिफभाई, हिलाल शफीकी, वरुण त्रिपाठी, अमर अली, पीयूष राठौर, तारिक बशीर, मनोज कुमार, अंकित पाठक, राकेश राठौर, इजहार खान आदि मौजूद रहे।

# कलार्पण द्वारा कथक कार्यशाला का हुआ शुभारंभ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कला एवं साहित्य की अखिल भारतीय संस्था कलार्पण के द्वारा संस्कृति विभाग प्रदेश सरकार के निर्देशन में कथक कार्यशाला का शुभारंभ डिवाइन लाइट पब्लिक स्कूल कुटरा फतेहगढ़ में हुआ। मुख्य अतिथि डॉ0 भारत चंद्र गौड़, विशिष्ट अतिथि विद्यालय प्रबंधक राकेश श्रीवास्तव एवं धर्मपाल सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में संगीत विधा संयोजक इशांत मिश्रा ने ध्येय गीत का किया।


कार्यक्रम में मौजूद बच्चे व प्रशिक्षक

मुख्य अतिथि डॉ0 भारत चंद्र गौड़ ने कहा कि कला हर क्षेत्र में हमेशा काम आती है। कला वैयक्तिक विकास होता है, कलाकार कला के प्रति जीवन भर समर्पित होकर कार्य करता है। उन्होंने बताया कि किसी समय में आचार्य ओम प्रकाश मिश्र कंचन के द्वारा ग्रीष्म कालीन कार्यशाला की शुरुआत की गई थी, जो आज भी चल रही है। प्रबंधक राकेश श्रीवास्तव ने कहा कि जीवन में कला का होना बेहद जरूरी होता है। ग्रीष्म कालीन कार्यशाला में यह प्रयास बच्चों के भविष्य को उज्ज्वल बनाता है। प्रशिक्षक शिवानी कटियार ने कहा कथक एक परंपरारिक शास्त्रीय नृत्य है, भाव नृत्य भी कहां जाता है। इसमें अभिनय की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। संचालन विशाल श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर राम मोहन शुक्ला, राज गौरव पाण्डेय, अमित सक्सेना, मनोज कश्यप, दिलीप कश्यप, सत्या सिंह, धीरज मौर्य, कृष्णा, सुधांशु आदि लोग मौजूद रहे।

## नगर में बौद्ध अनुयायियों ने निकाली धम्म यात्रा


धम्म यात्रा निकालते अनुयायी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर के मंझना रोड से गुरुवार दोपहर बौद्ध अनुयायियों ने धम्म यात्रा का आयोजन किया। धम्म यात्रा की शुरुआत भंते के द्वारा भगवान गौतम बुद्ध की मूर्ति की पूजा अर्चना कर की गई। धम्म यात्रा को डीजे पर बज रहे गीतों के साथ मुख्य बाजार मार्ग पर घुमाया गया। धम्म यात्रा में रथों पर गौतम बुद्ध, सम्राट अशोक, ज्योतिराव फुले, सावित्री बाई फुले, संत गाडगे जी महाराज, रामास्वामी नायकर पेरियार, डॉ0 भीमराव आंबेडकर व ललई सिंह यादव की प्रतिमाओं को रखा गया। धम्म यात्रा में डीजे पर बज रहे गीतों पर युवाओं ने पंचशील का ध्वज लहराकर जमकर नृत्य किया। धम्म यात्रा को बाईपास मार्ग से होते हुए नवाबगंज फर्रुखाबाद मार्ग पर स्थित ब्लॉक कार्यालय के निकट ले जाया गया। यहां यात्रा का समापन किया गया। धम्म यात्रा आयोजक धर्मपाल बौद्ध, कमल सिंह शाक्य, राय सिंह शाक्य, जमादार सिंह, अरविंद शाक्य, राधेश्याम, अनूप शाक्य, सभासद प्रतिनिधि अनिल कुमार शाक्य, नीरज कुशवाहा आदि बौद्ध अनुयायियी मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों को विस्तार से दी गई आपरेशन सिंदूर की जानकारी

**देश की सुरक्षा केवल सेना की नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य: कैप्टन**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

द सिख लाइट इन्फेंट्री रेजीमेंटल सेंटर के तत्वावधान में कैप्टन पीयूष पांडेय द्वारा देवी दयाल उमाशंकर पब्लिक स्कूल में ऑपरेशन सिंदूर विषय पर एक व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कक्षा प्रथम से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। व्याख्यान के दौरान विद्यार्थियों को भारतीय सेना की वीरता, साहस एवं रणनीतिक क्षमता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कैप्टन पीयूष पांडेय ने बताया कि किस प्रकार भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत पाकिस्तान को प्रभावी जवाब देते हुए विभिन्न आतंकी ठिकानों और रणनीतिक स्थानों पर सटीक कार्रवाई की। उन्होंने आधुनिक सैन्य तकनीक, समन्वित हमलों तथा सेना की अनुशासित कार्यप्रणाली पर भी प्रकाश डाला। विद्यार्थियों को यह भी बताया गया कि देश की सुरक्षा केवल सेना की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का भी कर्तव्य है। राष्ट्रप्रेम, अनुशासन, जागरूकता एवं एकता के माध्यम से आम नागरिक भी देश की सुरक्षा और प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। विद्यार्थियों ने भारतीय सेना के प्रति सम्मान एवं गर्व व्यक्त किया।


कार्यक्रम में मौजूद सैन्य अधिकारी व विद्यार्थी

# ग्रीष्मकालीन कार्यशाला में विद्यार्थियों को दिया जा रहा विभिन्न प्रकार का प्रशिक्षण


कार्यशाला में मौजूद छात्रायें

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

शकुन्तला देवी शिक्षण संस्थान में ग्रीष्मकालीन कार्यशाला का शुभारम्भ हुआ। जिसमें बच्चों को इंग्लिश स्पीकिंग, क्राफ्ट वर्क, योगा, फेस पेन्टिग, जुम्बा नृत्य, क्लासिकल नृत्य, सौन्दर्य कला पार्लर, कम्प्यूटर, पोट मेंकिग, वाद्ययन्त्र, सिलाई, साड़ी पैंकिग, व्यक्तित्व विकास, मेंहदी आदि का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

शकुन्तला देवी बालिका संस्थान में ग्रीष्मकालीन कार्यशाला का शुभारम्भ हुआ। मुख्य अतिथि पराग अग्रवाल एवं दीपा अग्रवाल ने फीता काटकर कार्यशाला का उद्घाटन किया। कई विधाओं का प्रशिक्षण दिया गया। बच्चों को प्रेरित करने के के लिए व्यक्तित्व विकास क्लास का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य सुतीक्षण श्रीवास्तव ने बच्चों को बताया कि जीवन में अनुशासन और संस्कार बेहद जरूरी है, यदि व्यक्ति के जीवन से इन दोनों को हटा दिया जाए तो इस प्रकार के लोगों का समाज में कोई महत्व नहीं होगा। प्रबन्धिका मोनिका अग्रवाल ने बताया कि इस कैम्प का उद्देश्य बच्चों में छिपी हुई प्रतिभाओं को निखारना है, उन्हें स्वस्थ और रोगमुक्त रखना है। कैम्प में कुशल कोरियोग्राफर द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कैम्प में विद्यालय की छात्राओं के अतिरिक्त बाहर की छात्राएं और इच्छुक महिलायें प्रतिभाग कर सकती हैं। सभी बच्चों ने पूर्ण उत्साह के साथ प्रशिक्षिण लिया। इस अवसर संयोजक ममता सिंह, लक्ष्मी गंगवार, शिल्की मिश्रा, विकास श्रीवास्तव, कमला गंगवार, प्रिया द्विवेदी, शोभा यादव, सुरभि श्रीवास्तव, शायना खान, गुजन, भूमिका सक्सेना, मोनी भारद्वाज मौजूद रहे।

## तीन दिवसीय राजयोग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय ओमनिवास सेवा केंद्र जटवारा जदीद अंगूरी बाग द्वारा 22 से 24 मई तक तीन दिवसीय राजयोग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का उद्देश्य सकारात्मक सोच, मानसिक शांति, आंतरिक शक्ति एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति लोगों को जागरूक करना है। कार्यक्रम के प्रथम दिन 22 मई को मौन डे मनाया जाएगा।

जिसमें राजयोग मेडिटेशन एवं सकारात्मक चिंतन के माध्यम से मन की शांति और आत्मिक शक्ति की अनुभूति कराई जाएगी। 23 मई को हेल्थ डे के अंतर्गत योग, एक्सरसाइज एवं विभिन्न एक्टिविटीज के माध्यम से स्वस्थ जीवन का संदेश दिया जाएगा। 24 मई को अंतरराष्ट्रीय ब्रदर्स डे पर खुशहाल जीवन एवं भाईचारे की भावना को बढ़ावा देने हेतु विशेष कार्यक्रम एवं राजीखुशी ब्रह्माभोजन का आयोजन किया जाएगा। शिविर प्रतिदिन प्रातः 4 बजे से सायं 6 बजे तक चलेगा।

# डिप्टी सीएमओ ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

**आयुष्मान कार्ड बनाने में लापरवाही बरतने वालों पर होगी कार्रवाई**

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

डिप्टी सीएमओ डॉ0 रजन गौतन गुरुवार दोपहर को कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुँचकर औचक निरीक्षण किया। जहाँ उन्होंने आयुष्मान कार्ड बनाने की धीमी प्रगति पर लापरवाही बरतने वाली आशा बहुओं पर कार्रवाई की चेतावनी दी। डिप्टी सीएमओ डॉ0 रंजन गौतम ने चिकित्सा प्रभारी विपिन और वीसी पीएम विनय मिश्रा सहित आशा बहुओ के साथ बैठक कर उन्होंने क्षेत्र में आयुष्मान कार्ड बनाए जाने की प्रगति की समीक्षा की। डिप्टी सीएमओ रजन गौतम ने आशा बहुओ को निर्देश दिए कि जिन पात्र लोगों के आयुष्मान कार्ड अभी तक नहीं बन पाए है, उन्हे प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र बनवाया जाए। उन्होंने कहा आशा बहुओ के अपने परिवार के सदस्यों के कार्ड भी लंम्बित है, जिन्हे तत्काल बनवाया जाए। डिप्टी सीएमओ ने चिकित्सा प्रभारी शोभित शाक्य को निर्देश देते हुए कहा कि आशा बहू इस कार्य में लापरवाही या शिथिलता बरतने पर उसकी रिपोर्ट तत्काल भेजी जाए, ताकि ऐसी आशा बहुओ की सेवा समाप्त की जायेंगी। उन्होने ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की साफ सफाई की व्यवस्था को दुरुष्त कराने के निर्देश दिए। उन्होंने आशा बहुओ की आपरेटर आईडी बनाए जाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आईडी बनने के बाद आशा बहुए अपने अपने गांव मे जाकर स्वय आयुष्मान कार्ड बना सकेगी। जिससे कार्य में तेजी आएगी। इस दौरान चिकित्सा प्रभारी विपिन कुमार, ब्लाक मैनेजर मोहित गंगवार, वीसी पीएम विनय मिश्रा आदि मौजूद रहा।


स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करते डिप्टी सीएमओ

## गायत्री इंटरनेशनल स्कूल में कराटे चयन प्रक्रिया का हुआ समापन


कराटे चयन प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गायत्री इंटरनेशनल स्कूल आवास विकास नियर मिशन कंपाउंड में जिला कराटे प्रतियोगिता के लिए ट्रायल सम्पन्न हुआ। कराटे प्रतियोगिता का शुभारम्भ स्कूल डाइरेक्टर प्राची अग्रवाल, देवांश अग्रवाल, प्रधानाचार्या और अकादमी हेड आभा पटेल ने किया। स्कूल डाइरेक्टर देवांस अग्रवाल और प्रधानचर्या ने बताया कि जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता की चयन प्रक्रिया सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता कोच पुष्कर भारद्वाज के द्वारा सम्पन्न हुई। चयन प्रक्रिया के बाद लगभग 200 बच्चों ने भाग लिया। जिसमें लाभग 50 बच्चों ने गोल्ड मेडल निकलकर अपने स्कूल का नाम रोशन किया।

कोच पुष्कर भारद्वाज ने बताया कि बच्चों ने गोल्ड मेडल प्राप्त किये है। वही जिला लेवल होने वाली कराटे प्रतियोगिता में भाग लेंगे। स्कूल चेयरमैन मनोज अग्रवाल व वत्सला अग्रवाल ने बधाई दी है।

# तीन माह का वेतन न मिलने पर संविदा कर्मियों की हड़ताल जारी


विरोध प्रदर्शन करते संविदा कर्मी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

कायमगज सामुदायिक स्वास्थ्य पर तैनात एन.एच.एम. संविदा कचारियो को पिछले 3 माह से वेतन न मिलने के कारण एन.एच.एम. प्रदेश अध्यक्ष व जिलाध्यक्ष के निर्देशो के क्रम में नो वर्क की तर्ज पर प्रदेशव्यापी अनिश्चित कालीन हड़ताल आरम्भ की गयी। जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कायमगंज के सम्मस्त एन.एच.एम. संविदा कर्मचारियों द्वारा हड़ताल कर नारे लगाते हुए कहा कि जब तक वेतन भुगतान नहीं किया जाता है तब तक हमारे द्वारा कार्य बहिष्कार किया गया। हड़ताल के दौरान डॉ. नदीम इकवाल, गौरव कुमार, डॉ. प्रवल शाकर, डॉ. अनुपम राजपूत, डॉ. रजनिलता, अतीत कुमार, संजीत कुमार, डाटा आपरेटर राजपाल, एल.टी शिवकुमार, राजीव कुमार, हेमलता, शीनू चौहान, परिवार नियोजन काउन्सलर ममता, स्टॉप नर्स ज्योती गुप्ता, काउन्सलर निर्दोष आदि अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## मुख्य आरक्षी का राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** मुख्य आरक्षी की मौत के बाद पार्थिव शव पहुंचने पर अटेना घाट पर राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कराया गया। जनपद बरेली में तैनात मुख्य आरक्षी सूरज पुत्र रामौतार सिंह निवासी घसिया चिलौली थाना कायमगंज की 20 मई को बरेली में इलाज के दौरान मौत हो गयी थी। जिनका पार्थिव शव गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। गुरुवार को पार्थिव शव का अटेना घाट पर राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कराया गया। जिसमें क्षेत्राधिकारी कायमगंज, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली, थानाध्यक्ष कम्पिल व पुलिस बल मौजूद रहा।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद फर्रूखाबाद-फतेहगढ़।

पत्रांक 241/1-30/2026-27 दिनांक- 19.05.2026

### विज्ञप्ति प्रकाशन

उत्तर प्रदेश शासन द्वारा कार्यालय नगर पालिका परिषद, फर्रूखाबाद की सीमान्तर्गत 23 नवम्बर, 2025 द्वारा जारी गजट में उल्लिखित सं0 948/ओ.एस./2025-26 उत्तर प्रदेश पालिका अधिनियम, 1916 की धारा 298 की सूची 1 (ज) की उपधारा "ख" एवं "ग" के द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए "लोक सुरक्षा और सुविधा" के दृष्टिगत यातायात के विनियमन एवं पालिका के राजस्व वृद्धि हेतु नगर पालिका परिषद, फर्रूखाबाद सीमान्तर्गत "बस/ट्रक/टैक्सी/अन्य वाहनों हेतु पार्किंग शुल्क उपविधि-2025" बनायी गयी है। जिसका क्रियान्वयन गजट में प्रकाशित सूची के अनुसार किया जाना है। निम्नवत् है।

| क्र.सं. | वाहनों के प्रकार | अधिकत्तम दरें |
|---|---|---|
| 1 | कार (एक से आठ घण्टे तक) | 100.00 |
| 2 | मोटरसाईकिल (एक से आठ घण्टे तक) | 20.00 |

उपरोक्त लालसराय पानी की टंकी सरकारी पार्किंग हेतु कुल जगह 32.00 X 22.60 मी. में पार्किंग तैयार है, जिसकी बस/ट्रक/टैक्सी/अन्य वाहनो हेतु पार्किंग शुल्क उपविधि-2025 के अनुसार वाहनों (कार, मोटर साईकिल) के स्वामी निर्धारित शुल्क जमा करते हुये निर्धारित समय के लिये अपना वाहन खड़ा कर सकते है व पार्किंग की सुविधा प्राप्त कर सकते है।

उक्त कार्य नगर पालिका परिषद, फर्रूखाबाद आउटर्सोस कर ठेकेदारी प्रथा से वित्तीय वर्ष 2026-27 की शेष अवधि के लिए संचालित करना चाहती है। इच्छुक व्यक्ति/फर्म दिनांक 01.06.2026 को निविदा देने हेतु प्रकाशन की तिथि से निविदा प्रपत्र दिनांक 30.05.2026 तक क्रय निर्धारित तिथि दिनांक 01.06.2026 को समय 4:00 बजे तक निकाय कार्यालय मे रखें निविदा बाक्स मे निविदा डाल सकते है। प्राप्त निविदाएं दिनांक 02.06.2026 को ठेकेदार/फर्म/व्यक्तियों के समक्ष अपरान्हः 11:00 बजे खोली जायेगी। निविदा को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार पालिका के सक्षम अधिकारी को सुरक्षित रहेगा। निविदा की नियम/शर्ते बस/ट्रक/टैक्सी/अन्य वाहनो हेतु पार्किंग शुल्क उपविधि-2025 के अनुसार होंगी जो किसी भी कार्यालय दिवस मे उपस्थित होकर देखी जा सकती है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | निविदा मूल्य + जी.एस.टी. | धरोहर राशि | अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | लालसराय पानी की टंकी सरकारी पार्किंग हेतु कुल जगह 32.00 X22.60 मी. में वाहनों (कार, मोटर साईकिल) पार्किंग की सुविधा हेतु। | 500 | 5000.00 | |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद,**
**फर्रूखाबाद।**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद,**
**फर्रूखाबाद।**

समृद्धि न्यूज़
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समृद्ध समाज का आधार



## खबरें एक नजर में

### संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता का शव पेड़ से लटका मिला, क्षेत्र में सनसनी

**निघासन-खीरी।** कोतवाली निघासन क्षेत्र के रकेहटी देहात स्थित चिडिमारनपुरवा गांव में गुरुवार सुबह एक विवाहिता का शव गन्ने के खेत में शीशम के पेड़ से लटकता मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार गांव निवासी छोटेलाल की पत्नी रीता (30) बुधवार रात करीब दस बजे अचानक घर से लापता हो गई थी। देर रात तक घर न लौटने पर परिजनों ने आसपास के गांवों तथा रिश्तेदारियों में उसकी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका। गुरुवार सुबह ग्रामीणों ने घर से करीब 400 मीटर दूर गन्ने के खेत में शीशम के पेड़ से महिला का शव लटकता देखा। देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों के मुताबिक महिला ने साड़ी का फंदा बनाकर आत्महत्या की है। सूचना मिलते ही सीओ निघासन शिवम कुमार, कोतवाल अवधराज सेंगर तथा एसआई अर्जुन कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच में जुटी हुई है।

### वैष्णवी चेस अकैडमी के मार्गदर्शक बने राष्ट्रीय निर्णायक, जिले में खुशी की लहर



**लखीमपुर खीरी।** जनपद के लिए गर्व का विषय है कि आवास विकास कॉलोनी स्थित वैष्णवी चेस अकैडमी के मार्गदर्शक चंद्र प्रकाश पटवा ने राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए राष्ट्रीय निर्णायक (नेशनल आर्बिटर) बनने का गौरव प्राप्त किया है। उनकी इस सफलता से शतरंज प्रेमियों और खेल जगत में खुशी की लहर दौड़ गई है। जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश शतरंज संघ द्वारा अखिल भारतीय शतरंज संघ के सहयोग से मार्च माह में राजधानी लखनऊ में नेशनल ऑर्बिटल सेमिनार परीक्षा का आयोजन किया गया था। इस परीक्षा में देश के सात राज्यों से चयनित 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया था। कठिन प्रतियोगिता और तकनीकी परीक्षण के बाद श्री चंद्र प्रकाश पटवा ने सफलता प्राप्त कर राष्ट्रीय निर्णायक का दर्जा हासिल किया। वैष्णवी चेस अकैडमी के सेक्रेटरी श्री अभिषेक पटवा ने बताया कि यह उपलब्धि केवल अकैडमी ही नहीं बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि शतरंज जैसे बौद्धिक खेल को बढ़ावा देने के लिए वैष्णवी चेस अकैडमी लगातार कार्य कर रही है और प्रदेश के विभिन्न जनपदों में प्रतिभाओं को आगे लाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अकैडमी समय-समय पर प्रतियोगिताओं, प्रशिक्षण शिविरों और जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कर बच्चों एवं युवाओं को शतरंज से जोड़ने का कार्य कर रही है। संस्था का उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाना है। श्री चंद्र प्रकाश पटवा की इस सफलता पर खेल प्रेमियों, शिक्षकों, अभिभावकों और स्थानीय नागरिकों ने उन्हें बधाई दी है। लोगों का कहना है कि उनकी उपलब्धि जिले के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी और आने वाले समय में अधिक बच्चे शतरंज के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित होंगे।

### कच्चे मकान के बास में गमछे के सहारे युवक ने लगायी फांसी

**हलिया मिर्ज़ापुर।** लालगंज थाना क्षेत्र के दुबार कलां चौकी अंतर्गत गड़बड़ कलां गांव में पत्नी से विवाद के बाद एक 28 वर्षीय युवक ने बीती देर रात कच्चे मकान में बांस के सहारे गमछे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अग्रिम विधिक कार्रवाई में जुट गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार लालगंज थाना क्षेत्र के दुबार कलां चौकी अंतर्गत गड़बड़ कलां गांव निवासी दिनेश कोल पुत्र रामप्रसाद कोल उम्र 28वर्ष बीती देर रात कच्चे मकान में बांस के सहारे गमछे से फंदा लगाकर झूल गया। परिजनों को जानकारी होने पर आनन-फानन युवक को फंदे से नीचे उतारा। लेकिन तब तक युवक की मौत हो चुकी थी। परिजनों के अनुसार बीती देर रात पति-पत्नी में कुछ विवाद हुआ था जिससे युवक नाराज होकर आत्महत्या कर लिया। सूचना पर पहुंचे चौकी प्रभारी कुंवर मनोज कुमार सिंह मय पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गए। इस संबंध में चौकी प्रभारी कुंवर मनोज कुमार सिंह ने बताया कि एक 28 वर्षीय युवक ने फांसी के फंद्दे पर झूल कर अपनी जान दे दिया है।

### नवनिर्मित थाना कोतवाली देहात से विधिवत कार्य संचालन का हुआ शुभारंभ



**प्रतापगढ़।** नवनिर्मित थाना कोतवाली देहात से विधिवत कार्य संचालन प्रारंभ कर दिया गया है। भूमि पूजन एवं विधिवत कार्य का शुभारंभ नवस्थापित थाना परिसर में गुरुवार को प्रातः विधि विधान के साथ भूमि पूजन अनुष्ठान संपन्न हुआ। इस अवसर पर विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, विधायक विश्वनाथगंज जीतलाल पटेल, जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर की उपस्थिति में थाना कोतवाली देहात के अंतर्गत आधिकारिक रूप से पुलिसिंग कार्यों का संचालन प्रारंभ किया गया। इस दौरान डीएम एवं एसपी ने नवस्थापित कार्यालयों, मालखाना, हवालात, कंप्यूटर कक्ष तथा विशेष रूप से जनसुनवाई कक्ष की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और निर्देश दिया कि प्राप्त शिकायतों का त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए ताकि आमजन का पुलिस के प्रति विश्वास और सुदृढ़ हो सके। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) आलोक कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) बृजनन्दन राय, उपजिलाधिकारी सदर अनुष्का शर्मा, सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर प्रशान्त राज, क्षेत्राधिकारी रानीगंज विनय प्रभाकर साहनी, क्षेत्राधिकारी लाइन शिवनारायण वैस एवं थाना प्रभारी उदयपुर/सहायक पुलिस अधीक्षक मो. आफताब आलम (परिवीक्षाधीन आईपीएस) सहित जनपद के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### सीबीएसई कक्षा 10 सामाजिक विषय की परीक्षा सकुशल संपन्न

**प्रतापगढ़।** सीबीएसई कक्षा-10 सामाजिक विज्ञान की आयोजित परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न हो गई। आयोजित परीक्षा में जनपद 4 केंद्रों न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल प्रतापगढ़, संस्कार ग्लोबल स्कूल टेकंगा प्रतापगढ़ ,आइंस्टीन पब्लिक स्कूल लालगंज एवं जमुना मालती गुरुकुलम पब्लिक स्कूल कालाकांकर पर 478 में से कुल 418 छात्र शामिल हुए जबकि 60 छात्र अनुपस्थित रहे।सिटी कोऑर्डिनेटर सीबीएसई तथा प्रिंसिपल न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल विपिन कुमार सोनी के अनुसार सभी केंद्रों पर सीबीएसई के दिशा-निर्देशों के अनुसार कड़ी निगरानी में तथा पर्यवेक्षकों की उपस्थिति में परीक्षा कराई गई। केंद्र व्यवस्थापकों के अनुसार परीक्षा के दौरान कोई भी अनुचित साधन का प्रयोग नहीं पाया गया। चेयरपर्सन डॉक्टर शाहिदा ने बताया कि इसी के साथ कक्षा 10 वीं की दूसरी बोर्ड परीक्षा का समापन हो गया।

### आधारशिला वृद्धाश्रम में क्षय रोग शिविर में 111 लोगों की हुई जांच



**महराजगंज।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनकटी फरेंदा अन्तर्गत आधारशिला वृद्धाश्रम पर 100 दिवसीय क्षय रोग मुक्त अभियान के अंतर्गत अधीक्षक डॉक्टर एमपी सोनकर के नेतृत्व में जांच शिवर लगाया गया जिसमें कुल 111 लोगों की स्वास्थ्य की जांच, क्षय रोग की जांच एवं सभी लोगों का एक्सरे किया गया, साथ जांच में उपस्थित डॉ. पवन कुमार वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक केशव शुक्ला, वरिष्ठ प्रयोगशाला पर्यवेक्षक अर्जुन सिंह , प्रदीप कटियार, विमलेश कुमार, CHO अमिशा , CHO विक्रम, CHO सीमा टिग्गा, CHO आजाद मिश्रा, &-ray टेक्निशियन कमलेश चौरसिया, इरशाद मोहम्मद, रोहित जायसवाल, सुरेश कुमार, नीतीश कुमार एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

### पुलिस ड्यूटी प्वाइंट से चंद कदम दूर गुमटी का ताला तोड़ नकदी और सामान चोरी

**महराजगंज।** चौक थाना क्षेत्र के नगर पंचायत चौक में कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े करने वाली एक सनसनीखेज चोरी की घटना सामने आई है। ठेकी चौराहे पर गंभीरनाथ मूर्ति के समीप स्थित एक सैनी की गुमटी दुकान को मंगलवार देर रात अज्ञात चोरों ने निशाना बना लिया। हैरानी की बात यह रही कि घटना स्थल से महज कुछ कदम की दूरी पर पूरी रात पुलिस की ड्यूटी लगी रहती है, इसके बावजूद चोर बेखौफ होकर दुकान का ताला तोड़ते रहे और नकदी सहित हजारों रुपये का सामान समेटकर फरार हो गए। नगर पंचायत चौक निवासी सिंहासन सैनी ठेकी चौराहे पर फूल-माला, पान, गुटखा और दैनिक उपयोग की वस्तुओं की छोटी गुमटी दुकान चलाकर अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं। रोज की तरह मंगलवार रात वह दुकान बंद कर घर चले गए थे। बुधवार सुबह जब वह दुकान खोलने पहुंचे तो टूटा हुआ ताला और अंदर बिखरा सामान देखकर उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। पीड़ित के मुताबिक चोर दुकान में रखी नकदी, रुपये की माला, पान-गुटखा समेत करीब 18 हजार रुपये का सामान उठा ले गए।

## मुख्यमंत्री विकास योजना के तहत ग्रामीण विकास को मिली नई रफ्तार

# जहानपुर से बाईपास तक बनेगी 500 मी. सड़क

- गोला विधायक अमन गिरी ने भूमि पूजन कर किया शुभारंभ

**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को लगातार गति दी जा रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री समिति योजना के तहत विकासखंड कुम्भी अंतर्गत ग्राम पंचायत गोला देहात में जहानपुर गांव से मुख्य बाईपास तक बनने वाली सड़क का भूमि पूजन स्थानीय विधायक अमन गिरी ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत रूप से किया। बता दे बीते कई दशकों से सड़क काफी जर्जर स्थिति में थी। ग्राम प्रधान राजेश गिरी एडवोकेट की पहल पर शुरू हुए इस सड़क निर्माण कार्य को क्षेत्र के ग्रामीण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। प्रधान राजेश गिरी ने बताया कि जहानपुर गांव में चक्की से लेकर बाईपास तक लगभग 500 मीटर सड़क का निर्माण कराया जाएगा, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और किसानों को अपने कृषि उत्पाद बाजार व मंडी तक पहुंचाने में आसानी होगी।

भूमि पूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक अमन गिरी ने कहा कि प्रदेश सरकार गांवों को बेहतर सड़क, बिजली और अन्य मूलभूत सुविधाओं से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्रों में तेजी से विकास कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिलेगी और गांव के आर्थिक विकास को भी गति मिलेगी। ग्राम प्रधान राजेश गिरी एडवोकेट ने कहा कि ग्राम पंचायत गोला देहात में विकास कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराए जा रहे हैं। ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करने के लिए इस सड़क परियोजना को स्वीकृति दिलाई गई है। इस अवसर पर विजेंद्र गिरि, ललित वर्मा, व्योमकेश गिरि, श्रीराम शुक्ला, शिवबालक, बबलू, लाल बिहारी, कुंदन लाल, महेंद्र पाठक, अनीता शर्मा, नानक चंद्र वर्मा, आनंद सोनी, पंकज तिवारी, रक्षपाल, सुरेश, बबलू जायसवाल, रिंकू वर्मा, छोटू, अरविंद राज और मुकेश आनंद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए जूनियर इंजीनियर मनीष गिरि भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। भूमि पूजन के दौरान ग्रामीणों और महिलाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला तथा लोगों ने सड़क निर्माण शुरू होने पर खुशी जाहिर की।

## अनियंत्रित होकर हाईवे किनारे पलटी पिकअप, दो घायल

- अचानक हाईवे पर जानवर आने से हुआ हादसा, एक जिला अस्पताल रेफर



**ईसानगर, खीरी।** पीलीभीत-बस्ती मार्ग पर सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार दोपहर करीब 1 बजे ईसानगर थाना क्षेत्र के ग्राम बोझिया के पास एक पिकअप वाहन अचानक सामने आए जानवर को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। हादसे में दो लोग घायल हो गए, जिनमें एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार पिकअप वाहन संख्या क्क40 ञ्ज 2508 नकहा कस्बे से बहराइच जनपद के थाना मोतीपुर क्षेत्र की ओर जा रही थी। तभी ग्राम बोझिया के पास अचानक सड़क पर जानवर आ जाने से चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और पिकअप हाईवे किनारे पलट गई। हादसे में जाकिर पुत्र सद्दीक तथा रामखेलावन पुत्र छंगा घायल हो गए। सूचना मिलते ही डायल 112 और ईसानगर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खमरिया भेजा गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद जाकिर की हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जबकि रामखेलावन का इलाज जारी है। लगातार हो रहे सड़क हादसों से क्षेत्र के लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हाईवे पर तेज रफ्तार वाहनों, आवारा जानवरों और पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम न होने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। लोगों ने प्रशासन से प्रभावी कदम उठाने और आवारा पशुओं की रोकथाम की मांग की है, ताकि लगातार हो रहे हादसों पर अंकुश लगाया जा सके।

## तालाब में गिरी सिपाहियों की कार, बड़ा हादसा टला



**ईसानगर, खीरी।** सरकारी कार्य निपटाकर वापस ईसानगर थाना लौट रहे तीन सिपाहियों की कार बुधवार आधी रात खमरिया थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे-730 पर महरिया गांव के पास अनियंत्रित होकर तालाब में जा गिरी। गनीमत रही कि तालाब में पानी कम होने के कारण बड़ा हादसा टल गया और कार सवार सभी लोग सुरक्षित बच निकले। जानकारी के अनुसार ईसानगर थाना के कांस्टेबल पिंटू वर्मा, कांस्टेबल शुभम वाजपेई तथा चालक नफीस अहमद शासकीय कार्य से बाहर गए थे। कार्य पूरा कर वापस लौटते समय महरिया के पास अचानक सड़क पर जानवर आ गया। जानवर को बचाने के प्रयास में कार चालक नियंत्रण खो बैठा और वाहन सड़क किनारे तालाब में जा घुसा। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण और खमरिया पुलिस मौके पर पहुंच गई। स्थानीय लोगों की मदद से कार को तालाब से बाहर निकाला गया। हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। तीनों सिपाहियों को सुरक्षित थाने भेज दिया गया।

## शादी अनुदान में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, गरीब बेटियों को समय पर मिले मदद: जिलाधिकारी

- सैकड़ों आवेदन लंबित, डीएम ने अफसरों को दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



गरीब और जरूरतमंद परिवारों की बेटियों को शादी अनुदान का लाभ समय पर दिलाने को लेकर डीएम अंजनी कुमार सिंह ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि पात्र लाभार्थियों को पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से सहायता उपलब्ध कराना शासन की प्राथमिकता है और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

कलेक्ट्रेट में बुधवार को आयोजित जनपदीय अनुश्रवण समिति एवं शादी अनुदान स्वीकृति समिति की बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के तहत पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की ओबीसी शादी अनुदान योजना तथा समाज कल्याण विभाग की सामान्य एवं अनुसूचित जाति वर्ग की शादी अनुदान योजना की समीक्षा की गई। डीएम ने आवेदन पत्रों की जांच में सतर्कता बरतने, अपात्र आवेदनों को चिन्हित करने और पात्र मामलों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीबीडब्ल्यूओ अभय कुमार सागर ने बताया कि ओबीसी शादी अनुदान योजना में मार्च माह में 349 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 290 आवेदन अग्रसारित किए गए जबकि 59 आवेदन अपात्र पाए गए। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में ग्रामीण क्षेत्र में बीडीओ स्तर पर 919 और शहरी क्षेत्र में एसडीएम स्तर पर 41 आवेदन लंबित हैं। वहीं डीएसडब्ल्यूओ वंदना सिंह ने जानकारी दी कि सामान्य एवं अनुसूचित जाति वर्ग की शादी अनुदान योजना में ग्रामीण क्षेत्र में 713 तथा शहरी क्षेत्र में 26 आवेदन लंबित हैं। डीएम ने सभी लंबित आवेदनों की शीघ्र जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में पात्र आवेदनों पर विचार कर स्वीकृति भी प्रदान की गई। इस दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी और समिति सदस्य मौजूद रहे।

## अघोषित बिजली कटौती से फूटा गुस्सा, विद्युत उपकेंद्र पर ग्रामीणों और व्यापारियों का धरना

- रोस्टिंग के नाम पर रातभर बाधित हो रही आपूर्ति, ट्रांसफॉर्मर क्षमता बढ़ाने की मांग

**तिकुनिया-खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



क्षेत्र में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती और रात के समय बार-बार बाधित हो रही विद्युत आपूर्ति से नाराज ग्रामीणों व व्यापारियों का गुस्सा गुरुवार को फूट पड़ा। बड़ी संख्या में लोग तिकुनिया विद्युत उपकेंद्र पहुंच गए और धरना-प्रदर्शन करते हुए बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए व्यवस्था में तत्काल सुधार की मांग उठाई। ग्रामीणों का कहना था कि पिछले कई दिनों से तिकुनिया क्षेत्र में बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। दिन और रात में लगातार बिजली की आवाजाही बनी रहती है, जबकि रात के समय रोस्टिंग के नाम पर घंटों आपूर्ति बंद कर दी जाती है। भीषण गर्मी के बीच लगातार कटौती से लोगों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। घरों में लगे विद्युत उपकरण भी खराब होने लगे हैं। प्रदर्शन में शामिल लोगों ने बताया कि सबसे अधिक परेशानी बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को उठानी पड़ रही है। रात में बिजली न रहने से लोगों की नींद पूरी नहीं हो पा रही है, वहीं पेयजल संकट भी गहराने लगा है। व्यापारियों ने कहा कि बिजली कटौती के कारण दुकानों और छोटे कारोबार पर भी असर पड़ रहा है। तिकुनिया उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर रोस्टर शेड्यूल में बदलाव करने, उपकेंद्र पर लगे ट्रांसफॉर्मरों की लोड क्षमता बढ़ाने तथा जर्जर व पुराने तारों को तत्काल बदलने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। धरना-प्रदर्शन के दौरान उपकेंद्र पर काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। बाद में विद्युत विभाग के अधिकारियों ने जल्द सुधार का आश्वासन दिया, जिसके बाद प्रदर्शन समाप्त हो गया।

## ईंट लदे ट्रैक्टर से टकराकर बाइक चालक गंभीर रूप से घायल, जिला अस्पताल रेफर



**हलिया, मिर्ज़ापुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया लालगंज मार्ग पर मवई कला गांव में बुधवार की रात्रि ईट लदे ट्रैक्टर से टकराकर बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने घायल बाइक चालक को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक ने बाइक चालक के सिर व पैर में गंभीर चोट को देखकर जिला अस्पताल के लिए रेफ़र कर दिया है। लालगंज थाना क्षेत्र के महुलार गांव निवासी 30 वर्षीय मुलायम अपनी पत्नी 28 वर्षीय अनीता के साथ बाइक से अपने रिश्तेदार के घर गोलरा से वापस अपने घर लौट रहे थे की जैसे ही हलिया लालगंज मार्ग मवई कला गांव में पहुँचे की सामने से तेजगति से आ रहे ईट लदे ट्रैक्टर से टकराकर बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि बाइक सवार पत्नी बाल बाल बच गई मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने घायल बाइक चालक को निजी साधन ऑटो से उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक रीना पटेल द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बाइक चालक के सिर में गंभीर चोट को देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफ़र कर दिया है।

### वाटर फ्रीजर से करंट लगने से 8 वर्षीय बालक झुलसा, भर्ती

**हलिया, मिर्ज़ापुर।** लालगंज थाना क्षेत्र दुबार खुर्द गांव में वाटर फ्रीजर से करंट उतरने से 8 वर्षीय दीपांशु पुत्र लखनलाल गंभीर रूप से झुलस गया। हादसा पंचायत भवन में लगे वाटर फ्रीजर के पास हुआ। जानकारी के मुताबिक दीपांशु पानी भरने गया था। फ्रीजर में करंट उतर आया और वह उसकी चपेट में आकर वहीं बेहोश होकर गिर पड़ा। साथ मौजूद अन्य बच्चों के शोर मचाने पर ग्रामीण दौड़कर पहुंचे और आनन.फानन में बच्चे को उठाया। सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची। ईएमटी संतोष भारतीय और पायलट विनोद यादव ने तत्काल प्राथमिक उपचार देकर बच्चे को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज में भर्ती कराया। डॉक्टरों के मुताबिक दीपांशु का इलाज जारी है और हालत पर नजर रखी जा रही है।

## उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में आगामी त्योहारों को लेकर थाने पर बैठक



**हलिया, मिर्ज़ापुर।** आगामी त्योहार बकरीद व गंगा दसहरा को सकुशल संपन्न कराने हेतु उपजिलाधिकारी लालगंज अजीत कुमार की अध्यक्षता में हलिया थाना परिसर में गुरुवार की शाम पीस कमेटी बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, धर्मगुरुओं, जनप्रतिनिधियों एवं पुलिस प्रसाशन के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में उपजिलाधिकारी ने कहा कि त्योहार आपसी भाईचारा, सौहार्द और शांति का प्रतीक है। सभी लोग मिलजुल कर पर्व मनाएं। पर्व पर अफ्नाहे न फैलाये। अफवाहे फैलाने वालों पर कार्रवाई की जायेगा। थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने आश्वासन देते हुए कहा त्योहारों के दौरान क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखी जायेगी। संवेदनशील स्थानो पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जायेगी। बैठक में मौजूद लोगों ने प्रसाशन को शांति व्यवस्था बनाऐ रखने में सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान गुर्गी रमेश मौर्य, राजेश यादव, हरिशंकर मौर्य, धर्मेंद्र दुबे, मुबारक़ खान, पेस इमाम अब्दुल क्यूम, कुतबुद्दीन, चंदू, कोटार मंदिर से जयराम गिरि आदि मौजूद रहे।

## कृषि गोष्ठी में किसानों को बेहतर खेती के लिए दिए गए महत्वपूर्ण सुझाव

**हलिया, मिर्ज़ापुर, समृद्धि न्यूज़।**



क्षेत्र के महुगढ़ी गांव स्थित श्याम इंफ्रा स्वराज ट्रैक्टर एजेंसी में बुधवार को एक दिवसीय कृषि गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में किसानों को आधुनिक तरीके से खेती पर जोर दिया गया। क्षेत्रीय किसानों की मौजूदगी में स्वराज ट्रैक्टर कंपनी के स्टेट हेड मनोज दुबे स्टेट हेड सर्विस आशीष वर्मा व डीलर धीरज मिश्र ने भगवान गणेश की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।स्वराज ट्रैक्टर कंपनी की ओर से आए कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को आधुनिक कृषि यंत्रों, सरकारी सब्सिडी व बेहतर खेती के लिए आधुनिक तकनीकों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देकर जागरूक किया। कंपनी के स्टेट हेड सर्विस आशीष वर्मा ने किसानों को ट्रैक्टर की सर्विस एवं रखरखाव से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी दी। विशेषज्ञों ने किसानों को आसान ट्रैक्टर ऋण और सरकार द्वारा कृषि यंत्रों पर दी जा रही सब्सिडी और कृषि के अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में जानकारी दी। गोष्ठी में क्षेत्र के प्रगतिशील किसानों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। श्याम इंफ्रा स्वराज ट्रैक्टर एजेंसी के डीलर धीरज मिश्र ने किसान गोष्ठी में आए क्षेत्रीय किसानों के प्रति आभार व्यक्त किया।इस दौरान जोनल हेड महेश सचान एरिया मैनेजर रत्नेश शुक्ल, नीरज शुक्ला, स्टेट हेड इंप्लीमेंट अनिल यादव, जयशंकर प्रसाद मिश्र, पंकज मिश्र,ब्रांच मैनेजर लालगंज विवेक शुक्ला, संजय तिवारी क्षेत्रीय किसान गौरीशंकर दुबे, उमाकांत दुबे, हर्ष नारायण मिश्र, अमरेश मिश्र,अरूण तिवारी, सतीश शुक्ला, श्याम बहादुर पटेल, लल्लू यादव, विष्णु पाल, पृथ्वी पाल, दयाशंकर पांडेय आदि किसान मौजूद रहे।

## पूर्व प्रधानमंत्री की 35वीं पुण्य तिथि तकनीकी विकास दिवस के रूप में मनी



**महराजगंज।** आज जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 35वीं पुण्य तिथि जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा तकनीकी विकास दिवस के रूप में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन जिलाध्यक्ष विजय सिंह एडवोकेट के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। जिलाध्यक्ष विजय सिंह एडवोकेट ने कहा कि राजीव गांधी की नीतियां और विचार आज भी देश के विकास और लोकतंत्र को मजबूत करने की प्रेरणा देते हैं। नि. प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक प्रसाद ने कहा कि राजीव गांधी ने देश को आधुनिक भारत की दिशा देने का कार्य किया और सूचना तकनीक, पंचायती राज व्यवस्था तथा युवाओं को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया इसके अलावा मुख्य रूप से पूर्व प्रदेश महासचिव त्रिभुवननारायण मिश्रा, अजय सिंह, संदीप तिवारी, अनुज कुमार, जमील अहमद, अरविंद कुमार, महेंद्र सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## डीजल-पेट्रोल को लेकर चहुंओर मचा हाहाकार, साहब मौन

- पेट्रोल डीजल पाने को लेकर रतजगवां कर रहे हैं किसान

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**



जनपद के प्रत्येक तहसील क्षेत्रों में इन दिनों डीजल और पेट्रोल की बढ़ती महामारी से खेती किसानी को लेकर किसान पिसान हो रहे हैं जिससे अपनी धान की नर्सरी डालने को लेकर बेहद चिंतित हैं। वहीं डीजल पेट्रोल पाने को लेकर पेट्रोल पंपों पर इस चिलचिलाती धूप में लम्बी लाईन लगाने को लेकर लोग बेताब हैं रतजगवां कर डीजल पेट्रोल पाने को लेकर लम्बी लाईन लगाने में लोग कोताही नहीं कर रहे हैं फिर भी कोई जरूरी नहीं है कि पेट्रोल डीजल मिल ही जायेगा जिससे जनपद के प्रत्येक तहसीलों में डीजल पेट्रोल को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। लोगों कहना है कि जब भी खेती किसानी का समय आता है किसानों को खाद बीज, डीजल पेट्रोल के लिए जूझना पड़ता है दिन प्रतिदिन बढ़ते संकट से निजात दिलाने के लिए पक्ष विपक्ष का कोई राजनीतिज्ञ आगे आना नहीं चाहता है। आज यही कारण है कि गांव देहात की जनता नोटबंदी से लेकर अबतक लाईन लगाती ही चलीं आ रही है। चाहे गैस सिलेंडर हों,डीजल पेट्रोल हो, दिन प्रतिदिन बढ़ती किल्लत को लेकर जिम्मेदार अधिकारी जनता के घाव पर मरहम लगाना मुनासिब नहीं समझ रहे हैं।साहब की चुप्पी से हर छोटे बड़े पेट्रोल पंपों पर आये दिन मारपीट होती रहती है। इसी वजह से डीजल पेट्रोल का संकट दिनों-दिन गहराता जा रहा है। जनपद के पेट्रोल पंप एक ही दिन में ड्राई हो जातें हैं जिससे ब्लैकरों की चांदी कटनी शुरू हो जाती है।जिससे आम जनता, किसान, व्यवसायी व विद्यालयों सहित अन्य राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं लोगों का आरोप है कि डीजल और पेट्रोल रहते हुए भी उन्हें नहीं मिलता हैं। महराजगंज, निचलौल, पनियरा, ठुठीबारी, श्यामदेउरवा, सिसवा, फरेंदा,नौतनवां धानी, वृजमनगंज पुरन्दरपुर ,भैया फरेंदा, कोल्हुई व बहादुरी कस्बे के क्षेत्रों के बहुतायत पेट्रोल पंप डीजल पेट्रोल रहते हुए नहीं देते हैं जिससे और मारामारी मची हुई है बहुतायत संचालित पेट्रोल पंप सप्ताह सप्ताह भर संचालित नहीं हो रहें हैं।इसके बावजूद ईंधन की किल्लत कम होने का नाम नहीं ले रही है। किसानों का कहना है कि समय पर डीजल न मिलने से कृषि कार्य बाधित हो रहा हैं, जिससे आने वाली फसल पर भी असर पड़ सकता है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पूर्ति विभाग इस गंभीर समस्या को लेकर उदासीन बना हुआ है।